रांची, शुक्रवार | 19 जून 2026 | वर्ष-27, अंक-137, पृष्ठ-12
शुद्ध ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 05, संवत 2083 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/00155
मूल्य 2 रु.
ईश्वर में हमारा विश्वास
# राष्ट्रीय नवीन मेल
सत्यमेव जयते
www.rastriyanaveenmail.com
हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

31 वोट मिले बैजनाथ राम को

28 वोट मिले परिमल नाथवानी को

21 वोट मिले प्रणव झा को

# झारखंड से राज्यसभा के लिए एनडीए से परिमल व झामुमो से बैजनाथ निर्वाचित

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड से राज्यसभा की दो सीटों के लिए हुए चुनाव के नतीजे सामने आ गए हैं। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के उम्मीदवार बैजनाथ राम और एनडीए समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार परिमल नाथवानी को जीत हासिल हुई है, वहीं कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार प्रणव झा को पराजय का सामना करना पड़ा। आधिकारिक तौर पर परिणाम की घोषणा नहीं की गई है, लेकिन परिमल नाथवानी ने सोशल मीडिया पर अपनी जीत की जानकारी देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित एनडीए और भाजपा का आभार जताया है।

मतगणना के अनुसार, झामुमो प्रत्याशी बैजनाथ राम को 31 और भाजपा समर्थित परिमल नाथवानी को 28 वोट मिले हैं। उनके पक्ष में गिरे 2 वोट इनवैलिड करार दिए गए। कांग्रेस के प्रणव झा को 21 वोट मिले हैं। उनके पक्ष में किया गया एक वोट कैंसिल किया गया है। इस तरह राज्यसभा की दोनों सीटों पर मुकाबला कर रहे इंडिया गठबंधन और एनडीए समर्थित प्रत्याशी ने एक-एक सीट अपने खाते में दर्ज की।

परिमल नाथवानी ने सोशल मीडिया पर लिखा है कि राज्यसभा सदस्य के रूप में चौथी बार सेवा करने का अवसर मिलना उनके लिए गौरव और जिम्मेदारी का विषय है। उन्होंने कहा कि झारखंड से यह उनका तीसरा कार्यकाल होगा और वर्ष 2008 में इसी राज्य से उनकी संसदीय यात्रा शुरू हुई थी। नाथवानी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा नेतृत्व और एनडीए के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह झारखंड के हितों और विकास के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करते रहेंगे। इससे पहले विधानसभा परिसर में हुए मतदान में सभी 81 विधायकों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समेत सत्ता पक्ष और विपक्ष के सभी प्रमुख नेताओं ने मतदान किया। दिन का अंतिम वोट झामुमो नेता एवं मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने डाला। मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होने के बाद देर शाम मतगणना शुरू हुई और परिणाम घोषित किए गए। राज्यसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक हलकों में खास दिलचस्पी थी। इंडिया गठबंधन ने झामुमो के बैजनाथ राम और कांग्रेस के प्रणव झा को मैदान में उतारा था, जबकि एनडीए समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर परिमल नाथवानी चुनाव लड़ रहे थे। मतदान से पहले दोनों खेमों ने अपने-अपने विधायकों को एकजुट रखने के लिए बैठकें और रणनीतिक कवायद भी की थी।

## हेमंत सोरेन समेत सत्ता पक्ष और विपक्ष के सभी विधायकों ने किया मतदान





### सीएम से नव निर्वाचित राज्यसभा सांसद बैजनाथ राम ने की मुलाकात

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से गुरुवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में झारखंड से नव निर्वाचित राज्यसभा सांसद बैजनाथ राम ने सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बैजनाथ राम को राज्यसभा सदस्य निर्वाचित होने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विश्वास जताया कि संसद के उच्च सदन राज्यसभा में झारखंड की जन भावनाओं, जन अपेक्षाओं तथा जनहित एवं विकास से जुड़े मुद्दों को सशक्त रूप से रखने में बैजनाथ राम अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इस अवसर पर नव निर्वाचित राज्यसभा सांसद बैजनाथ राम ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्हें हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया। मौके पर मंत्री हफीजुल हसन, मंत्री सुदिव्य कुमार, विधायक कल्पना सोरेन, विधायक मथुरा प्रसाद महतो एवं विधायक उमाकांत रजक उपस्थित रहे।

### राजद विधायक गद्दार नहीं, कांग्रेस का आरोप निराधार : संजय यादव

झारखंड कांग्रेस प्रभारी के. राजू ने आरोप लगाया कि कांग्रेस उम्मीदवार को केवल पार्टी के 16 विधायकों और झामुमो का साथ मिला, जबकि इंडिया गठबंधन में शामिल राजद और भाकपा-माले के विधायकों का समर्थन नहीं मिला। उन्होंने इशारों में राजद विधायकों पर क्रॉस वोटिंग करने का संदेह जताया। इस आरोप पर राजद विधायक सह मंत्री संजय प्रसाद यादव ने तीखा पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि के. राजू को पहले यह स्पष्ट करना चाहिए कि कांग्रेस के किस विधायक ने क्रॉस वोटिंग की है। संजय यादव ने सवाल उठाया कि जब के. राजू स्वयं अपने विधायकों के लगातार संपर्क में थे, तो क्या उन्होंने देखा कि भीतर वास्तव में क्या हो रहा था। संजय यादव ने कहा कि चुनाव में कोई भी गठबंधन इधर-उधर कर सकता है, लेकिन राजद के विधायक ऐसा कभी नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव और कार्यकारी अध्यक्ष तेजस्वी यादव ने हमेशा गठबंधन का साथ दिया है।

### राजद व माले विधायकों ने पैसे लेकर एनडीए के पक्ष में की वोटिंग : के राजू

झारखंड कांग्रेस प्रभारी के राजू ने कहा है कि राज्यसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और वामदल ने धोखा दिया है। उन्होंने गुरुवार को झारखंड विधानसभा परिसर में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि राजद और वामदल के विधायकों ने पैसा लेकर एनडीए समर्थित प्रत्याशी के पक्ष में वोटिंग की है। के राजू ने कहा कि प्रणव झा को कांग्रेस के सभी 16 विधायकों का वोट मिला। इस परिणाम का सरकार की सेहत पर असर को लेकर के राजू ने कहा कि भविष्य में इस विषय को देखा जाएगा। साथ ही कहा कि सरकार में रहने को लेकर समीक्षा की जाएगी

### माले नहीं, कांग्रेस विधायकों ने ही पैसे लेकर किया खेल : मनोज भक्त

भाकपा (माले) के झारखंड राज्य सचिव मनोज भक्त ने राज्यसभा चुनाव 2026 के नतीजों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि पार्टी के दोनों विधायकों अरूप चटर्जी और चंद्रदेव महतो ने कांग्रेस उम्मीदवार प्रणव झा के पक्ष में मतदान किया। उन्होंने बताया कि मतदान प्रक्रिया के दौरान पार्टी की ओर से पोलित ब्यूरो सदस्य हलधर महतो और केंद्रीय कमिटी सदस्य गीता मंडल अधिकृत एजेंट के रूप में मौजूद थे और उन्होंने मतदान की पुष्टि की है। मनोज भक्त ने कहा कि चुनाव परिणाम से यह स्पष्ट है कि कांग्रेस अपने विधायकों को संभालने में विफल रही। शेष पेज 11 पर

**झारखंड के विकास में योगदान देने के लिए अपनी 'कर्मभूमि' लौटा : परिमल नाथवानी**

भाजपा प्रदेश कार्यालय में संबोधित करते हुए परिमल नाथवानी ने कहा कि 2008 और 2020 के बीच झारखंड से एक स्वतंत्र (निर्दलीय) सांसद के रूप में दो अत्यधिक प्रभावशाली और लगातार कार्यकाल उन्होंने पूरा किया है। झारखंड से उनका पुन: चुना जाना उस राज्य में एक ऐतिहासिक वापसी का प्रतीक है जिसे वे लंबे समय से संजोते रहे हैं। झारखंड के विकास में योगदान देने के लिए वे शेष पेज 11 पर

## रांची का तापमान

| रांची | कांके |
|---|---|
| अधिक. 34.0° | अधिक. 33.6° |
| न्यून. 23.0° | न्यून. 22.4° |

## दृष्टिपात

### पुंदाग में हवलदार के घर से जेवर की चोरी

**रांची।** पुंदाग ओपी क्षेत्र के इलाही नगर में स्थित एक घर में घुसकर चोरों ने नगदी समेत डेढ़ लाख के जेवरात चुराकर फरार हो गए। आईआरबी-3 के हवलदार के पद पर पदस्थापित सुनील पासवान ने पुंदाग ओपी में प्राथमिकी दर्ज करायी है। हवलदार ने पुलिस को बताया कि 16 जून की रात उनकी पत्नी और बच्चे दूसरे कमरे में सो रहे थे। सुबह साढ़े पांच बजे जब उनकी पत्नी की नींद खुली तो देखा कि दूसरा कमरा खुला हुआ था। अलमीरा का ताला टूटा हुआ था। अलमीरा में रखे 70 हजार रुपए के अलावा सोने की बाली, जीतिया, अंगूठी समेत चांदी के जेवरात गायब थे।

### रिश्वत मांगने के आरोप में कर्मचारी गिरफ्तार

**रांची।** ट्रैक्टर छुड़ाने के नाम पर 42 हजार रुपए रिश्वत मांगने के आरोपी कर्मचारी अब्दुल हाफिज को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की विशेष अदालत में गुरुवार को पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में लेते हुए जेल भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार, परिवादी अशवन तिर्की का ट्रैक्टर सिल्ली थाना द्वारा जब्त कर लिया गया था। फाइन 10 हजार रुपये को जिला खनन विभाग में जमा करने को कहा गया। आरोप है कि ट्रैक्टर को खनन कार्यालय से छुड़वाने के नाम पर खनन विभाग के कर्मचारी अब्दुल हाफिज ने 42 हजार रुपये रिश्वत की मांग की थी।

# फ्रांस पहुंचीं साइकिलिस्ट सरिता यूरोपियन सर्किट में दिखाएंगी दम

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** झारखंड की उभरती साइकिलिस्ट सरिता कुमारी वर्ल्ड स्पोर्ट्स एक्सपोजर टूर के तहत भारतीय टीम के साथ फ्रांस के हैयेर पहुंच गई हैं। झारखंड साइकलिंग एसोसिएशन ने इसे राज्य के खेल जगत के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए संघ के महासचिव शैलेंद्र पाठक ने बताया कि सरिता कुमारी को वर्ल्ड स्पोर्ट्स एक्सपोजर टूर के दौरान उन्हें एक माह तक यूरोपियन सर्किट में आयोजित विभिन्न अंतरराष्ट्रीय साइकिलिंग प्रतियोगिताओं में भाग लेने का अवसर मिलेगा। इससे उन्हें विश्वस्तरीय खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा करने और तकनीकी अनुभव हासिल करने का मौका मिलेगा। उन्होंने बताया कि सरिता अपने साथ झारखंड सरकार के खेल विभाग की ओर से उपलब्ध कराई गई साइकिल भी फ्रांस लेकर गई हैं। खेल विशेषज्ञों का मानना है कि इस दौरे से उनके प्रदर्शन में और निखार आएगा शेष पेज 11 पर

### पति ने की पत्नी की हत्या, पुलिस ने किया गिरफ्तार



**रांची।** राजधानी रांची के बरियातू थाना क्षेत्र में एक पति ने अपनी पत्नी की हत्या कर दी। मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए हत्यारे पति को गिरफ्तार कर लिया है। मामला बरियातू थाना क्षेत्र स्थित सिंदवार टोली का है। जहां पवन मुंडा नाम के एक व्यक्ति ने अपनी ही पत्नी बेला मुंडा की हत्या कर दी। बरियातू पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, बुधवार की देर रात ही पवन मुंडा ने बेला मुंडा की घर में ही पीट-पीट कर हत्या कर दी। परिजनों को पूरे मामले की जानकारी गुरुवार की सुबह हुई। बेला मुंडा के जीवित होने की आस में उसे अस्पताल में इलाज के लिए जाया गया। जहां डॉक्टरों की टीम ने जांच के दौरान यह बताया कि अत्यधिक मारपीट की वजह से बेला मुंडा की मौत हुई है। शेष पेज 11 पर

## रांची में संघ कार्यालय पर हमला

# मुख्य आरोपी हवालात से भागा, मुठभेड़ में गोली लगने के बाद फिर गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** रांची के निवारणपुर स्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के झारखंड प्रांत कार्यालय पर पेट्रोल बम से हमले के मामले ने गुरुवार को नया मोड़ ले लिया। हमले के आरोप में गिरफ्तार मुख्य आरोपी पुलिस हिरासत से फरार हो गया और बाद में पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में घायल हो गया। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मुठभेड़ में घायल हमलावर का नाम सैफ बताया है।

पुलिस के अनुसार, आरएसएस कार्यालय पर पेट्रोल बम फेंकने के मामले में गिरफ्तार आरोपी को कोतवाली थाना परिसर के हवालात में रखा गया था। गुरुवार दोपहर वह पुलिस कस्टडी से फरार हो गया। इसके बाद पुलिस की टीमों ने उसका पीछा किया। मांडर क्षेत्र में आरोपी को घेरने की कोशिश के दौरान उसने कथित तौर पर एक पुलिसकर्मी का



हथियार छीन लिया और फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें आरोपी घायल हो गया। उसे तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। चुटिया थाना क्षेत्र के निवारणपुर स्थित आरएसएस कार्यालय पर देर रात पेट्रोल बम से हमला किया गया था। शेष पेज 11 पर

### आरएसएस कार्यालय में हमले की साजिश दुबई में रची गई

- **पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आइएसआइ और आतंकी संगठन टीटीएच से तार जुड़े**

चुटिया थाना क्षेत्र के निवारणपुर स्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांतीय कार्यालय पर पेट्रोल बम फेंकने के मामले में सुरक्षा और जांच एजेंसियों को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस और खुफिया एजेंसियों ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए इस साजिश में शामिल तीन मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार शुरुआती जांच में जो तथ्य सामने आए हैं, उसने जानकारी मिली है कि हमले की पूरी पटकथा भारत में नहीं, बल्कि दुबई में लिखी गई थी शेष पेज 11 पर

**विजेता** | साउथ एशियन थ्रोबॉल चैंपियनशिप का हुआ समापन

# भारत बना साउथ एशियन थ्रोबॉल चैंपियन

नवीन मेल संवाददाता



**परिणाम**

| (पुरुष वर्ग) | |
|---|---|
| विजेता | भारत |
| उपविजेता | श्रीलंका |
| तृतीय स्थान | बांग्लादेश |
| **(महिला वर्ग)** | |
| विजेता | भारत |
| उपविजेता | बांग्लादेश |
| तृतीय स्थान | नेपाल |

**रांची।** हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम में आयोजित 02री साउथ एशियन थ्रोबॉल चैंपियनशिप 2026 का गुरुवार को भव्य समापन हुआ। प्रतियोगिता में भारतीय महिला एवं पुरुष दोनों टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीतकर दक्षिण एशिया में अपनी श्रेष्ठता साबित की।

महिला वर्ग के फाइनल मुकाबले में भारतीय टीम ने बांग्लादेश को सीधे दो सेटों में 25-23 एवं 25-14 से पराजित कर खिताब अपने नाम किया। भारतीय महिला खिलाड़ियों ने पूरे मैच में शानदार तालमेल, आत्मविश्वास और तकनीकी दक्षता का प्रदर्शन करते हुए बांग्लादेश को वापसी का कोई अवसर नहीं दिया। पुरुष वर्ग का फाइनल मुकाबला भारत और श्रीलंका के बीच बेहद रोमांचक रहा। तीन सेटों तक चले इस संघर्षपूर्ण मुकाबले में भारत ने पहला सेट 25–23 से जीता। दूसरे सेट में श्रीलंका ने 25-23 से जीत दर्ज कर मुकाबले को बराबरी पर ला दिया। इसके बाद निर्णायक तीसरे सेट में भारतीय खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए 25-16 से जीत हासिल की शेष पेज 11 पर

# आरपीएफ जवान का सिर कटा शव बरामद, जांच जारी

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची के नामकुम रेलवे स्टेशन के समीप गुरुवार को रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के एक जवान का सिर कटा शव बरामद किया गया। जवान का शव रेलवे ट्रैक के पास क्षत-विक्षत अवस्था में मिला।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, उसकी मौत ट्रेन की चपेट में आने से हुई है। यह दुर्घटना है या आत्महत्या, यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। मृतक की पहचान आरपीएफ जवान राकेश कुमार मिश्रा के रूप में हुई है। वह हाल ही में नामकुम रेलवे स्टेशन पर पदस्थापित किए गए थे। बताया गया है कि उनकी पोस्टिंग यहां महज तीन दिन पहले सुईसा से की गई थी। घटना के समय वह ड्यूटी पर थे। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, राकेश कुमार मिश्रा की नाइट शिफ्ट रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक नामकुम स्टेशन पर निर्धारित थी। गुरुवार सुबह करीब चार से पांच बजे के बीच स्टेशन के समीप उनका शव मिलने की सूचना मिली। शव के पास उनका बैग भी बरामद किया गया है। सूचना मिलने के बाद आरपीएफ और सरकारी रेलवे पुलिस (जीआरपी) की टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले की जांच शुरू कर दी गई है। शेष पेज 11 पर

## परिमल नाथवानी की जीत पर झारखंड भाजपा उत्साहित, नेताओं ने दी शुभकामना

# जीत का सिलसिला आगे भी जारी रहेगा : आदित्य

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड राज्यसभा चुनाव में एनडीए समर्थित प्रत्याशी परिमल नाथवानी की जीत पर झारखंड भाजपा काफी उत्साहित है। परिमल नाथवानी की शानदार जीत पर झारखंड विधानसभा में प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू, नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह सहित तमाम भाजपा नेताओं ने उन्हें जीत की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। वहीं परिमल नाथवानी का भाजपा प्रदेश कार्यालय में भी भव्य स्वागत किया गया। भाजपा प्रदेश कार्यालय में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर परिमल नाथवानी ने संबोधित भी किया।

प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने कहा कि यह विजय एनडीए की एकजुटता, सशक्त संगठन और जनसेवा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। साथ ही यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विकास और जनकल्याण आधारित नीतियों पर मुहर भी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को देश की जनता तो पहले ही नकार चुकी है, झारखंड ने भी आज कांग्रेस को पूरी तरह खारिज कर दिया। कांग्रेस को अब लोग तनिक भी पसंद नहीं करते हैं। एनडीए के सारे विधायकों ने एकजुट होकर मतदान किया जो कांग्रेस के उस दावे पर करारा तमाचा है जिसमें एनडीए विधायकों को लेकर ये लोग तरह तरह का अफवाह फैला रहे थे। जिस कांग्रेस को अपना स्थानीय पोलिंग एजेंट तक नहीं मिला, उस पार्टी के बारे में बात करना ही बेकार है। श्री साहू ने कहा कि झारखंड के कल्याण और भलाई को लेकर विधायकों ने मतदान किया है। उन्होंने कहा कि यह तो जीत की शुरुआत है। जीत का यह सिलसिला झारखंड में आगे भी जारी रहेगा। साथ ही उन्होंने कहा कि परिमल नाथवानी दो बार पहले भी यहां से सांसद रह चुके हैं। उनका अनुभव एवं नेतृत्व झारखंड और देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देता रहेगा।



### इन नेताओं ने भी दी बधाई

वहीं एनडीए समर्थित उम्मीदवार परिमल नाथवानी को पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, पूर्व मुख्यमंत्री सह विधायक चंपाई सोरेन, पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा, पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा, आजसू अध्यक्ष सुदेश महतो, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, संजय सेठ, जदयू विधायक सरयू राय, लोजपा प्रदेश अध्यक्ष बीरेंद्र प्रधान, भाजपा विधायक सीपी सिंह, नवीन जयसवाल, नागेंद्र महतो, शशि भूषण मेहता, मनोज यादव, सत्येंद्र नाथ तिवारी, नीरा यादव, राज सिन्हा, अमित यादव, आलोक चौरसिया, देवेंद्र कुंवर, प्रकाश राम, रोशन लाल चौधरी, प्रदीप प्रसाद, शत्रुघ्न महतो, पूर्णिमा साहू, रागिनी सिंह, मंजू कुमारी एवं कुमार उज्जवल, लोजपा विधायक जनार्दन पासवान, आजसू विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो, प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, नीलकंठ सिंह मुंडा, बालमुकुंद सहाय, भानू प्रताप शाही, सुनील सोरेन, मुनेश्वर साहू एवं गीता कोड़ा, प्रदेश महामंत्री गणेश मिश्रा, अमर कुमार बाउरी एवं मनोज सिंह, प्रदेश मंत्री सरोज सिंह, दिलीप वर्मा, शैलेन्द्र सिंह, सुनिता सिंह, सूरज गुप्ता चौरसिया, योगेंद्र प्रताप सिंह, प्रतुल शाहदेव, अजय साह, प्रदीप सिन्हा, सतीश सिन्हा, अशोक बड़ाइक, तारिक अनवर, नीरज सिंह, सूरज शाहदेव, राहुल अवस्थी, रमाकांत महतो, शशांक राज, आरती सिंह, पवन साहू, किशुन दास, अनवर हयात सहित अन्य नेताओं ने भी जीत की बधाई दी है।

### परिणाम अप्रत्याशित नहीं, परिमल नाथवानी की जीत थी तय : बाबूलाल मरांडी

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि राज्यसभा में परिमल नाथवानी की उम्मीदवारी से ही एनडीए समर्थित उम्मीदवार की जीत तय हो गई थी। वे 12 वर्षों तक झारखंड से कुशल नेतृत्व किए हैं, इस दौरान इन्होंने अपने कार्यों से अपनी एक अलग साख और विश्वास को बनाया है, इसलिए ये राज्य की राजनीति के लिए कोई अपरिचित चेहरा नहीं थे। निर्दलीय प्रत्याशी होने के कारण इनके लिए झारखंड के सभी 81 विधायक इनके लिए वोटर थे। विधायकों ने राज्यहित और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों को सर्वोपरि रखते हुए पूरे विवेक से अपने मत का सदुपयोग किया है। ये पहले भी अच्छे सांसद साबित हुए हैं और आगे भी अच्छे सांसद साबित होंगे। श्री मरांडी ने कहा कि यह परिणाम कोई अप्रत्याशित नहीं है। राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार की हार तो पहले से ही तय थी। जिस कांग्रेस को अपने विधायकों और स्थानीय कार्यकर्ताओं/नेताओं पर भरोसा नहीं हो, वह चुनाव जीतने का सोच भी कैसे सकती है। श्री मरांडी ने एनडीए गठबंधन एवं राज्य के विकास के प्रति संकल्पित सभी विधायकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन सभी ने परिमल नथवानी के पक्ष में मतदान कर विकासोन्मुख राजनीति और लोकतांत्रिक मूल्यों को सशक्त करने का कार्य किया है।

# दार्जिलिंग में लोकसभा की याचिका समिति की बैठक में सांसद सुखदेव भगत हुए शामिल

- बैठक का मुख्य फोकस जनता द्वारा सीधे भेजी गई शिकायतों और मांगों पर त्वरित कार्रवाई करना रहा

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची।** दार्जिलिंग के 'चिया ताज कुटीर' में लोकसभा की याचिका संबंधी संसदीय समिति की एक बेहद महत्वपूर्ण और उच्च स्तरीय बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में आम जनता से जुड़ी विभिन्न याचिकाओं और जनहित के गंभीर मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में समिति के सदस्य के रूप में लोहरदगा लोकसभा के सांसद सुखदेव भगत उपस्थित रहे।

बैठक का मुख्य फोकस जनता द्वारा सीधे भेजी गई शिकायतों और मांगों पर त्वरित कार्रवाई करना रहा। सांसद सुखदेव भगत ने बैठक के दौरान चर्चा के मुख्य बिंदुओं को साझा करते हुए स्पष्ट किया कि समिति किन मामलों को प्राथमिकता देती है। उन्होंने बताया कि याचिकाएं आमतौर पर उन मामलों पर विचारणीय होती हैं, जो सीधे तौर पर केंद्र या राज्य सरकार के कार्यक्षेत्र के अंतर्गत आते हैं।विशेषकर ऐसे मामले, जिनके निवारण के लिए पहले से कोई कानूनी सत्र, अदालत या उचित फोरम उपलब्ध नहीं है, उन्हें समिति बेहद गंभीरता से लेती है। बताया गया कि आम जनता के लिए यह समिति सुरक्षा कवच है। यह संसदीय समिति आम जनता की आवाज को सीधे संसद और मंत्रालयों तक पहुँचाने का काम करती है। इसका जन-याचिका ओं का परीक्षण, समिति जनता द्वारा सीधे भेजी गई शिकायतों, विधेयकों और सामान्य जनहित के माम लों का बारीकी से परीक्षण करती है। समिति को यह अधिकार है कि वह संबंधित मंत्रालयों और विभागों से पूरी जानकारी, साक्ष्य और रिपोर्ट मांग सके।

# नाथवानी की जीत राज्यहित और विकास की जीत : डॉ प्रदीप

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** झारखंड भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद डॉ. प्रदीप वर्मा ने राज्यसभा चुनाव में एनडीए समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार परिमल नाथवानी की शानदार जीत पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

डॉ. वर्मा ने कहा कि यह जीत केवल एक उम्मीदवार की विजय नहीं, बल्कि झारखंड के विकास, स्थिरता और जनहित की राजनीति में विश्वास रखने वाले जनप्रतिनिधियों की सोच की जीत है। उन्होंने कहा कि राज्य के विधायकों ने अंतरात्मा की आवाज सुनते हुए अपने बहुमूल्य मत का प्रयोग किया और विकासोन्मुखी नेतृत्व को समर्थन देकर झारखंड की जनता की आकांक्षाओं का सम्मान किया है।

उन्होंने कहा कि परिमल नाथवानी का झारखंड के औद्योगिक, सामाजिक एवं विकासात्मक क्षेत्रों में विशेष योगदान रहा है। राज्य के विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और अनुभव का लाभ आने वाले समय में झारखंड को अवश्य मिलेगा।

डॉ. प्रदीप वर्मा ने विश्वास व्यक्त किया कि राज्यसभा में परिमल नाथवानी झारखंड के हितों को मजबूती से उठाएंगे तथा राज्य के सर्वांगीण विकास, निवेश, रोजगार सृजन और आधारभूत संरचनाओं के विस्तार के लिए प्रभावी भूमिका निभाएंगे। उन्होंने सभी एनडीए समर्थक विधायकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जनहित, विकास और सुशासन की विचारधारा की विजय है, जो आने वाले समय में झारखंड को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का मार्ग प्रशस्त करेगी।

# संघ कार्यालय पर हमला बड़ी साजिश का हिस्सा : संजय सेठ

- संघ कार्यालय की सुरक्षा के लिए पुलिस पिकेट की स्थापना अविलंब हो

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस), रांची के कार्यालय पर हुए बम हमले के मामले में गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि कल ही हमने इस घटना के पीछे बड़ी साजिश की आशंका जताई थी और आज की जांच में वह आशंका सही साबित होती दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक तथ्यों से स्पष्ट है कि यह किसी एक व्यक्ति की करतूत नहीं, बल्कि एक सुनियोजित और व्यापक अंतरराष्ट्रीय षड्यंत्र का हिस्सा प्रतीत होता है, जिसका उद्देश्य रांची और झारखंड की शांति एवं सौहार्द को भंग करना तथा संघ जैसे राष्ट्रभक्ति के संगठन को नुकसान पहुंचाना था। ईश्वर की कृपा से राष्ट्रविरोधी ताकतें अपने इस षड्यंत्र में सफल नहीं हो सकीं। श्री सेठ ने कहा कि इस पूरे मामले की राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) से उच्चस्तरीय जांच कराई जानी चाहिए, ताकि इस षड्यंत्र से जुड़े सभी कनेक्शन, इसके पीछे सक्रिय नेटवर्क और साजिशकर्ताओं की पहचान हो सके तथा दोषियों के विरुद्ध कानून के अनुसार कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा कि यह हमला केवल संघ कार्यालय पर नहीं। बल्कि राष्ट्रभक्ति की भावना, देश के करोड़ों स्वयंसेवकों और नागरिकों की भावनाओं पर हमला है। ऐसे कृत्य किसी भी सभ्य समाज में स्वीकार्य नहीं हो सकते।

### रांची से रामेश्वरम, सूरत और ऋषिकेश तक सीधी ट्रेन चलाने की मांग

**रांची।** दक्षिण पूर्व रेलवे की जोनल रेलवे उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति (जेडआरयूसीसी) की कोलकाता में आयोजित बैठक में समिति सदस्य अरुण जोशी ने झारखंड के रेल यात्रियों की वर्षों से लंबित मांगों को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने राज्य की दक्षिण, पश्चिम एवं उत्तर भारत से बेहतर रेल कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने, नई ट्रेनों के परिचालन, महत्वपूर्ण ट्रेनों के विस्तार, यात्री सुविधाओं में वृद्धि तथा रेल इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत बनाने के लिए रेलवे बोर्ड से शीघ्र निर्णय लेने का आग्रह किया।

बैठक में अरुण जोशी ने रांची-रामेश्वरम, रांची-सूरत/अहमदाबाद, रांची-योग नगरी ऋषिकेश, रांची-पुणे (हडपसर), रांची-रायपुर वंदे भारत, हटिया-बड़बिल फास्ट मेमू, हटिया-एसएमवीटी बेंगलुरु सुपरफास्ट तथा हटिया-सिकंदराबाद समर स्पेशल जैसी नई ट्रेनों के संचालन की मांग रखी।

# वित्तीय अनियमितताओं की सीबीआई जांच की जानी चाहिए : सुनील सिंह

- भगवान श्रीराम किसी राजनीतिक दल, संगठन अथवा व्यक्ति की निजी संपत्ति नहीं हैं।

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** राष्ट्र सेवा फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने अयोध्या स्थित श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट से जुड़े कथित वित्तीय अनियमितताओं की सीबीआई अथवा किसी स्वतंत्र जांच एजेंसी से जांच कराने की मांग केंद्र सरकार से की है। उन्होंने कहा कि यह मामला देशभर के करोड़ों राम भक्तों और हिंदू समाज की आस्था एवं श्रद्धा से जुड़ा हुआ है, इसलिए इसकी निष्पक्ष और पारदर्शी जांच आवश्यक है।

सुनील कुमार सिंह ने कहा कि राम मंदिर में प्राप्त दान, चढ़ावे की राशि, आभूषणों तथा मंदिर निर्माण से संबंधित धनराशि के उपयोग, भूमि क्रय-विक्रय और अन्य वित्तीय लेन-देन में गंभीर अनियमितताओं की आशंका जताई जा रही है। उन्होंने कहा कि इन आरोपों ने जनमानस में कई तरह के सवाल खड़े कर दिए हैं, जिनका समाधान केवल निष्पक्ष जांच से ही संभव है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम किसी राजनीतिक दल, संगठन अथवा व्यक्ति की निजी संपत्ति नहीं हैं। ऐसे में इस मामले से जुड़े सभी संदेहों को दूर करना सरकार और संबंधित संस्थाओं की जिम्मेदारी है, ताकि जनता का विश्वास कायम रहे। सुनील कुमार सिंह ने दावा किया कि प्राप्त जानकारी के अनुसार श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट से जुड़े कुछ व्यक्तियों और कर्मचारियों के यहां हुई कथित छापेमारी में लगभग दो करोड़ रुपये नकद, कई किलो सोना, लग्जरी वाहन तथा अयोध्या में 50 करोड़ रुपये से अधिक की बेनामी संपत्तियों का पता चला है। उन्होंने कहा कि इन तथ्यों की सत्यता और प्रमाणिकता की जांच आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि यदि लगाए गए आरोप निराधार हैं तो जांच के माध्यम से यह स्पष्ट हो जाएगा, वहीं यदि किसी प्रकार की अनियमितता सामने आती है तो दोषियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि इससे भविष्य में धार्मिक और सार्वजनिक संस्थाओं में किसी भी प्रकार की वित्तीय अनियमितता पर अंकुश लगेगा।

सुनील कुमार सिंह ने केंद्र सरकार से मांग की कि पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय और स्वतंत्र जांच कराई जाए, ताकि सत्य जनता के सामने आ सके और करोड़ों श्रद्धालुओं की भावनाओं का सम्मान बना रहे।

**परिवार नियोजन** झारखंड में मिशन परिवार विकास अभियान का प्रथम चरण शुरू

# परिवार नियोजन पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

- उप स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर विशेष गतिविधियों का आयोजन किया गया

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम), झारखंड द्वारा संचालित मिशन परिवार विकास अभियान 2026 के प्रथम चरण के तहत गुरुवार को राज्य के सभी जिलों में उप स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर विशेष गतिविधियों का आयोजन किया गया। समुदाय के बीच परिवार नियोजन सेवाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा स्वस्थ एवं खुशहाल परिवार की अवधारणा को मजबूत करना है। अभियान के अंतर्गत उप स्वास्थ्य केंद्रों पर एएनएम, सहिया, सहिया साथी एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मियों के सहयोग से परिवार नियोजन संबंधी परामर्श, जन-जागरूकता कार्यक्रम, सामुदायिक बैठकें तथा उपलब्ध अस्थायी एवं स्थायी गर्भनिरोधक साधनों की जानकारी दी जा रही है। इसके साथ ही लाभार्थियों को उनकी आवश्यकता के अनुसार परिवार नियोजन सेवाएं भी उपलब्ध कराई जा रही हैं।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अधिकारियों के अनुसार मिशन परिवार विकास अभियान का प्रमुख उद्देश्य मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाना, जन्म के बीच उचित अंतराल को बढ़ावा देना तथा परिवारों को योजनाबद्ध एवं स्वस्थ जीवन के लिए प्रेरित करना है। किशोर-किशोरियों तथा प्रजनन आयु वर्ग के दम्पतियों को सही समय पर विवाह, पहले बच्चे के जन्म में उचित अंतराल रखने तथा दो बच्चों के बीच कम से कम तीन वर्ष का अंतर बनाए रखने के महत्व के बारे में जागरूक किया जा रहा है। स्वास्थ्यकर्मी समुदाय स्तर पर लोगों से संवाद स्थापित कर परिवार नियोजन के विभिन्न विकल्पों और उनके लाभों की जानकारी भी दे रहे हैं। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखंड ने आमजन से अपील की है कि वे अपने निकटतम स्वास्थ्य संस्थान से संपर्क कर परिवार नियोजन संबंधी सेवाओं एवं परामर्श का लाभ उठाएं और स्वस्थ, समृद्ध एवं खुशहाल परिवार के निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें। स्वास्थ्य विभाग का मानना है कि जागरूकता और सुलभ सेवाओं के माध्यम से परिवार नियोजन को बढ़ावा देकर मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य में सुधार के साथ-साथ समाज के समग्र विकास को भी गति दी जा सकती है।

## दृष्टिपात

### परिमल नाथवाणी के राज्यसभा सांसद निर्वाचित होने पर प्रमोद सारस्वत ने दी बधाई

**रांची।** झारखंड से राज्यसभा सांसद निर्वाचित होने पर परिमल नथवाणी को सामाजिक कार्यकर्ता प्रमोद सारस्वत ने हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दी हैं। प्रमोद सारस्वत ने अपने बधाई संदेश में कहा कि परिमल नथवाणी का राज्यसभा के लिए निर्वाचित होना झारखंड के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि राष्ट्र प्रथम के संकल्प और उनकी दूरदर्शी सोच के माध्यम से झारखंड सहित पूरे देश के विकास को उच्च सदन में नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि पूर्व में भी परिमल नथवाणी ने झारखंड के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है और राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में विकास कार्यों को आगे बढ़ाने में सक्रिय भूमिका निभाई है। उनके अनुभव और नेतृत्व क्षमता का लाभ अब राज्यसभा में देश और प्रदेश दोनों को मिलेगा। प्रमोद सारस्वत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास' के मूलमंत्र को आगे बढ़ाते हुए परिमल नथवाणी का कार्यकाल जनहित, विकास और लोककल्याण के नए आयाम स्थापित करेगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि राज्यसभा में उनके प्रखर विचार और अनुभव झारखंड की जनता की आकांक्षाओं को मजबूती से राष्ट्रीय स्तर पर उठाने का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि संगठन और समाज के प्रति परिमल नथवाणी का समर्पण तथा जनहित के प्रति उनकी प्रतिबद्धता उन्हें एक प्रभावशाली जनप्रतिनिधि बनाती है।

### कांग्रेस मुक्त भारत की ओर एक और कदम : प्रतुल शाह देव



**रांची।** झारखंड बीजेपी के मुख्य प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने परिमल नाथवानी की जीत पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि कांग्रेस मुक्त भारत की ओर यह एक बड़ा कदम है। उन्होंने कहा कि जीत के दावे के बड़ी-बड़ी शेखी बघारने वाले कांग्रेसी नेता कहीं दिखाई नहीं दे रहे हैं। प्रतुल ने नाथवानी की यह जीत एनडीए के समर्थन और उनके द्वारा अपने दो टर्म के कार्यकाल में किए गए ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के कारण हुई है। एन डी ए समर्थित प्रत्याशी को विधायकों ने दलगत भावना से ऊपर उठकर वोट देकर प्रधानमंत्री के विजन पर मोहर भी लगाने का काम किया।

### परिमल नाथवाणी की राज्यसभा जीत पर अरुण जोशी ने दी बधाई

**रांची।** दक्षिण पूर्व रेलवे के जेडआरयूसीसी सदस्य अरुण जोशी ने झारखंड से राज्यसभा चुनाव में एनडीए समर्थित प्रत्याशी परिमल नथवाणी की जीत पर उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। अरुण जोशी ने कहा कि परिमल नथवाणी के पास उद्योग, आधारभूत संरचना और विकास से जुड़े विषयों का व्यापक अनुभव है। उन्होंने विश्वास जताया कि राज्यसभा में झारखंड की आवाज अब और अधिक मजबूती के साथ उठेगी तथा राज्य के विकास से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को राष्ट्रीय स्तर पर प्रभावी तरीके से रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि परिमल नथवाणी के अनुभव का लाभ झारखंड के औद्योगिक विकास, निवेश, रोजगार सृजन, रेलवे विस्तार और आधारभूत संरचना को मजबूत करने में मिलेगा। अरुण जोशी ने उम्मीद जताई कि राज्यसभा सांसद के रूप में परिमल नथवाणी झारखंड की विकास संबंधी आवश्यकताओं, विशेषकर बेहतर रेल कनेक्टिविटी और औद्योगिक प्रगति के लिए सक्रिय भूमिका निभाएंगे। उन्होंने परिमल नथवाणी के सफल एवं जनहितकारी कार्यकाल की कामना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में झारखंड के विकास को नई गति मिलेगी।

### परिमल नाथवानी की राज्यसभा चुनाव में जीत पर संजय सेठ ने दी बधाई



**रांची।** झारखंड से राज्यसभा चुनाव में एनडीए समर्थित प्रत्याशी परिमल नाथवानी की जीत पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। संजय सेठ ने अपने बधाई संदेश में कहा कि परिमल नाथवानी इससे पूर्व भी दो बार झारखंड का राज्यसभा में प्रतिनिधित्व कर चुके हैं और अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने राज्य के विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि नाथवानी का अनुभव और कार्यशैली झारखंड के विकास को नई गति देने में सहायक साबित होगी। उन्होंने कहा कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि परिमल नाथवानी राज्य के विकास, उद्योग, रोजगार और आधारभूत संरचना से जुड़े मुद्दों को राज्यसभा में प्रभावी ढंग से उठाएंगे तथा झारखंड के हितों की मजबूती से पैरवी करेंगे। संजय सेठ ने यह भी कहा कि नाथवानी केंद्र सरकार की जन-कल्याणकारी योजनाओं को झारखंड के आम लोगों तक पहुंचाने में सकारात्मक और महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने उनके सफल एवं जनहितकारी कार्यकाल की कामना करते हुए कहा कि उनके अनुभव का लाभ राज्य को निश्चित रूप से मिलेगा।

### जेएसएससी विशेष शिक्षा सहायक शिक्षक परीक्षा को लेकर रांची में निषेधाज्ञा लागू

**रांची।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) द्वारा आयोजित कम्प्यूटर आधारित झारखंड इंटरमीडिएट एवं स्नातक प्रशिक्षित विशेष शिक्षा सहायक शिक्षक संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा के कदाचार मुक्त एवं शांतिपूर्ण संचालन को सुनिश्चित करने के लिए रांची प्रशासन ने परीक्षा केंद्र के आसपास निषेधाज्ञा लागू कर दी है। अनुमंडल दंडाधिकारी, सदर रांची, कुमार रजत ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा-163 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए परीक्षा केंद्र के 200 मीटर की परिधि में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। यह आदेश 22 से 24 जून तक प्रतिदिन प्रातः 6:30 बजे से अपराह्न 8:30 बजे तक प्रभावी रहेगा। प्रशासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार परीक्षा केंद्र पर विधि-व्यवस्था बनाए रखने तथा किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की आशंका को देखते हुए उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी रांची मंजूनाथ भजन्त्री एवं वरीय पुलिस अधीक्षक रांची राकेश रंजन के संयुक्त आदेश से दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों और पर्याप्त पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। इसके अलावा किसी भी प्रकार के ध्वनि विस्तारक यंत्र के उपयोग, हथियार अथवा अस्त्र-शस्त्र लेकर चलने, लाठी-डंडा, तीर-धनुष, भाला जैसे पारंपरिक हथियारों के प्रदर्शन तथा किसी प्रकार की बैठक या आमसभा आयोजित करने पर भी प्रतिबंध लगाया गया है।

### थानों में सीसीटीवी लगाने में देरी पर हाईकोर्ट नाराज, डीजीपी से मांगी रिपोर्ट

**रांची।** झारखंड के पुलिस थानों में सीसीटीवी कैमरे लगाने की धीमी गति पर झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार और पुलिस प्रशासन के प्रति कड़ी नाराजगी जताई है। चीफ जस्टिस एमएस सोनक और जस्टिस राजेश शंकर की खंडपीठ ने सुनवाई के दौरान पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) से इस मामले में जवाब मांगा है। अदालत ने सवाल किया कि सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के स्पष्ट दिशा-निर्देशों के बावजूद थानों में सीसीटीवी लगाने जैसे संवेदनशील विषय को गंभीरता से क्यों नहीं लिया जा रहा है। खंडपीठ ने डीजीपी को निर्देश दिया है कि वे 27 जून 2026 तक राज्य के सभी पुलिस थानों में सीसीटीवी कैमरे लगाने की वर्तमान स्थिति, प्रगति और लंबित कार्यों की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करें। मामले की अगली सुनवाई 30 जुलाई को निर्धारित की गई है। सुनवाई के दौरान सरायकेला-खरसावां के पुलिस अधीक्षक द्वारा दाखिल जवाब पर कोर्ट ने असंतोष व्यक्त किया।

# दिवंगत कृषि वैज्ञानिक को मिला विशेष सम्मान

## 1 कम पानी में अधिक उपज देने वाली धान की 52 उन्नत किस्मों के विकास में रहा योगदान

## 2 कम पानी में अधिक उपज देने वाली धान की 52 उन्नत किस्मों के विकास में रहा योगदान

- मुख्य मंच पर तस्वीर प्रदर्शित कर कृषि अनुसंधान में योगदान को किया गया याद
- परिजनों ने झारखंड सरकार और आयोजन समिति के प्रति जताया आभार
- कृषि वैज्ञानिकों की उपलब्धियों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का बना माध्यम मेले का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची में आयोजित तीन दिवसीय झारखंड कृषि व्यापार मेला में प्रख्यात कृषि वैज्ञानिक एवं हजारीबाग के इचाक निवासी दिवंगत डॉ सतीश चन्द्र प्रसाद (डॉ एससी प्रसाद) को विशेष सम्मान प्रदान किया गया। मेले के मुख्य मंच पर उनकी तस्वीर को प्रमुख स्थान देकर कृषि अनुसंधान एवं बीज विकास के क्षेत्र में उनके अतुलनीय योगदान को स्मरण किया गया।

डॉ एससी प्रसाद के परिजनों ने इस सम्मान के लिए झारखंड सरकार, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, पूर्व मंत्री बंधु तिर्की तथा आयोजन से जुड़े सभी पदाधिकारियों और संबंधित व्यक्तियों के प्रति आभार व्यक्त किया है। डॉ सतीश चन्द्र प्रसाद ने अपना संपूर्ण जीवन कृषि अनुसंधान, कृषि विकास तथा नई बीज किस्मों की खोज को समर्पित किया था। विशेष रूप



से धान (चावल) की ऐसी 52 उन्नत किस्मों के विकास में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा, जो कम पानी में अधिक उपज देने में सक्षम हैं। इन किस्मों को न केवल झारखंड और भारत बल्कि विश्व के पठारी क्षेत्रों के किसानों के लिए भी उपयोगी माना जाता है।

परिजनों ने कहा कि मेले के मुख्य मंच पर डॉ. प्रसाद की तस्वीर को स्थान मिलना केवल उनके परिवार या इचाक गांव के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे हजारीबाग जिले और झारखंड राज्य के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि यह सम्मान कृषि वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं और किसानों को कृषि विकास के क्षेत्र में और अधिक समर्पण के साथ कार्य करने की प्रेरणा देगा।

इस अवसर पर कृषि क्षेत्र में योगदान देने वाले अन्य दिवंगत वैज्ञानिकों स्वर्गीय डॉ. राफेल केरकेट्टा, स्वर्गीय डॉ. पी.के. सिन्हा तथा स्वर्गीय डॉ. आर.बी. प्रसाद को भी श्रद्धापूर्वक नमन किया गया।

झारखंड कृषि व्यापार मेला में बड़ी संख्या में किसान, कृषि विशेषज्ञ, शोधकर्ता और आमजन पहुंच रहे हैं। ऐसे आयोजन कृषि क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले वैज्ञानिकों की उपलब्धियों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण माध्यम बन रहे हैं।

## मोरहाबादी में तीन दिवसीय कृषि मेले का समापन

# कृषि व्यवस्था में संरचनात्मक सुधारों की आवश्यकता : सिद्दीक

- समापन समारोह में नागपुरी गीतों की प्रस्तुति बनी आकर्षण का केंद्र
- उत्कृष्ट किसानों, विशेषज्ञों और संस्थानों को किया गया सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के सचिव अबूबकर सिद्दीख पी ने झारखंड की कृषि व्यवस्था में संरचनात्मक सुधारों और दीर्घकालिक विकास की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि किसानों की आय बढ़ाने, आधुनिक तकनीक को बढ़ावा देने और कृषि को लाभकारी बनाने के लिए सरकार लगातार प्रयासरत है। उन्होंने कृषि क्षेत्र में सतत विकास, प्रभावी नीति क्रियान्वयन और किसानों तक योजनाओं का प्रत्यक्ष लाभ पहुंचाने के लिए मजबूत सहायता तंत्र विकसित करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। कृषि सचिव गुरुवार को मोरहाबादी मैदान में आयोजित झारखंड कृषि व्यापार मेला के समापन सत्र को संबोधित कर रहे थे। समारोह में राज्य के कृषि, पशुपालन, सहकारिता, मत्स्य, उद्यान एवं डेयरी विकास क्षेत्रों में हुई प्रगति और उपलब्धियों का उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिकारी, कृषि विशेषज्ञ, विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए।



### किसानों के लिए सहायता प्रणालियां मजबूत हों

कृषि निदेशक विद्यानंद शर्मा पंकज ने कहा कि कृषि विकास की गति बनाए रखने के लिए किसानों को तकनीकी मार्गदर्शन, बाजार से जोड़ने, आधुनिक कृषि उपकरणों की उपलब्धता और प्रशिक्षण कार्यक्रमों को और सशक्त बनाया जाएगा। उन्होंने कृषि आधारित उद्यमिता को बढ़ावा देने तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई।

### मेले के दौरान विभिन्न कृषि श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन

समापन समारोह के दौरान कृषि, पशुपालन, सहकारिता, मत्स्य पालन, उद्यान एवं डेयरी विकास से जुड़े शीर्ष नेतृत्व और विशेषज्ञों को उनके रणनीतिक योगदान तथा क्षेत्र के विकास में निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका के लिए सम्मानित किया गया। मेले के दौरान विभिन्न कृषि श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन, नवाचार और उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। विजेताओं को सम्मानित कर कृषि क्षेत्र में नवाचार और उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करने का संदेश दिया गया।

## पति और ससुर पर मारपीट, रुपए समेत जेवर चोरी का आरोप

**रांची।** सदर थाना क्षेत्र के बूटी मोड़ निवासी प्रियंका देवी के साथ मारपीट, छेड़खानी और रुपयों की चोरी करने का केस दर्ज किया गया है। सूचक ने बताया कि उनके पति अमितेश यादव के साथ विवाद चल रहा है और मामला अदालत में लंबित है। आरोप है कि वर्ष 2019 में शादी के बाद से सूचक को प्रताड़ित किया जा रहा है। पिछले दिन जब वह अपने कमरे में थी, उसी समय वहां पति और ससुर आ धमके। इसके बाद दोनों ने मारपीट की और शरीर पर पड़े कपड़ों को फाड़ दिया। दोनों ने आलमीरा का लॉक तोड़कर वहां रखे जेवरात व रुपये की चोरी कर ली।

# पेयजल के लिए बाल्टी-जार लेकर मेन रोड में एक घंटे तक जाम

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** शहर के घनी आबादी वाले इलाके चर्च रोड और डॉ फतेउल्लाह लेन समेत आसपास के क्षेत्रों में पेयजल की अनियमित आपूर्ति और लो-प्रेशर (कम दबाव) से परेशान लोगों ने गुरुवार दोपहर एक बजे सड़क पर उतरकर उग्र प्रदर्शन किया। पानी की किल्लत से नाराज हाथों में बाल्टी व जार थामी महिलाओं ने मेन रोड स्थित अंजुमन इस्लामिया भवन के सामने मुख्य सड़क को पूरी तरह जाम कर दिया। लगभग



एक घंटे तक चले इस हंगामे के चलते मेन रोड के दोनों छोर, चर्च रोड व डॉ. फतेउल्लाह लेन पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। इससे राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। रसोईघर तक का काम प्रभावित

सड़क जाम की जानकारी मिलते ही लोअर बाजार थाना पुलिस और पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कर्मचारी आनन-फानन में मौके पर पहुंचे। अधिकारियों के समक्ष गुस्सा जाहिर करते हुए लोगों ने बताया कि निचले मुहल्लों और संकरी गलियों में रहने वाले लोगों को पिछले कई दिनों से एक बूंद पानी नहीं मिल रहा है।

# एनीमिया दिवस पर जागरूकता अभियान पीड़ितों ने सरकार के सामने रखीं कई मांगें

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** विश्व सिकल सेल एनीमिया दिवस की पूर्व संध्या पर "लहू बोलेगा" रक्तदान संगठन रांची एवं झारखंड थैलेसीमिया पीड़ित एसोसिएशन के संयुक्त नेतृत्व में रांची जिला स्कूल मैदान में जनजागरूकता अभियान एवं अपीलीय बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सिकल सेल एनीमिया, थैलेसीमिया, हीमोफीलिया एवं अन्य रक्त विकारों से पीड़ित मरीजों और उनके परिजनों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता संजय टोप्पो ने की। इस वर्ष विश्व सिकल सेल एनीमिया दिवस की थीम "जीवन रक्षा का अंतर कम करनाः सिकल सेल रोग में समानता" पर चर्चा करते हुए संस्थापक रक्तवीर नदीम खान ने सिकल सेल रोग की वर्तमान स्थिति, चुनौतियों और रोगियों की समस्याओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान सिकल सेल एनीमिया एवं थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों, मरीजों और उनके परिजनों ने तख्तियों के माध्यम से झारखंड सरकार के समक्ष अपनी मांगें रखीं। इनमें रक्त विकार एवं असाध्य रोगियों के लिए विधानसभा में की गई घोषणाओं को लागू करने, सभी आवश्यक दवाएं एवं जांच निःशुल्क उपलब्ध कराने, सरकारी एवं निजी ब्लड बैंकों से बिना डोनर के भी प्राथमिकता के आधार पर निःशुल्क रक्त उपलब्ध कराने तथा रोगियों को प्रतिमाह 10 हजार रुपये पेंशन देने की मांग प्रमुख रही।




### कैलेंडर जारी करने की भी मांग की गई

इसके अलावा प्रत्येक जिले में रक्त विकार रोगियों के लिए समुचित दवा व्यवस्था सुनिश्चित करने, दिव्यांग पेंशन का नियमित भुगतान करने, रक्तदान को सरकारी प्राथमिकता में शामिल करने और राज्यस्तरीय रक्तदान शिविर कैलेंडर जारी करने की भी मांग की गई। बैठक में झारखंड के सिकल सेल एनीमिया पीड़ितों एवं उनके परिजनों के लिए एक समन्वय (कोऑर्डिनेशन) टीम का गठन भी किया गया। इसमें संजय महतो, लीला देवी, सानिया प्रवीन, संगीता देवी और शांति देवी को शामिल किया गया।

## करियर, नेतृत्व और कैंपस सुरक्षा पर विशेषज्ञों ने दिए टिप्स

**रांची।** आईआईएम रांची में उन्मुखीकरण कार्यक्रम के चौथे दिन गुरुवार को एमबीए, एमबीए-एचआरएम, एमबीए-बीए और पीएचडी छात्रों के लिए विशेष सत्र आयोजित किए गए। शिखा टौंक ने करियर और नेतृत्व क्षमता पर चर्चा करते हुए कहा कि एएमबीए जैसी वैश्विक मान्यताएं बिजनेस स्कूल की गुणवत्ता का मुख्य मानक हैं। उन्होंने डिजिटल युग में समय प्रबंधन और सामाजिक जिम्मेदारी को नेतृत्व का आधार बताया। नीलोत्पल सहाय ने छात्रों को अधूरी जानकारी के बीच सही प्रक्रिया और अनुशासन के साथ निर्णय लेने की कला सिखाई। इसके अलावा, कैंपस सुरक्षा को लेकर प्रो. ज्योति वर्मा ने एंटी-रैगिंग नीति और नियमों की जानकारी दी, जबकि प्रो. श्वेता झा ने पॉश अधिनियम पर चर्चा करते हुए एक सुरक्षित और समावेशी माहौल बनाने पर जोर दिया।

# एक दिवसीय योग वर्कशॉप में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** गुरुवार को डैन्सपिरेशन स्टूडियोज़ और बंका मेमोरियल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वाधान में हरमू रोड स्थित डैन्सपिरेशन स्टूडियोज़ में एक दिवसीय योग कार्यशाला का भव्य आयोजन किया गया। इस गरिमापूर्ण अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बंका मेमोरियल ट्रस्ट के ट्रस्टी दीपक बंका, दीप कूट्योर बूटिक की संचालिका दीपा बंका, डैन्सपिरेशन स्टूडियोज़ के निदेशक अभिषेक कुमार एवं कविता कुमारी, प्रसिद्ध समाजसेवी आशुतोष द्विवेदी तथा बंका मेमोरियल ट्रस्ट के सदस्य अमित कुमार उपस्थित थे।

इस विशेष शिविर में रांची के विभिन्न क्षेत्रों से आई म हिलाओं ने बेहद उत्साह के साथ भाग लिया।

## सिविल सर्जन कार्यालय का आज घेराव करेंगे एनएचएम कर्मी

**रांची।** रांची जिला स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के कर्मी वेतन भुगतान की मांग को लेकर शुक्रवार को सिविल सर्जन कार्यालय का घेराव करेंगे। कर्मियों का आरोप है कि उन्हें पिछले चार माह से वेतन का भुगतान नहीं किया गया है, एनएचएम कर्मियों का कहना है कि नियमित रूप से स्वास्थ्य सेवाएं देने के बावजूद वेतन नहीं मिलने से परिवार चलाना मुश्किल हो गया है। कई कर्मियों को बच्चों की पढ़ाई, घर का किराया और अन्य जरूरी खर्चों के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## आज कल




## 1.40 हजार से भी अधिक आश्रम में निराश्रितों को कराया भोजन

# जरूरतमंदों की सेवा ही ईश्वर की सच्ची अराधना : संजय सर्राफ

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** पुंदाग स्थित सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम (सत्य-प्रेम सभागार) में रह रहे 48 दिव्यांग निराश्रितों एवं आश्रम में रहकर उनकी सेवा करने वाले सेवादार साथियों के बीच विभिन्न व्यंजनों के साथ अन्नपूर्णा सेवा भोजन प्रसादी का विधिवत आश्रम के किचन में स्वादिष्ट एवं पौष्टिक भोजन बनवाकर भोजन खिलाया जा रहा है।सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने बताया कि 1 जून से 18 जून तक 18 दिनों मे 3990 निराश्रित प्रभुजी एवं उनकी देखभाल करने



वाले सेवादार साथियों के बीच अन्नपूर्णा सेवा भोजन प्रसाद का वितरण किया गया। उन्होंने बताया कि विगत 2 वर्षों में 1 लाख 40 हजार से भी अधिक आश्रम में निराश्रितों को भोजन कराया गया।

ब इस सेवा में कई लोगों ने सहयोग देते हुए स्वयं भोजन सेवा का दायित्व निभाया, इसके अलावे कई लोगों द्वारा आश्रम में रह रहे निराश्रितो, मंदबुद्धि, दीनबंधुओं के लिए खाद्य सामग्री एवं जरूरत के समान प्रदान किया गया। उन्होंने कहा कि सेवा कार्यों को समाज के हर वर्ग का सहयोग और प्रोत्साहन मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि मानव प्रभु सेवा से बढ़कर कोई सेवा नहीं है।

## रांची मंडल के 9 रेलवे स्टेशनों पर बनेंगे और विस्तारित होंगे फुट ओवर ब्रिज

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची मंडल निरंतर यात्री सुविधाओं के विस्तार एवं आधुनिकीकरण के लिए प्रयासरत है। अब विकास कार्य मंडल के केवल प्रमुख एवं बड़े रेलवे स्टेशनों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि छोटे एवं मध्यम श्रेणी के स्टेशनों पर भी आधारभूत संरचना के उन्नयन, सौंदर्यीकरण तथा यात्री सुविधाओं के विस्तार पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। यात्रियों की सुरक्षा, सुविधा एवं सुगम आवागमन को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए दक्षिण पूर्व रेलवे के रांची मंडल द्वारा बुनियादी यात्री सुविधाओं के उन्नयन की दिशा में एक और महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। इसके तहत रांची मंडल के टाटीसिलवे, तुलिन, टांगरबांसली, सिल्ली, नामकुम, झालिदा एवं रामगढ़ कैंट रेलवे स्टेशनों पर नए फुट ओवर ब्रिज का निर्माण किया जा रहा है।

इसके अतिरिक्त ओड़गा एवं गोविंदपुर रेलवे स्टेशनों पर वर्तमान फुट ओवर ब्रिजों का विस्तार किया जा रहा है, जिससे यात्रियों को प्लेटफॉर्मों के बीच सुरक्षित एवं सुविधाजनक आवागमन की बेहतर सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।

इस महत्वाकांक्षी परियोजना पर लगभग 30 करोड़ रुपये की लागत आने का अनुमान है तथा सभी कार्यों को वित्तीय वर्ष 2026 - 27 के अंत तक पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

फुट ओवर ब्रिजों के निर्माण एवं विस्तार से यात्रियों को रेलवे पटरियों को सीधे पार करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी, जिससे दुर्घटनाओं की संभावना में कमी आएगी।

## योग आता है सकारात्मक बदलावः मुक्तरथ

**रांची।** डीएवी गांधीनगर में गुरुवार को योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इसमें सत्यानंद योग मिशन के स्वामी मुक्तरथ और आचार्य केशव ने शिक्षकों व विद्यार्थियों को योग का महत्व समझाया। प्रतिभागियों को ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन, वज्रासन और प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। प्राचार्य प्रदीप कुमार झा ने सभी को मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए दैनिक जीवन में नियमित योग अपनाने का संदेश दिया।

## गुरुद्वारा स्टेशन रोड की नई कमेटी गठित

**रांची।** स्टेशन रोड गुरुद्वारा की नई प्रबंधकीय कमेटी का गुरुवार को गठन किया गया। इसमें सर्वसम्मति से केसर सिंह राजपाल को प्रधान और परमजीत सिंह होड़ा को सेक्रेटरी चुना गया। इसके अलावा हरदीप सिंह सुंडू और गुरदीप सिंह बग्गा को उप सेक्रेटरी मनोनीत किया गया। वहीं हरजीत सिंह, सतपाल सिंह, गुरनाम सिंह, जसबीर सिंह, गुरप्रीत सिंह और सतमीत सिंह चावला को कार्यकारिणी सदस्य के रूप में चयनित किया गया है।

## नाबार्ड का तीन दिवसीय आम महोत्सव आज से

**रांची।** राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) की ओर से शहीद चौक स्थित झारखंड स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक परिसर में शुक्रवार से तीन दिवसीय आम महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। आरबीआई की क्षेत्रीय निदेशक रक्षा मिश्रा बतौर मुख्य अतिथि महोत्सव का उद्घाटन करेंगी।


**मानसून** झारखंड में मानसून की धीमी शुरुआत, 3 जिलों में सामान्य से कम बारिश रिकॉर्ड

# रांची छोड़ बाकी के जिलों में सामान्य से कम बारिश

- इसी तरह 01 जून से 18 जून के बीच सरायकेला-खरसावां में सामान्य से 84% और खूंटी में 77% वर्षा की कमी दर्ज की गई

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** बिल्कुल निर्धारित और तय समय पर झारखंड में दस्तक देने का बावजूद मानसून की शुरुआत अपेक्षा से कमजोर रही है। मौसम केंद्र ,रांची से मिले मानसून संबंधित आंकड़े के अनुसार झारखंड में 01 जून से 18 जून 2026 के बीच में



### सामान्य वर्षापात वाले जिले की सूची

मौसम केंद्र के तय मानक के अनुसार औसत वर्षा से 19% तक कम या 19% अधिक वर्षा को सामान्य वर्षा की श्रेणी में रखा जाता है। ऐसे में रांची जिला ही एक मात्र ऐसा जिला है जहां 01 जून से 18 जून के बीच मानसूनी वर्षापात सामान्य रहा है। अब तक रांची जिले में 86.9 मिलीमीटर वर्षा हुई है, जो सामान्य 77.5 मिलीमीटर की तुलना में 12 प्रतिशत अधिक है। मानसून की कमजोर शुरुआत का असर कृषि गतिविधियों पर पड़ने की संभावना है। झारखंड में सबसे अधिक धान की खेती होती है।

औसत वर्षा 30.8 मिलीमीटर दर्ज की गई, जबकि सामान्य स्थिति में वर्षा 74.9 मिलीमीटर होनी चाहिए थी। इस प्रकार राज्य में कुल वर्षा में 59% की कम रही है।

राज्य के ज्यादातर जिलों में मानसून के शुरुआती दिनों में वर्षापात औसत से कम रहा है। रांची जिला को छोड़ दें तो बाकी के 23 जिलों में सामान्य से कम बारिश रिकॉर्ड की गई है। पहले से ही अलनीनो के प्रभाव से सामान्य से कम बारिश के पूर्वानुमान के बीच झारखंड में मानसून की शुरुआती कम बारिश चिंता को बढ़ाने वाला है।

हालांकि यह मानसून के शुरुआती दिन हैं। बहुत संभव है कि आनेवाले दिनों में मानसूनी बारिश होने से स्थिति में सुधार हो, लेकिन 01 जून से 18 जून तक के मौसम केंद्र, रांची के आंकड़े बताते हैं कि झारखंड में अब तक का मानसून कमजोर ही रहा है। गढ़वा में 01 जून से 18 जून तक सामान्यतः 46.7एमएम बारिश होती है, लेकिन इस बार अब तक एक मिलीमीटर भी वर्षा दर्ज नहीं हुई, जो सामान्य से 100% कम है। इसी तरह पलामू और साहिबगंज में 97% वर्षा की कमी दर्ज की गई। चतरा में सामान्य से 95% और लोहरदगा में सामान्य से 94% वर्षा कम हुई है। इसी तरह 01 जून से 18 जून के बीच सरायकेला-खरसावां में सामान्य से 84% और खूंटी में 77% वर्षा की कमी दर्ज की गई।

# रिम्स प्रशासन सख्त, 24 घंटे में योगदान नहीं देने वाले कर्मियों पर होगी कार्रवाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रिम्स प्रशासन ने स्थानांतरित कर्मचारियों को लेकर कड़ा रुख अपनाया है। प्रशासन की ओर से जारी एक कार्यालय आदेश में स्पष्ट किया गया है कि जिन कर्मचारियों का पूर्व में स्थानांतरण किया जा चुका है, लेकिन उन्होंने अब तक अपने नए पदस्थापन स्थल या विभाग में योगदान नहीं दिया है, उन्हें 24 घंटे के भीतर योगदान सुनिश्चित करना होगा। ऐसा नहीं करने पर उनके वेतन पर रोक लगाने के साथ-साथ विभागीय अनुशासनात्मक कार्रवाई भी की जाएगी। रिम्स प्रशासन से जारी आदेश के अनुसार, 27 मई को संस्थान के अंतर्गत कार्यरत कर्मचारियों का स्थानांतरण और स्थानांकन किया गया था। हालांकि, प्रशासन के संज्ञान में यह बात आई है कि कई कर्मचारी अब तक अपने निर्धारित नए विभागों या कार्यस्थलों पर योगदान नहीं दे पाए हैं। इसी को गंभीरता से लेते हुए प्रशासनिक पदाधिकारी ने सभी संबंधित कर्मचारियों को निर्देश दिया है कि वे 24 घंटे के भीतर अपने स्थानांतरण आदेश का अनुपालन करते हुए नए पदस्थापन स्थल पर योगदान दें और इसकी सूचना संबंधित विभाग को उपलब्ध कराएं। आदेश में यह भी कहा गया है कि निर्धारित समयावधि में योगदान नहीं देने वाले कर्मचारियों को अनुपस्थित मानते हुए उनका वेतन रोक दिया जाएगा।

### समाज सुधार को लेकर जमीअत उलेमा झारखंड की बैठक

# बैठक में कई अहम फैसलों पर लगी मुहर

- मैरिज हॉल में भी सादगीपूर्ण निकाह को प्रोत्साहित करने तथा बारात ले जाने की रस्म को समाप्त करने पर सहमति बनी

**नवीन मेल संवाददाता**



**चान्हो।** जमीअत उलेमा झारखंड के तत्वावधान में शादी-ब्याह में बढ़ती फिजूलखर्ची एवं गैर-इस्लामी रस्मों को समाप्त करने के उद्देश्य से चान्हो प्रखंड के चटवल मोड़ स्थित मस्जिद में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मौलाना रफीक मजाहिरी ने की। जबकि इसमें बड़ी संख्या में क्षेत्र के उलेमा, गांव के अंजुमन के लोग और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक में समाज में सादगीपूर्ण एवं शरीयत के अनुसार निकाह को बढ़ावा देने के लिए कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर सर्वसम्मति से मुहर लगाई गई। तय किया गया कि निकाह मस्जिद में पढ़ाया जाए तथा रात में होने वाली शादियों की परंपरा को समाप्त किया जाए। साथ ही लड़की पक्ष के यहां किसी प्रकार की दावत या जियाफत का आयोजन नहीं करने का निर्णय लिया गया। बैठक में वलीमा अथवा शादी समारोह में लिफाफा (नकद उपहार) देने की रस्म को खत्म करने, लड़के पक्ष से निकाह के नाम पर किसी प्रकार की अतिरिक्त फीस नहीं लेने तथा केवल काजी साहब की निर्धारित फीस अदा करने का फैसला लिया गया। इसके अलावा डीजे सिस्टम पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने, मैरिज हॉल में भी सादगीपूर्ण निकाह को प्रोत्साहित करने तथा बारात ले जाने की रस्म को समाप्त करने पर सहमति बनी।

उलेमाओं ने दहेज प्रथा के खिलाफ आवाज उठाते हुए कहा कि बेटियों को दहेज देने के बजाय शरीयत के अनुसार विरासत में उनका अधिकार दिया जाए। वहीं हल्दी, मेहंदी और अन्य गैर-शरई रस्मों एवं रिवाजों को खत्म करने का भी निर्णय लिया गया। वलीमा की दावत में पुरुषों और महिलाओं के लिए अलग-अलग व्यवस्था करने तथा विधवा एवं तलाकशुदा महिलाओं के पुनर्विवाह के प्रति समाज में जागरूकता पैदा करने और हर संभव सहयोग करने का भी संकल्प लिया गया।बैठक को संबोधित करते हुए जमीअत उलेमा झारखंड के अध्यक्ष मौलाना अब्दुल कयूम कासमी ने कहा कि आज मुस्लिम समाज में इस्लामी तरीके से होने वाली सादगीपूर्ण शादियों को छोड़कर दिखावे और फिजूलखर्ची का चलन बढ़ता जा रहा है, जिससे आसान निकाह भी मुश्किल होता जा रहा है। बैठक में हाजी तैयब, मौलाना जाहिद, मौलाना गाजी सलाउद्दीन, रहमतुल्लाह अंसारी जावेद खान अल्ताफ़ अंसारी, मौलाना रफीक, शफीक अंसारी, अबरारुल हक, हाफिज तज्जमुल, मौलाना अबुल कलाम, महबूब आलम, आशिक अंसारी, सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# जान जोखिम में डालकर सफर, क्षतिग्रस्त कलवर्ट के सहारे कर रहे हैं आवागमन

तमाड़। तमाड़-रायडीह मार्ग पर स्थित बड़ा तालाब के पास बना कलवर्ट एक साल बाद भी अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। पिछले वर्ष हुई भारी बारिश में कलवर्ट पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था। संबंधित विभाग ने अस्थायी मरम्मत कर आवागमन तो बहाल कर दिया, लेकिन एक साल बीत जाने के बाद भी नए कलवर्ट का निर्माण शुरू नहीं हो सका है। तस्वीर में साफ दिख रहा है कि कलवर्ट का एक बड़ा हिस्सा टूटकर गिर चुका है। सड़क के बीचों-बीच गहरा गड्ढा बन गया है। लोग जान जोखिम में डालकर टूटे कलवर्ट के बगल से बाइक और पैदल निकलने को मजबूर हैं। जरा सी चूक बड़ी दुर्घटना को न्योता दे सकती है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि यह मार्ग तमाड़ और रायडीह के बीच आवागमन का मुख्य संपर्क मार्ग है। रोजाना बड़ी संख्या में ग्रामीण, छात्र-छात्राएं और वाहन इसी रास्ते से गुजरते हैं। बरसात शुरू हो चुकी है, ऐसे में कलवर्ट के फिर से बह जाने या और टूटने की आशंका बनी हुई है।ग्रामीण महेश महतो ने बताया, पिछले साल सिर्फ मिट्टी डालकर खानापूर्ति कर दी गई थी। अधिकारी बोले थे कि नया कलवर्ट बनेगा, लेकिन एक साल हो गया, एक ईंट तक नहीं रखी गई। रात में यहां से निकलना मतलब मौत को दावत देना है।

**विभाग की लापरवाही :**ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार विभागीय अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को आवेदन दिया गया, लेकिन हर बार सिर्फ आश्वासन मिला। बरसात में अगर कोई हादसा हुआ तो इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा? स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन और पथ निर्माण विभाग से मांग की है कि बरसात से पहले युद्धस्तर पर नए कलवर्ट का निर्माण शुरू कराया जाए। साथ ही जब तक निर्माण पूरा नहीं होता, तब तक वैकल्पिक रास्ते की व्यवस्था की जाए ताकि कोई अप्रिय घटना न हो।

## दृष्टिपात

### पिपरवार के होनहार ऋषभ नंदा ने सीए की परीक्षा में पाई सफलता

**पिपरवार।** पिपरवार क्षेत्र के कोलफील्ड मजदूर यूनियन के वरिष्ठ नेता भीम सिंह यादव के बड़े पुत्र ऋषभ नंदा ने चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) परीक्षा में सफलता प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि पर परिवार, मित्रों, शिक्षकों एवं क्षेत्रवासियों में हर्ष का माहौल है। ऋषभ नंदा की प्रारंभिक शिक्षा डीएवी पब्लिक स्कूल, बचरा से हुई। इसके बाद उन्होंने डीएवी पब्लिक स्कूल, गांधीनगर से मैट्रिक की परीक्षा उत्तीर्ण की। उच्च शिक्षा के लिए उन्होंने संत जेवियर्स कॉलेज में अध्ययन किया। अपनी मेहनत, लगन और निरंतर प्रयास के बल पर उन्होंने देश की प्रतिष्ठित एवं कठिन मानी जाने वाली सीए परीक्षा में सफलता हासिल की। ऋषभ की इस उपलब्धि पर क्षेत्र के सामाजिक, शैक्षणिक एवं श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। लोगों ने कहा कि ऋषभ की सफलता क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है और यह साबित करती है कि कठिन परिश्रम एवं दृढ़ संकल्प से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। परिवार के सदस्यों ने बताया कि ऋषभ शुरू से ही मेधावी छात्र रहे हैं और उन्होंने अनुशासित अध्ययन के माध्यम से यह मुकाम हासिल किया है। उनकी सफलता से पूरे परिवार के साथ-साथ पिपरवार क्षेत्र भी गौरवान्वित महसूस कर रहा है।

### राजधर साइडिंग के रैयत विस्थापितों ने लंबित मुआवजा भुगतान की उठाई मांग

**पिपरवार।** राजधर साइडिंग से प्रभावित रैयत विस्थापितों ने भूखंड के बदले एकमुश्त भुगतान तथा मकान मुआवजा की लंबित राशि के शीघ्र भुगतान की मांग को लेकर पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक को आवेदन सौंपा है। रैयत विस्थापित मोर्चा की ओर से दिए गए आवेदन में कहा गया है कि राजधर साइडिंग अंतर्गत कारो एवं बहेरा गांव के कई रैयतों का भूखंड के बदले मिलने वाला एकमुश्त भुगतान अब तक लंबित है। वहीं बहेरा गांव के कई प्रभावित परिवारों को मकान का मुआवजा भी नहीं मिला है। आवेदन में उल्लेख किया गया है कि 30 जून 2025 को रैयत विस्थापित मोर्चा एवं प्रबंधन के बीच हुई बैठक में लंबित भुगतान को शीघ्र करने पर सहमति बनी थी। इसके बावजूद आज तक भुगतान नहीं हो सका है, जिससे प्रभावित रैयतों में नाराजगी बढ़ रही है। रैयतों का कहना है कि वे लगातार संबंधित कार्यालयों का चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। मोर्चा ने महाप्रबंधक से भूखंड के बदले एकमुश्त भुगतान तथा मकान मुआवजा की राशि अविलंब जारी करने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि भुगतान में और विलंब हुआ तो रैयत विस्थापित मोर्चा आंदोलन करने को बाध्य होगा। रैयतों ने कहा कि प्रबंधन को पूर्व में हुई सहमति का सम्मान करते हुए प्रभावित परिवारों को शीघ्र न्याय दिलाना चाहिए, ताकि क्षेत्र में व्याप्त असंतोष समाप्त हो सके।

### खूंटी सदर अस्पताल में परिवार नियोजन को लेकर इम्प्लांट विधि का शुभारंभ

**खूंटी।** सदर अस्पताल में गुरुवार को परिवार नियोजन कार्यक्रम के तहत महिलाओं के लिए दीर्घकालिक गर्भनिरोधक इम्प्लांट विधि की शुरुआत की गई। इस अवसर पर स्त्री और प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ प्रियंका आनंद ने कहा कि प्रसव के बाद सुरक्षित अंतराल बनाए रखने के लिए यह एक प्रभावी एवं सुविधाजनक विकल्प है। उन्होंने बताया कि इम्प्लांट विधि तीन वर्षों तक प्रभावी रहती है। यदि कोई महिला निर्धारित अवधि से पहले इसे हटवाना चाहे तो इसे आसानी से निकाला भी जा सकता है। इस विधि से योग्य दंपतियों को अनचाहे गर्भधारण की समस्या से बचने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि सहिया और स्वास्थ्यकर्मियों की ओर से लाभार्थियों को समय-समय पर आवश्यक परामर्श एवं फॉलो-अप सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, ताकि परिवार नियोजन कार्यक्रम का लाभ अधिक से अधिक महिलाओं तक पहुंच सके। परिवार नियोजन परामर्शदाता निशांत झा ने बताया कि अब तक माला-डी, कॉपर-टी, निरोध, छाया और अंतरा इंजेक्शन जैसी विधियों के माध्यम से महिलाओं को बच्चों के बीच अंतराल बनाए रखने की सुविधा उपलब्ध थी। अब इम्प्लांट के रूप में एक और प्रभावी विकल्प जुड़ गया है, जिसे एक बार लगाने के बाद महिला तीन वर्षों तक गर्भधारण की चिंता से मुक्त रह सकती है। डीजीएमयू समन्वयक ललन महतो ने इसे खूंटी जिले के लिए ऐतिहासिक पहल बताते हुए कहा कि जिले में इम्प्लांट विधि की सफल शुरुआत से परिवार नियोजन कार्यक्रम को नई मजबूती मिलेगी।

### अवैध अफीम की खेती के खिलाफ समन्वित कार्रवाई करें अधिकारी : उपायुक्त

**खूंटी।** समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त मो जावेद हुसैन की अध्यक्षता में गुरुवार को एनसीओआरडी (नारको कोऑर्डिनेशन सेंटर) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में अवैध अफीम की खेती तथा अन्य मादक पदार्थों के उत्पादन, तस्करी और बिक्री की रोकथाम को लेकर समीक्षा की गई। बैठक के दौरान पुलिस विभाग के अधिकारियों और थाना प्रभारियों की ओर से अवैध अफीम की खेती के विरुद्ध दर्ज एफआईआर, एनडीपीएस एक्ट के तहत की गई कार्रवाई एवं अन्य कानूनी उपायों की अद्यतन जानकारी प्रस्तुत की गई। उपायुक्त ने रिपोर्ट की समीक्षा करते हुए सभी अंचल अधिकारियों, थाना प्रभारियों एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित कर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि सभी अंचल अधिकारी और थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्रों का नियमित निरीक्षण करें एवं आवश्यकता पड़ने पर ड्रोन के माध्यम से भी निगरानी रखी जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि जिन क्षेत्रों में पूर्व में अफीम की खेती नष्ट की गई है, वहां की स्थिति की निरंतर निगरानी एवं जांच की जाए, ताकि दोबारा खेती की संभावना को पूरी तरह समाप्त किया जा सके। उन्होंने जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों के साथ-साथ विद्यालयों और कॉलेजों के आसपास विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए।

### नशाखोरी व साइबर ठगी से बचाव के लिए एसीसी हाई स्कूल के विद्यार्थियों को किया गया जागरूक



**खलारी।** एसीसी हाई विद्यालय, खलारी में पुलिस प्रशासन की ओर से छात्र-छात्राओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को नशाखोरी के दुष्प्रभावों, साइबर अपराधों तथा बैंकिंग धोखाधड़ी से बचने के उपायों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम शुरुआत से पूर्व विद्यालय की प्राचार्या अर्चना उपाध्याय एवं प्रशासक जामवंत सिंह ने खलारी डीएसपी रामनारायण चौधरी, थाना प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक रामकुमार वर्मा तथा पुअनि कपिलदेव यादव का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। पुलिस अधिकारियों ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नशाखोरी युवाओं के भविष्य को बर्बाद कर सकती है। उन्होंने छात्र-छात्राओं से किसी भी प्रकार के नशीले पदार्थों से दूर रहने तथा अपने परिवार और समाज को भी इसके प्रति जागरूक करने की अपील की। उन्होंने विद्यार्थियों को सलाह दी कि किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ बैंक खाता, एटीएम कार्ड, पासवर्ड या ओटीपी जैसी गोपनीय जानकारी साझा न करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत संबंधित अधिकारियों को दें। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों पर सवाल पूछे, जिनका पुलिस अधिकारियों ने सरल भाषा में जवाब देते हुए उन्हें डिजिटल सुरक्षा और जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। अंत में विद्यालय की प्राचार्या अर्चना उपाध्याय ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# सरला बिरला विश्वविद्यालय में शतरंज का रोमांच, तनिष्क कुमार ने जीता मुकाबला



**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित 25वीं आदित्य बिरला मेमोरियल सीनियर झारखंड स्टेट फीडे रेटिंग चेस चैंपियनशिप 2026 के छठे राउंड में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। मुकाबलों में तनिष्क कुमार, बी.सी. त्रिपाठी, अंकित कुमार समेत कई खिलाड़ियों ने अपने-अपने मैच जीतकर बढ़त बनाई। छठे राउंड में तनिष्क कुमार ने मणिदीप को, बीसी त्रिपाठी ने अर्पित आनंद को, अंकित कुमार ने आशीष कुमार को, विभाष कुमार ने श्रेयांश को, कमल ने इमरान को, इशांत ने कुश को और गगनदीप ने देवांजन को पराजित किया। वहीं यश और नविका के बीच तथा वेदांत राजेश और रोहन शांडिल्य के बीच खेला गया मुकाबला ड्रॉ पर समाप्त हुआ। चैंपियनशिप के दौरान खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने के लिए कई गणमान्य सदस्य एवं पदाधिकारी मौजूद रहे। इनमें ऑल इंडिया चेस फेडरेशन (AICF) के संयुक्त सचिव मनीष कुमार, ऑल झारखंड चेस एसोसिएशन के महासचिव नवजोत अलंग, कोषाध्यक्ष सतीश कुमार, प्रबंधक मानसी सिंह, टूर्नामेंट डायरेक्टर दीपक कुमार, चीफ ऑर्बिटर विशाल मिंज और विनोद कुमार साव शामिल थे।ऑल झारखंड चेस एसोसिएशन के अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा ने प्रतियोगिता में भाग ले रहे सभी खिलाड़ियों को शुभकामना संदेश देते हुए उनके बेहतर प्रदर्शन की कामना की। प्रतियोगिता के माध्यम से झारखंड के शतरंज खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने और राष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धा के लिए तैयारी करने का बेहतर मंच मिल रहा है।

# किशोरों के लिए सुरक्षित डिजिटल माहौल बनाने पर मेटा का जोर

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मेटा ने इंस्टाग्राम, फेसबुक और मैसेंजर पर किशोरों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए नए फीचर्स शुरू किए हैं। कंपनी ने टीन अकाउंट्स के लिए 13+ कंटेंट सेटिंग्स लागू करने के साथ एआई आधारित आयु पहचान तकनीक का विस्तार किया है। इसके अलावा, आत्महत्या या खुद को नुकसान पहुंचाने से जुड़े सर्च बार-बार करने पर अभिभावकों को अलर्ट भेजा जाएगा। मेटा के अनुसार इन कदमों का उद्देश्य किशोरों को सुरक्षित और उम्र के अनुरूप ऑनलाइन अनुभव उपलब्ध कराना है।

### बेड़ो में 'शिव शक्ति फूड्स फ्लावर मिल' का भव्य उद्घाटन

# उद्योगों का खुलना आत्मनिर्भरता की ओर एक बड़ा कदम है : सन्नी

**नवीन मेल संवाददाता**



**बेड़ो।** क्षेत्र के विकास और स्थानीय स्तर पर शुद्ध खाद्य सामग्री की उपलब्धता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आज बेड़ो के जामटोली रोड (सरस्वती विद्या मंदिर के पास) में शिव शक्ति फूड्स फ्लावर मिल का भव्य उदघाटन किया गया। इस नए फ्लावर मिल (आटा मिल) का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा युवा नेता सन्नी टोप्पो ने विधिवत फीता काटकर और नारियल फोड़कर किया। इस अवसर पर मिल के संचालक करूणा निधि गुप्ता,भाजपा बेड़ो मंडल के अध्यक बलराम सिंह, जगन्नाथ भगत,मनोज उरांव, बिरसा उरांव,आनंद साहू, डॉ॰ राजेश साहू सहित स्थानीय गणमान्य लोग और भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। सभी ने नए प्रतिष्ठान के खुलने पर हर्ष व्यक्त किया और संचालक को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

*मिल की खासियतः* एक ही छत के नीचे मिलेंगे सभी प्रकार के आटे :- जामटोली रोड स्थित इस आधुनिक मिल में क्षेत्र के लोगों को शुद्धता की शत-प्रतिशत गारंटी के साथ सभी प्रकार के आटे (जैसे- गेहूं का आटा, मकई का आटा, मल्टीग्रेन आटा आदि) उचित मूल्य पर उपलब्ध कराए जाएंगे। अब स्थानीय ग्रामीणों और बाजार के लोगों को शुद्ध व ताजे आटे के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। उदघाटन के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सन्नी टोप्पो ने स्थानीय स्तर पर रोजगार और स्वरोजगार के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने अपने संबोधन में कहाः आज बेड़ो के जामटोली रोड में शिव शक्ति फूड्स फ्लावर मिल की शुरुआत होना पूरे क्षेत्र के लिए गर्व और खुशी की बात है। ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के छोटे और मध्यम उद्योगों का खुलना आत्मनिर्भरता की ओर एक बड़ा कदम है। इससे न सिर्फ स्थानीय लोगों को रोजगार मिलता है, बल्कि आसपास के किसानों और आम जनता को भी सीधा फायदा होता है। श्री टोप्पो ने आगे कहा कि आज के समय में मिलावटखोरी एक बड़ी समस्या बन चुकी है, जिससे लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है। ऐसे में शिव शक्ति फूड्स द्वारा शुद्ध और हर वैरायटी का आटा स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराने का संकल्प सराहनीय है।

हमारी युवा पीढ़ी को नौकरी मांगने वाले के बजाय नौकरी देने वाला बनना होगा। मैं मिल के संचालकों को इस बेहतरीन पहल के लिए बधाई देता हूँ और बाबा भोलेनाथ से प्रार्थना करता हूँ कि यह प्रतिष्ठान दिन दोगुनी-रात चौगुनी उन्नति करे। इस उदघाटन समारोह के मौके पर बेड़ो क्षेत्र के कई सामाजिक कार्यकर्ता, व्यवसायी और स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे।

## आज कल




### वर्षा के जल का संरक्षण बेहद जरूरी : उपायुक्त

**खूंटी।** द हंस फाउंडेशन की ओर से ग्रामीण जल और स्वच्छता समिति के सदस्यों के लिए गुरुवार को कर्रा में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त जावेद हुसैन ने किया। कार्यशाला में तोरपा और कर्रा प्रखंड के जल समिति सदस्यों को वर्षा जल संरक्षण करने, जलकर जमा कर गांवों को आत्मनिर्भर बनाने एवं भविष्य के जल संकट से बचने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने की जानकारी दी गई।

### अनुपयोगी लिथियम-आयन बैटरियों के पुनर्चक्रण के लिए करार

**जमशेदपुर।** सीएसआईआर-राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला (सीएसआईआर-एनएमएल), जमशेदपुर ने नई दिल्ली स्थित आर2ई ग्रीनटेक प्राइवेट लिमिटेड के साथ पुरानी एवं उपयोग समाप्त लिथियम-आयन बैटरियों के पुनर्चक्रण (रीसाइक्लिंग) के लिए विकसित स्वदेशी तकनीक के हस्तांतरण एवं व्यावसायीकरण हेतु समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। 18 जून को हुए इस समझौते के तहत सीएसआईआर-एनएमएल द्वारा विकसित तकनीक का उपयोग कर लिथियम, कोबाल्ट, निकेल, मैंगनीज, कॉपर, एल्यूमिनियम और ग्रेफाइट जैसे मूल्यवान पदार्थों की पुनर्प्राप्ति की जाएगी। इससे बैटरी कचरा प्रबंधन को बढ़ावा मिलेगा और सर्कुलर इकोनॉमी को मजबूती मिलेगी। सीएसआईआर-एनएमएल के निदेशक डॉ. संदीप घोष चौधुरी की उपस्थिति में हुए इस करार को भारत में बढ़ते बैटरी कचरे के वैज्ञानिक और सुरक्षित प्रबंधन की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

### 90 दिवसीय विधिक जागरूकता कार्यक्रम का होगा आयोजन

# डिप्टी एलएडीसी ने उपस्थित लोगों को संचालित योजनाओं की दी जानकारी

- आदिवासी क्षेत्रों में जागरुकता की कमी के कारण लोग भुखमरी और कुपोषण का शिकार हो जाते हैं

**नवीन मेल संवाददाता**




**सिल्ली ।** माननीय न्यायमूर्ति-सह-कार्यपालक अध्यक्ष, झालसा सुजीत नारायण प्रसाद के दिशा-निर्देश पर एवं माननीय सदस्य सचिव झालसा, कुमारी रंजना अस्थाना एवं माननीय न्यायायुक्त, रांची अनिल कुमार मिश्रा-1 के मार्गदर्शन में तथा डालसा सचिव राकेश रौशन की मौजुदगी में 90 दिवसीय विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन होना सुनिश्चित हुआ है। इसी आलोक में गुरुवार को सिल्ली के राधिका मैदान में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डिप्टी एलएडीसी राजेश कुमार सिन्हा, पीएलवी गणेश कुमार, ब्रजेश कुमार महतो, सुनील कुमार महतो, कौशल्या देवी, शंकर महतो, बंशीधर घटवार, पंकज महतो, राजकुमार, चालक राजा वर्मा समेत अन्य लोग उपस्थित थे। डिप्टी एलएडीसी राजेश कुमार सिन्हा ने उपस्थित लोगों को झालसा द्वारा संचालित योजना तृप्ति के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रोजेक्ट तृप्ति मुख्य रूप से झारखंड में भूख को मिटाने, भुखमरी से होने वाली मौतों को रोकने और मानव तस्करी से मुक्त कराए गए पीड़ितों के पुनर्वास के लिए संचालित एक अत्यंत संवेदनशील और महत्वपूर्ण कानूनी कल्याणकारी योजना है। 'प्रोजेक्ट तृप्ति' की यह प्रोजेक्ट विशेष रूप से मानव तस्करी के जाल से छुड़ाए गए बच्चों और महिलाओं को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने और उनके पुनर्वास के लिए काम करता है।बाल विवाह, बाल श्रम, सड़क दुर्घटना, घरेलू हिंसा, पेशा अधिनियम, लोक अदालत तथा राज्य सरकार द्वारा चलायी जा रही कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी।यह भी ज्ञात हो कि डालसा के पीएलवी ने आगामी 12 सितम्बर को आयोजित होनेवाली राष्ट्रीय लोक अदालत पर फोकस किये और कहा कि उक्त तिथि को वादकारी अपने वादों का निस्तारण निःशुल्क करा सकते हैं।

**सुविधा की मांग** | पलामू के सुदना इंडस्ट्रियल एरिया का चैंबर ने किया निरीक्षण

# नए औद्योगिक क्षेत्र की उठी मांग, कई मुद्दों पर की गई चर्चा

- वर्षों से लंबित 20 मेगावाट सोलर पावर प्लांट योजना को जल्द स्वीकृति देने मांग की गई

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** राज्य के औद्योगिक क्षेत्रों की वर्तमान स्थिति का आकलन करने के लिए फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा चलाए जा रहे राज्यव्यापी अभियान के तहत पलामू के सुदना इंडस्ट्रियल एरिया का निरीक्षण किया गया। चैंबर के प्रतिनिधिमंडल ने औद्योगिक क्षेत्र की समस्याओं का जायजा लेते हुए सरकार के समक्ष आवश्यक सुधारों की मांग रखने की बात कही। निरीक्षण के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने पाया कि सुदना इंडस्ट्रियल एरिया में सड़क, स्ट्रीट लाइट, ड्रेनेज और सुरक्षा व्यवस्था जैसी कई मूलभूत सुविधाओं की कमी है। लगभग 33 एकड़ में विकसित यह औद्योगिक क्षेत्र पूरी तरह भर चुका है और नए उद्योगों की स्थापना के लिए भूमि उपलब्ध नहीं है। चैंबर ने पलामू में नए औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना के लिए शीघ्र भूमि चिन्हित करने की आवश्यकता जताई। निरीक्षण के बाद पलामू चैंबर ऑफ कॉमर्स के साथ आयोजित बैठक में जिले के औद्योगिक, व्यापारिक और विकास से जुड़े कई मुद्दों पर चर्चा हुई। व्यापारियों ने बताया कि मेदिनीनगर एयरपोर्ट व्यावसायिक उड़ानों के लिए लगभग तैयार है और आवश्यक एनओसी मिलने के बाद यहां से कमर्शियल फ्लाइट शुरू की जा सकती है। बैठक में पिछले तीन वर्षों से लंबित 20 मेगावाट सोलर पावर प्लांट योजना को जल्द स्वीकृति देने तथा कचरवा डैम क्षेत्र में 100 मेगावाट क्षमता वाले सोलर प्रोजेक्ट विकसित करने का सुझाव भी दिया गया। इसके अलावा शहर में बढ़ते अतिक्रमण, ट्रैफिक जाम, ट्रैफिक थाना की स्थापना, खासमहल से जुड़ी समस्याओं के समाधान, फायर मॉक ड्रिल और शहर के सौंदर्यीकरण जैसे मुद्दे भी उठाए गए।

महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने पर भी विशेष चर्चा हुई। पलामू चैंबर की महिला विंग, जिसमें 100 से अधिक सदस्य हैं, को सरकारी योजनाओं से जोड़ने और महिला उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के लिए पलामू चैंबर एवं झारखंड चैंबर संयुक्त रूप से कार्य करेंगे।

पलामू चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष आनंद शंकर ने कहा कि पलामू में उद्योग, व्यापार और पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं, लेकिन आधारभूत सुविधाओं और नीतिगत निर्णयों में देरी के कारण विकास प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि एयरपोर्ट, नए औद्योगिक क्षेत्र और खासमहल जैसी समस्याओं का समाधान होने से पलामू निवेश और रोजगार का बड़ा केंद्र बन सकता है। पलामू प्रमंडल के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष उदय शंकर दुबे ने कहा कि औद्योगिक विकास के लिए नए इंडस्ट्रियल एरिया की स्थापना अब आवश्यक हो चुकी है।

वहीं चैंबर महासचिव रोहित अग्रवाल ने कहा कि झारखंड चैंबर राज्य के सभी औद्योगिक क्षेत्रों का आकलन कर सरकार को एक समग्र रिपोर्ट सौंपेगा।

प्रतिनिधिमंडल में चैंबर महासचिव रोहित अग्रवाल, सह सचिव नवजोत अलंग, सह सचिव रोहित पोद्दार, कार्यकारिणी सदस्य अमित शर्मा, पलामू प्रमंडल के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष उदय शंकर दुबे सहित पलामू चैंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारी शामिल थे।

# आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की आय बढ़ाना ही योजना का उद्देश्य : सुधीर मंगलेश

● बीस सूत्री अध्यक्ष बोले- पशुधन विकास योजना के माध्यम से ग्रामीण परिवारों को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया जा रहा है

नवीन मेल संवाददाता



**रामगढ़** । दुलमी प्रखंड मुख्यालय में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के अंतर्गत ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बकरा-बकरी वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर 27 लाभुकों के बीच बकरा-बकरी का वितरण किया गया। प्रत्येक लाभुक को 8 बकरियां एवं 2 बकरे प्रदान किए गए। योजना के तहत पशुधन की आपूर्ति झारखंड विकास पशु फार्म द्वारा की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश, अंचल अधिकारी किशोरी यादव, विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र महतो तथा प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी शशि सिन्हा उपस्थित रहे। इस अवसर पर बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीणों को स्वरोजगार से जोड़ने एवं उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने के लिए विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं चला रही है। मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के माध्यम से पशुधन उपलब्ध कराकर ग्रामीण परिवारों को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बकरी पालन आय का एक बेहतर और स्थायी स्रोत है। इससे किसान एवं पशुपालक अपनी आमदनी बढ़ाकर आर्थिक रूप से सशक्त बन सकते हैं। उन्होंने लाभुकों से अपील की कि वे योजना का पूरा लाभ उठाते हुए पशुधन का समुचित रख-रखाव करें और इसे आजीविका का मजबूत माध्यम बनाएं। उन्होंने कहा कि इस योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की आय में वृद्धि करना तथा ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर सृजित करना है। यह योजना ग्रामीण पशुपालकों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो रही है, जिससे वे आत्मनिर्भर बनते हुए अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को और मजबूत कर सकेंगे। मौके पर विधायक कार्यालय प्रभारी छोटन कुमार,मुखिया राजीव मेहता, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र करमाली, कुल्ही पंचायत के उपमुखिया सुबोध कुमार, प्रेम मुंडा, कुंवर महतो व कई लोग उपस्थित थे।

# मजदूर 25 फीट की ऊंचाई से गिरकर घायल, रेफर

**बरही**। रियाडा औद्योगिक क्षेत्र में एक बार फिर कार्यस्थल सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। ताजा मामले में एक मजदूर करीब 25 फीट ऊंचाई से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर किया गया। यह कोई पहली घटना नहीं है, बल्कि उन हादसों की लंबी श्रृंखला की एक और कड़ी है, जो समय-समय पर यहां सामने आती रही हैं। फैक्ट्री प्रबंधन अक्सर दावा करता है कि मजदूरों और कर्मियों को सभी आवश्यक सुरक्षा उपकरण (सेफ्टी किट) उपलब्ध कराए जाते हैं। लेकिन लगभग हर दुर्घटना के बाद सामने आने वाली तस्वीरें और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान कुछ और ही कहानी कहते हैं। सवाल यह है कि यदि सुरक्षा उपकरण उपलब्ध हैं, तो दुर्घटना के समय उनका उपयोग क्यों नहीं हो रहा? क्या इसकी निगरानी की कोई व्यवस्था है या फिर सुरक्षा सिर्फ कागजों तक सीमित है? स्थानीय लोगों का कहना है कि वर्ष 2024 में हुए फर्नेस ब्लास्ट ने कई परिवारों के चिराग बुझा दिए थे। इसके बाद भी फर्नेस लीकेज, तकनीकी खामियों और कार्यस्थल दुर्घटनाओं की घटनाएं सामने आती रही हैं। हर बार जांच और सुधार के दावे किए जाते हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर बदलाव नजर नहीं आता। दुखद यह है कि हादसों का खामियाजा मजदूरों और उनके परिवारों को भुगतना पड़ता है, जबकि जिम्मेदारियां अक्सर फाइलों में दबकर रह जाती हैं। औद्योगिक क्षेत्र में प्रदूषण को लेकर भी स्थानीय लोगों का विरोध लगातार जारी है। ग्रामीणों का आरोप है कि स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं बढ़ रही हैं, लेकिन न तो प्रबंधन और न ही प्रशासन इस मुद्दे पर अपेक्षित गंभीरता दिखा रहा है। इस मामले में फैक्ट्री प्रबंधन का पक्ष जानने का प्रयास किया गया, लेकिन संपर्क नहीं हो सका।

## दृष्टिपात

### राधा गोविन्द विवि के विज्ञान विभाग ने छात्रों को कराया शैक्षणिक भ्रमण



**रामगढ़**। गुरुवार को रांची में आयोजित झारखंड कृषि व्यापार मेला में राधा गोविन्द विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान विभाग के नेतृत्व में वनस्पति विज्ञान विभाग तथा जंतु विज्ञान विभाग द्वारा विद्यार्थियों का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने कृषि क्षेत्र में उपयोग की जाने वाली आधुनिक तकनीकों, उन्नत बीजों, जैविक खेती, कृषि यंत्रों एवं नवीन कृषि पद्धतियों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। मेले में विभिन्न संस्थानों एवं कृषि विशेषज्ञों द्वारा प्रदर्शित नवाचारों का विद्यार्थियों ने अवलोकन किया तथा कृषि के क्षेत्र में हो रहे नवीन शोध एवं तकनीकी विकास से परिचित हुए। विद्यार्थियों ने आधुनिक कृषि उपकरणों, उन्नत बीजों, जैविक उत्पादों तथा वैज्ञानिक खेती की विधियों के संबंध में विशेषज्ञों से संवाद कर अपने ज्ञान का विस्तार किया। इस शैक्षणिक भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को कृषि क्षेत्र की नवीनतम तकनीकों एवं नवाचारों से अवगत कराना तथा उनके व्यावहारिक ज्ञान को समृद्ध करना था। विश्वविद्यालय के सचिव प्रियंका कुमारी, कुलपति प्रो (डॉ) रश्मि, कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ) अशोक कुमार और प्रबंध समिति सदस्य अजय कुमार ने संयुक्त रूप से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए एक महत्वपूर्ण एवं प्रेरणादायक पहल बताया।

### सत्र 2026-27 के लिए लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा में नई टीम का किया गया चयन



**भुरकुंडा**। लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा के नए सत्र 2026-27 के लिये बुधवार की शाम उत्सव मैरिज हॉल स्थित क्लब कार्यालय में आयोजित प्री-क्लब मीटिंग के दौरान नई कार्यकारिणी को औपचारिक रूप से पदभार सौंपा गया। समारोह में क्लब के वरिष्ठ सदस्यों की उपस्थिति में नई टीम ने समाजसेवा, नेतृत्व और जनकल्याण के कार्यों को नई गति देने का संकल्प लिया। बैठक में सर्वसम्मति से लायन सूबेदार एचएन यादव को अध्यक्ष, लायन डॉ. एमके मंजुल को सचिव और लायन एमजेएफ डॉ. राजेंद्र महतो को कोषाध्यक्ष के रूप में जिम्मेदारी सौंपी गई। नई टीम के पदाधिकारियों ने कहा कि वर्ष 2026-27 क्लब के लिए नए विचारों, नई ऊर्जा और नई उपलब्धियों का वर्ष होगा। समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा पहुंचाने, जरूरतमंदों के बीच राहत कार्य, स्वास्थ्य, शिक्षा और सामाजिक जागरूकता कार्यक्रमों को प्राथमिकता दी जाएगी। बैठक के अंत में सभी सदस्यों ने एकजुट होकर समाजहित में कार्य करने तथा लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा को सेवा के क्षेत्र में नई पहचान दिलाने का संकल्प लिया। नई कार्यकारिणी के गठन से क्लब के सदस्यों में उत्साह का माहौल देखा गया। मौके पर पास्ट प्रेसिडेंट लायन अशोक सिन्हा, जोन चेयरपर्सन माला शर्मा, अखिलेश शर्मा, निर्मल अग्रवाल, विजयंत कुमार, संजय जायसवाल, प्रमोद शर्मा, शिवा प्रसाद, अंजू देवी, रेखा मंजुल, सीमा यादव, रेनू जायसवाल, लियो क्लब से प्रशांत यादव उपस्थित थे।

### मोहर्रम को लेकर थाना में शांति समिति की बैठक संपन्न, दिए गए आवश्यक निर्देश



**बरकट्ठा**। मोहर्रम का त्योहार शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर बरकट्ठा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसडीओ जोहान टुड्डू व संचालन यमुना प्रसाद ने किया। बैठक में पुलिस निरीक्षक इमदाद अंसारी, थाना प्रभारी आशीष कुमार भगत, बीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद मौजूद थे। मौके पर थाना क्षेत्र के विभिन्न मोहर्रम अखाड़ा धारियों को संबोधित करते हुए पुलिस निरीक्षक इमदाद अंसारी ने कहा कि मोहर्रम का त्योहार हम सभी को शांति का संदेश देता है। इसलिए हम सभी को मोहर्रम का त्योहार शांतिपूर्ण और सौहार्द वातावरण के साथ साथ आपसी भाईचारे के साथ मनायें। वहीं बरकट्ठा थाना प्रभारी आशीष कुमार भगत ने कहा कि त्योहार को सरकारी गाइडलाइंस के तहत मनायें। मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद, जेएलकेएम नेता महेंद्र मंडल, पंसस युसूफ अंसारी, पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष बसंत साव, मुखिया प्रतिनिधी श्यामा साव, सरयू प्रसाद, मनोज यादव, सत्यम कुमार भारती, मोईन अंसारी, इसरैल अंसारी, रहमत अंसारी, सदर अब्दुल हफीज अंसारी, मुकेश यादव, गुलजार अली, सेराज अंसारी,रविन्द्र कुमार, सतार खां, मिन्हाज खां समेत सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित थे।

### संयुक्त ट्रेड यूनियन व सौंदा डी बचाओ संघर्ष समिति के प्रतिनिधि पीड़ित परिवारों से मिले



**भुरकुंडा**। संयुक्त ट्रेड यूनियन सह सौन्दा डी बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल सड़क दुर्घटना में मृतक सोनू यादव एवं अमरजीत कुमार के घर जयनगर पहुंचा और शोकाकुल परिजनों से मिलकर संवेदना व्यक्त की।प्रतिनिधिमंडल में समाजसेवी दुर्गाचरण प्रसाद, सचिव दशरथ सिंह, कोषाध्यक्ष राजेश सिंह उर्फ भूनू सिंह, डॉ. नीरज कुमार, डॉ. जयश्री प्रसाद, मो. अलीमाम, राजकुमार पांडेय, वार्ड सदस्य फुलकुमारी तिर्की सहित अन्य लोग शामिल थे। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने दोनों परिवारों से मुलाकात कर घटना की जानकारी ली और पूछा कि क्या वे पुलिस की जांच से संतुष्ट हैं। इस पर परिजनों ने कहा कि दुर्घटना किन परिस्थितियों में हुई और इसके पीछे क्या कारण थे, इसकी गहन पड़ताल होनी चाहिए। परिजनों ने समिति से भी मामले की स्वतंत्र रूप से जानकारी जुटाने का आग्रह किया। समिति के अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने परिजनों को आश्वस्त करते हुए कहा कि दुर्घटना की वास्तविकता सामने लाने के लिए वे स्वयं घटनास्थल का निरीक्षण करेंगे तथा पुलिस प्रशासन से मोटरसाइकिल की शीघ्र बरामदगी की मांग करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि मृतकों के आश्रितों को राज्य एवं केंद्र सरकार की ओर से मिलने वाली सहायता राशि दिलाने के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा।

## अतिक्रमण हटाने को लेकर बैठक

# विकास कार्यों में अनावश्यक बाधा बर्दाश्त नहीं की जाएगी : एसडीओ



**बरही**। अनुमंडल पदाधिकारी जोहन टुडू ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के अधिकारियों के साथ बैठक कर अतिक्रमण हटाने एवं सड़क चौड़ीकरण कार्यों की समीक्षा की। बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे अवैध कब्जों को हटाने और लंबित निर्माण कार्यों में तेजी लाने पर चर्चा हुई। इस दौरान सिंघरांवा में सड़क चौड़ीकरण कार्य में आ रही बाधाओं पर विशेष रूप से विचार-विमर्श किया गया। अधिकारियों ने बताया कि कई मामलों में मुआवजा भुगतान के बावजूद संबंधित लोगों द्वारा भूमि एवं संरचनाएं खाली नहीं की गई हैं, जिससे निर्माण कार्य प्रभावित हो रहा है। एसडीओ ने ऐसे मामलों में नियमानुसार कार्रवाई करते हुए स्थल खाली कराने और सड़क निर्माण कार्य को आगे बढ़ाने का निर्देश दिया। साथ हीं बरही चौक सहित मुख्य मार्गों की अतिक्रमण मुक्त करवाने का निर्देश दिया । उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में अनावश्यक बाधा बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा सभी कार्रवाई विधिसम्मत तरीके से की जाएगी। एसडीओ ने एनएचएआई अधिकारियों को नियमों के अनुरूप कार्य करने का निर्देश देते हुए कहा कि आवश्यकता पड़ने पर पुलिस प्रशासन का भी सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि सड़क चौड़ीकरण और अन्य विकास कार्य समयबद्ध तरीके से पूरे हो सकें। बैठक में प्रशासन और एनएचएआई के बीच बेहतर समन्वय के साथ आगे की कार्रवाई पर सहमति बनी।

# +2 उवि के फाउंडर स्व. रामकृष्ण मेहता की 82वीं जयंती मनाई गई



**बरकट्ठा**। प्रखंड क्षेत्र के ग्राम सलैया मोड स्थित यशोदा रामकृष्ण पब्लिक स्कूल परिसर में शिक्षाविद सह प्लस टू उवि के फाउंडर स्व रामकृष्ण मेहता की 82वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि बरकट्ठा जिप सदस्य कुमकुम देवी, निदेशक अरुण कुमार मेहता, स्व मेहता की पत्नी सह स्कूल की संस्थापिका यशोदा देवी, प्राचार्य आनंद कुमार ने पुष्प अर्पित कर व दीप जलाकर किया। कुमकुम देवी ने स्व रामकृष्ण मेहता की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए मार्गों पर चलने का आह्वान किया। कहा कि प्रखंड क्षेत्र में उन्होंने शिक्षा का अलख जगाने का काम किया है। इस अवसर पर द्वारिका प्रसाद, सुनीता देवी, प्रेमलता कुमारी, मोहम्मद सत्तार, मुमताज आलम, किशुन महतो, विवेक कुमार, भुनेश्वर महतो, चौधरी महतो, नरेश यादव, टहल महतो, भैरो पंडित, अंकिता, प्रीति कुमारी, राहुल कुमार, लखन यादव, आलोक कुमार, सुखलाल महतो, पोखराज प्रसाद, नारायण प्रसाद समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।या जाएगा।वहीं सिजुआ ग्रामीणों ने मुखिया रीता देवी का आभार प्रकट किया । मौके पर सदस्य रिंकी देवी ,लीलावती देवी, कुलेश्वर सिंह, बिंदिया देवी ,रामेश्वर सिंह ,कमल सिंह ,अर्जुन सिंह, सावित्री देवी, नाजिया देवी, अनीता देवी, हेमिया देवी तथा कई ग्रामीण उपस्थित थे।

# आरएसएस के प्रांतीय कार्यालय में हुई बमबाजी की निंदा

नवीन मेल संवाददाता

**कुजू**। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के झारखंड प्रदेश प्रांतीय कार्यालय निवारणपुर रांची में हुई बमबाजी की घटना की चहुं ओर निंदा की गई है। घटना को लेकर कोयलांचल क्षेत्र के स्वयंसेवकों, विहिप, बजरंग दल, भामसं समेत अन्य पारिवारिक संगठनों समेत हिंदूवादी संगठनों में तीव्र उबाल व्याप्त है। संगठनों से जुड़े क्षेत्र के लोगों ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है राष्ट्र निर्माण व जनसेवा भाव से समाज देश के लिए सदैव समर्पित संघ के प्रांतीय कार्यालय में असामाजिक तत्वों की कायराना हरकत हुई। कहा गया कि हमारी सहनशीलता की परीक्षा न ली जाए। स्वयंसेवक सभी परिस्थितियों में खुद को ढालने और अपने पवित्र तीर्थ के रूप में सम्मानित संघ कार्यालय की रक्षा सुरक्षा करने में सक्षम हैं। प्रदेश की सरकार से मांग की गई कि रांची स्थित आरएसएस के प्रांतीय कार्यालय में हुए बमबाजी की घटना को गंभीरता से लेते हुए संबंधित लोगों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। निंदा करने वाले में संघ समेत सभी पारिवारिक संगठनों के कार्यकर्ता शामिल हैं।खबर पढ़कर भेजी गई है।

## पंचायती राज विभाग की योजनाओं व कार्यों की उपायुक्त ने की समीक्षा

# सभी अधिकारियों को दस्तावेज दुरुस्त करने का दिया निर्देश

● पंचायत सहायकों को स्पष्ट रूप से कार्य आवंटित कर उनके दैनिक कार्यों का मूल्यांकन सुनिश्चित करने की बात कही गई

नवीन मेल संवाददाता



**रामगढ़**। उपायुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में 18 जून को समाहरणालय सभाकक्ष में पंचायती राज विभाग के अंतर्गत संचालित योजनाओं एवं विभिन्न गतिविधियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान पंचायत स्तर पर संचालित योजनाओं की प्रगति, आधारभूत सुविधाओं की उपलब्धता तथा प्रशासनिक व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि सभी विभागीय अधिकारी दस्तावजों दूरुस करें कार्यों का आगे बढ़ाएं। समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने सभी पंचायत सचिवों को निर्देश दिया कि पंचायती राज विभाग के तहत संचालित योजनाओं से संबंधित सूची, इन्वेंटरी, पंचायत क्षेत्रों की साफ-सफाई, वॉल पेंटिंग, पंचायत भवनों में इंटरनेट सुविधा, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र से संबंधित संचिकाओं सहित सभी अभिलेखों को व्यवस्थित एवं अद्यतन रखें। उन्होंने पंचायत स्तर पर प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने पर विशेष बल दिया।

उपायुक्त ने निर्देश दिया कि प्रत्येक माह मुखिया की अध्यक्षता में पंचायत स्तर पर शिक्षा, स्वास्थ्य, मूलभूत सुविधाओं एवं अन्य जनहित से जुड़े विषयों पर नियमित बैठक आयोजित की जाए। साथ ही पंचायत स्तर पर कार्यरत सभी कर्मियों के नाम एवं मोबाइल नंबर पंचायत भवन में प्रदर्शित किए जाएं ताकि आम नागरिकों को आवश्यक जानकारी आसानी से उपलब्ध हो सके। बैठक के दौरान सभी पंचायत सेवकों को प्रत्येक पंचायत में पाई चार्ट एवं फ्लेक्स के माध्यम से योजनाओं की जानकारी प्रदर्शित करने का निर्देश दिया गया। वहीं पंचायत सहायकों को स्पष्ट रूप से कार्य आवंटित कर उनके दैनिक कार्यों का मूल्यांकन सुनिश्चित करने की बात कही गई। पंचायत ज्ञान केंद्रों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों एवं पंचायत सचिवों को 30 दिनों के भीतर पंचायत ज्ञान केंद्रों को संचालित करने का निर्देश दिया। 15वें वित्त आयोग के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 में चयनित योजनाओं को शीघ्र पूर्ण करने तथा वित्तीय वर्ष 2026-27 में चयनित योजनाओं का कम से कम 60 प्रतिशत कार्य निर्धारित समयावधि में पूरा करने का निर्देश दिया गया।उपायुक्त ने योजनाओं की गुणवत्ता एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने पर बल दिया। समीक्षा बैठक में उपायुक्त ने सभी ब्लॉक कोऑर्डिनेटर एवं प्रखंड विकास पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र की कम से कम एक पंचायत को मॉडल पंचायत के रूप में विकसित करने की दिशा में कार्य करने का निर्देश दिया। साथ ही सभी ब्लॉक कोऑर्डिनेटरों को प्रत्येक माह न्यूनतम चार पंचायतों का भ्रमण कर योजनाओं की प्रगति एवं क्रियान्वयन की निगरानी करने को कहा गया।

### एंबुलेंस सेवा बदहाल, मरीजों की सांसों पर भारी पड़ रहा इंतजार

**रामगढ़**। रामगढ़ किसी भी गंभीर मरीज के लिए एंबुलेंस सिर्फ एक वाहन नहीं बल्कि जीवन और मौत के बीच की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी होती है। लेकिन रामगढ़ जिले में यही जीवनरक्षक व्यवस्था बदहाल नजर आ रही है। जिले में डायल 108 एंबुलेंस सेवा का लाभ लेने के लिए मरीजों और उनके परिजनों को घंटों इंतजार करना पड़ता है। कई बार एंबुलेंस समय पर नहीं पहुंचती, जिसके कारण लोगों को निजी वाहन, ऑटो या किराए की गाड़ी से मरीजों को अस्पताल पहुंचाना पड़ता है। इससे न केवल मरीजों की जान जोखिम में पड़ती है बल्कि गरीब परिवारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ भी बढ़ जाता है। हिन्दुस्तान पड़ताल में सामने आया कि जिले के 9.5 लाख आबादी और सीमावर्ती जिले की लगभग 3.5 लाख कुल 13 लाख की आबादी में एंबुलेंस की संख्या जरूरत के मुकाबले काफी कम है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार जिले में कुल 32 एंबुलेंस हैं, जिनमें से 10 विभिन्न कारणों से खराब पड़ी हुई हैं। ऐसे में प्रभावी रूप से करीब 22-23 एंबुलेंस के भरोसे पूरे जिले की आपातकालीन स्वास्थ्य सेवा चल रही है।

## अग्नि सुरक्षा जांच से उठा विवाद

# विभाग और होटल संचालक आमने-सामने

नवीन मेल संवाददाता



**बरही**। अनुमंडल पदाधिकारी के निर्देश पर 16 जून को अग्निशमन विभाग की टीम ने बरही के दर्जनों होटल एवं रेस्टोरेंट में अग्निसुरक्षा मानकों की जांच की। जांच टीम के अनुसार अधिकांश प्रतिष्ठानों में सुरक्षा संबंधी कमियां मिलीं, जिन्हें दूर करने के निर्देश दिए गए। टीम ने बताया कि सभी संचालकों ने कमियों को स्वीकार करते हुए सुधार का आश्वासन दिया, जबकि एनएच-33 स्थित होटल हर्षित राज के संचालक ने आपत्ति जताई। साथ हीं झूठा आरोप लगाते हुए डिजी धनबाद को शिकायत की गई।

अगले दिन धनबाद से जांच के लिए पहुंचे अधिष्ठापन पदाधिकारी लक्ष्मण प्रसाद ने आरोप लगाया कि होटल संचालक ने सुरक्षा संबंधी सुझावों को मानने से इनकार किया तथा जांच टीम के साथ दुर्व्यवहार और धमकी दी। उन्होंने बताया कि मामले की सूचना अनुमंडल पदाधिकारी को दे दी गई है। हालांकि इस सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की लिखित शिकायत दर्ज किए जाने की सूचना नहीं दी गई है ।

वहीं होटल हर्षित राज के संचालक प्रदीप सिंह ने जांच टीम के आरोपों को सिरे से खारिज किया है। उनका कहना है कि होटल में अग्निसुरक्षा के सभी आवश्यक उपकरण उपलब्ध हैं और समय-समय पर विभागीय निर्देशों का पालन किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि अग्निशमन के कुछ स्थानीय सिपाहियों के द्वारा बार बार जांच के नाम पर होटल कर्मचारियों पर दबाव बनाया जाता था । इतना हीं नहीं मुफ्त भोजन, ठहरने और अन्य अनुचित मांगें की जाती थीं। ऐसा ही बात फिर से 16 जून को दुहराया गया था । इसकी शिकायत उन्होंने विभागीय डीजी से की थी। शिकायत के बाद आए श्री प्रसाद भी अपने कर्मियों के पक्ष में काम करते हुए बिना किसी निर्देश के होटल के कमरों की जांच करने की बात करने लगे । साथ ही अनावश्यक मांग करने लगे । इसका उनके द्वारा विरोध किया गया है । किसी भी प्रकार का दुर्व्यवहार नहीं की गई है । होटल संचालक का दावा है कि पूरी घटना होटल के सीसीटीवी कैमरों में दर्ज है। उन्होंने मामले की शिकायत उच्चाधिकारियों एवं मुख्यमंत्री से करने की बात कही है।

## खबर का असर | सिजुआ ग्राम की समस्या को लेकर प्रशासन और जनप्रतिनिधि जागे

# दो चापानल और बिजली ट्रांसफार्मर जल्द उपलब्ध कराएंगे : रीता देवी

● डेगलाल यादव ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि यह कार्य जल्द पूरा नहीं हुआ तो हम सभी ग्रामीण मिलकर पावर हाउस घेराव करने का काम करेंगे

नवीन मेल संवाददाता



खबर का असर

**बरकट्ठा**। प्रखंड क्षेत्र के चेचकपी पंचायत अंतर्गत ग्राम सिजुआ मे ग्रामीणों के साथ चेचकपी मुखिया प्रतिनिधि डेगलाल साव ने बैठक कर उनकी समस्याओं को सुना। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि गांव में मूलभूत सुविधा नही होने से हमलोगों को काफी परेशानी हो रही है।कहा पानी, बिजली व सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं की हमारे गांव में विकराल समस्या है । वहीं ग्राम सभा की अध्यक्षता मुखिया रीता देवी के द्वारा किया गया। मुखिया प्रतिनिधि डेगलाल साव ने बिजली ट्रांसफार्मर के लिए बिजली विभाग के अभियंता से बात किया और एक सप्ताह के अंदर बिजली ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराने को कहा। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि यह कार्य जल्द पूरा नहीं हुआ तो हम सभी ग्रामीण मिलकर पावर हाउस में ताला लगाने एवं पावर हाउस घेराव करने का काम करेंगे। इसका जिम्मेवार बिजली विभाग की होगी ।वहीं पीएचडी विभाग को पानी का व्यवस्था के लिए कार्यपालक अभियंता से बात किया । उन्होंने कहा कि तप्ती गर्मी में लोग किस तरह से रह रहें हैं यह लोग ही जानते हैं। रात के ग्रामीण क्षेत्र के लोग सोते नहीं हैं। बिजली नहीं रहने के कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सुबह सवेरे में बच्चों को भी स्कूल जाने में पानी नहीं मिलने पर काफी मुश्किल होती है क्योंकि जिस घरों में मोटर की सुविधा है वह पानी नहीं भर पाते हैं। विभाग की ओर से आश्वासन मिला की आप ग्रामीणों के साथ ग्राम सभा कर जगह चिन्हित करें उस पर हम लोग बहुत जल्द चापानल बोरिंग देंगे। ताकि वहां के लोगों को पानी मिले और पानी का समस्या दूर करेंगे। इस निमित बुधवार को मुखिया प्रतिनिधि और बिजली विभाग, पीएचडी विभाग के कर्मचारी के द्वारा स्थलीय का निरीक्षण किया गया। वहीं बिजली विभाग के द्वारा कहा गया कि यहां उपभोक्ता काफी कम है जिसके कारण ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराने में परेशानी हो रही है, लेकिन प्रयास रहेगा बहुत जल्द ही ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया जाए। दो चापाकल बहुत जल्दी दिया जाएगा।वहीं सिजुआ ग्रामीणों ने मुखिया रीता देवी का आभार प्रकट किया । मौके पर सदस्य रिंकी देवी ,लीलावती देवी, कुलेश्वर सिंह, बिंदिया देवी ,रामेश्वर सिंह ,कमल सिंह ,अर्जुन सिंह, सावित्री देवी, नाजिया देवी, अनीता देवी, हेमिया देवी तथा कई ग्रामीण उपस्थित थे।

# गांजा तस्करों को सप्लाई देने का आरोपी ओडिशा से गिरफ्तार



नवीन मेल संवाददाता

● तकनीकी सेल की मदद लेकर फरार आरोपी तक पहुंची पुलिस

**सिमडेगा।** पुलिस ने अवैध गांजा तस्करी मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए तस्करों को गांजा सप्लाई करने वाले आरोपी को ओडिशा से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। एसडीपीओ धर्मदेव पासवान ने प्रेस वार्ता में बताया कि 21 मार्च को जलडेगा थाना क्षेत्र के बांसजोर ओपी पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर राउरकेला से सिमडेगा आ रही ताज यात्री बस में छापेमारी कर लव पाण्डेय नामक व्यक्ति को करीब आठ किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया था। पूछताछ में लव पाण्डेय ने खुलासा किया था कि उसे गांजा ओडिशा के कंधमाल निवासी अश्विनी कुमार दिगमल द्वारा उपलब्ध कराया गया था। लव पाण्डेय की गिरफ्तारी के बाद उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया था, जबकि गांजा सप्लायर अश्विनी कुमार दिगमल फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार प्रयास कर रही थी। तकनीकी सेल की सहायता से पुलिस ने आरोपी का पता लगाकर ओडिशा से गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार आरोपी को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है।

## सिमडेगा में नाबालिग यौन शोषण मामले का आरोपी गिरफ्तार



**सिमडेगा।** सदर थाना क्षेत्र में नाबालिग के साथ यौन शोषण के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।एसडीपीओ धर्मदेव पासवान ने प्रेस वार्ता में बताया कि 17 जून को सदर थाना में पोक्सो अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया था। शिकायत में पीड़िता के परिजनों ने आरोप लगाया था कि क्षेत्र की एक नाबालिग के साथ शारीरिक शोषण किया गया, जिससे वह गर्भवती हो गई।मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने तत्काल जांच शुरू की और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई की। जांच के दौरान मामले में नामजद आरोपी राजन नायक को गिरफ्तार कर लिया गया। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।एसडीपीओ ने बताया कि पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है तथा पीड़िता को कानून के तहत आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि महिलाओं और बच्चों के विरुद्ध अपराध के मामलों में पुलिस संवेदनशीलता के साथ त्वरित कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध है।



## मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत लाभुकों के बीच बकरा-बकरी का वितरण

नवीन मेल संवाददाता

**कुरडेग।** पंचायत भवन परिसर में गुरुवार को मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत बकरा-बकरी वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला परिषद उपाध्यक्ष सोनी पैंकरा, बीडीओ नैमन कुजूर, पशु चिकित्सा पदाधिकारी राखी टोप्पो एवं मुखिया उर्मिला कुजूर उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान छह लाभुकों के बीच बकरा-बकरी का वितरण किया गया। इनमें चार लाभुकों को 75 प्रतिशत तथा दो लाभुकों को 90 प्रतिशत अनुदान पर पशुधन उपलब्ध कराया गया। प्रत्येक लाभुक को बंगाल नस्ल की आठ बकरियां एवं दो बकरे दिए गए।इस अवसर पर बीडीओ नैमन कुजूर ने कहा कि सरकार ग्रामीणों को स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से अनुदान पर बकरी पालन के लिए पशुधन उपलब्ध करा रही है। बकरी पालन ग्रामीण क्षेत्रों में आय का एक अच्छा स्रोत है, जिससे आर्थिक स्थिति मजबूत होने के साथ-साथ ग्रामीण परिवार आत्मनिर्भर बन सकते हैं।कार्यक्रम में संबंधित विभाग के कर्मी एवं लाभुक भी उपस्थित थे।

## लैंपस में धान बीज वितरण शुरू, 64 किसानों को मिला लाभ



नवीन मेल संवाददाता

**कुरडेग।** प्रखंड के कुरडेग लैम्पस में गुरुवार को किसानों के बीच धान बीज वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ जिला परिषद उपाध्यक्ष सोनी पैंकरा, विधायक प्रतिनिधि दीपक जायसवाल, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष वाल्टर टोप्पो एवं बीडीओ नैमन कुजूर ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।कार्यक्रम के दौरान 64 किसानों के बीच धान बीज का वितरण किया गया। इस अवसर पर बीडीओ नैमन कुजूर ने किसानों से उपलब्ध उन्नत किस्म के धान बीज का उपयोग कर अधिक उत्पादन प्राप्त करने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसान धान बीज लेकर अपने खेतों में बुआई करें और कृषि उत्पादन बढ़ाएं।लैम्पस प्रबंधक दिलीप सिंह ने बताया कि प्रखंड को एमटीयू-1010 किस्म के धान बीज के 200 पैकेट प्राप्त हुए हैं। इनमें से 120 पैकेट कुरडेग लैम्पस को आवंटित किए गए हैं, जबकि शेष बीज डूमरडीह एवं चाडरीमुंडा लैम्पस के माध्यम से किसानों के बीच वितरित किए जाएंगे।उन्होंने बताया कि पंजीकृत किसानों को 25 किलोग्राम का एक पैकेट 50 प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध कराया जा रहा है। कार्यक्रम में कृषि पदाधिकारी, बीटीएम, लैम्पस अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

## बानो स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव की मांग तेज

**बानो।** बानो रेलवे स्टेशन पर तीन महत्वपूर्ण ट्रेनों के ठहराव की मांग को लेकर क्षेत्रवासियों की उम्मीदें बढ़ गई हैं। पूर्व विधायक प्रत्याशी एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुजान मुंडा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल द्वारा डीआरएम रांची को ज्ञापन सौंपा गया था।

इसके बाद दक्षिण पूर्व रेलवे रांची के सहायक वाणिज्य प्रबंधक धर्मवीर कुमार ने पत्र जारी कर बताया कि धनबाद-भुवनेश्वर एक्सप्रेस, सम्बलपुर-गोरखपुर मौर्य एक्सप्रेस और राउरकेला-जयनगर एक्सप्रेस के ठहराव का प्रस्ताव रेलवे बोर्ड के समक्ष विचाराधीन है।

इस सूचना से लोगों में खुशी है। सुजान मुंडा, बालमुकुंद सिंह, विश्वनाथ बड़ाईक, चूड़ामणि यादव, सुनील कुमार और अशोक तिवारी ने इसे क्षेत्र की वर्षों पुरानी मांग की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

# सिमडेगा में मीट व चिकन दुकानों पर चला विशेष जांच अभियान

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** माननीय उच्च न्यायालय, झारखंड के आदेश के अनुपालन तथा जनस्वास्थ्य की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सिमडेगा के शहरी क्षेत्रों में मीट एवं चिकन दुकानों पर गुरुवार को विशेष जांच अभियान चलाया गया। उपायुक्त एवं अनुमंडल पदाधिकारी के संयुक्त निर्देश पर अंचल अधिकारी , नगर परिषद के ईओ, खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई।अभियान के दौरान दुकानदारों को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के प्रावधानों की जानकारी दी गई। साथ ही नगर परिषद से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने, वैध खाद्य सुरक्षा लाइसेंस लेने तथा निर्धारित मानकों का पालन करने का निर्देश दिया गया। अधिकारियों ने बिना लाइसेंस के कारोबार करने वालों को चेतावनी देते हुए कहा कि नियमों के उल्लंघन पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।इसी क्रम में क्रीड़ा प्रशिक्षण केंद्र, मुख्यमंत्री उत्कृष्ट बालिका विद्यालय सामटोली तथा मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, कुरडेग रोड का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संस्थानों में निर्धारित मेनू के अनुसार भोजन उपलब्ध पाया गया। अधिकारियों ने पेयजल की गुणवत्ता जांच, परिसर की स्वच्छता, कर्मियों की व्यक्तिगत साफ-सफाई, वार्षिक मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र तथा रसोई व भोजनालय में कीट नियंत्रण की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।छात्र-छात्राओं को खाद्य सुरक्षा, संतुलित आहार तथा भोजन में तेल, नमक और चीनी का सीमित उपयोग करने की सलाह दी गई। साथ ही खाद्य पदार्थों की बर्बादी रोकने और तंबाकू व नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया गया।अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षित खाद्य पदार्थों की उपलब्धता और खाद्य मिलावट पर रोक लगाने के लिए जिले में ऐसे अभियान नियमित रूप से चलाए जाते रहेंगे। उन्होंने आम नागरिकों से भी खाद्य मिलावट या नियमों के उल्लंघन की सूचना प्रशासन को देने की अपील की।

# मुहर्रम पर्व को लेकर कुरडेग थाना परिसर में हुई शांति समिति की बैठक



नवीन मेल संवाददाता

**कुरडेग।** मुहर्रम पर्व को लेकर गुरुवार को कुरडेग थाना परिसर में स्थानीय बुद्धिजीवियों, समाजसेवियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ नैमन कुजूर एवं थाना प्रभारी विनय कुमार ने संयुक्त रूप से की।बैठक को संबोधित करते हुए बीडीओ नैमन कुजूर ने कहा कि आगामी मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि कुरडेग में सभी धर्मों के लोग आपसी भाईचारे के साथ हर पर्व-त्योहार मनाते आए हैं और इस परंपरा को आगे भी कायम रखना है।थाना प्रभारी विनय कुमार ने कहा कि पुलिस आम जनता के सहयोग के लिए हमेशा तत्पर है। मुहर्रम के दौरान यदि किसी असामाजिक तत्व द्वारा भ्रामक संदेश फैलाने या माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया जाता है तो इसकी सूचना तत्काल थाना को दें। ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।जिला परिषद उपाध्यक्ष सोनी पैंकरा ने कहा कि मुहर्रम भाईचारे, शांति और सामाजिक सौहार्द का पर्व है। उन्होंने सभी लोगों से प्रशासन का सहयोग करते हुए त्योहार को अपनी परंपराओं के अनुरूप शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की। साथ ही कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता होगी।सेंट्रल मुहर्रम कमेटी के अध्यक्ष जिशान फिरदौस खान ने बताया कि इस वर्ष मुहर्रम के अवसर पर ताजिया जुलूस नहीं निकाला जाएगा। इसके स्थान पर रजा मस्जिद परिसर में संध्या समय फातिहा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें समाज के लोग सामूहिक रूप से शामिल होकर फातिहा करेंगे।बैठक में मुखिया उर्मिला कुजूर, जेम्स तिर्की, पूर्व बीडीसी हुसैन शाहिद, ग्राम प्रधान ह्यूम अंसारी, तौफीक अख्तर, वार्ड सदस्य अयूब अंसारी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## 8 माह बाद बदला गया ट्रांसफार्मर, बरटोली में बहाल हुई बिजली

**बानो।** प्रखंड के कोनसोदे पंचायत अंतर्गत बुजगा बरटोली गांव में पिछले आठ माह से खराब पड़े ट्रांसफार्मर को बदलकर 25 केवीए का नया ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया। गुरुवार को झामुमो प्रखंड उपाध्यक्ष लोरेंस बागे, सोय पंचायत अध्यक्ष संदीप समद एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में इसका उद्घाटन किया गया। ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण गांव में लंबे समय से बिजली आपूर्ति बाधित थी, जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।ग्रामीणों की समस्या सामने आने के बाद तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया के निर्देश पर विधायक प्रतिनिधि तनवीर हुसैन ने बिजली विभाग के अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया। नया ट्रांसफार्मर लगने से गांव में पुनः विद्युत आपूर्ति शुरू हो गई है, जिससे ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। मौके पर उम्बलन सुरिन, प्रभुदान सुरिन, जेम्स बुढ़, शनिचर बागे, पितरुस कुल्लू, प्रफुल्ल होरो, इनेश होरो सहित झामुमो कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## राज्यसभा चुनाव परिणाम ने कांग्रेस की वास्तविक स्थिति उजागर की : रवि गुप्ता

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री रवि गुप्ता ने झारखंड से राज्यसभा चुनाव में एनडीए समर्थित प्रत्याशी परिमल नाथवानी की जीत पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि यह विजय विकास, सुशासन, स्थिरता और जनविश्वास की राजनीति की जीत है।रवि गुप्ता ने कहा कि राज्यसभा चुनाव के परिणामों ने झारखंड की राजनीति में कांग्रेस की वास्तविक स्थिति को उजागर कर दिया है। उन्होंने दावा किया कि चुनाव परिणाम से स्पष्ट है कि कांग्रेस का राजनीतिक प्रभाव लगातार कमजोर हो रहा है और सत्तारूढ़ गठबंधन के भीतर भी उसकी स्थिति पहले जैसी मजबूत नहीं रह गई है। ऐसे में कांग्रेस को आत्ममंथन करने की आवश्यकता है।उन्होंने कहा कि परिमल नाथवानी एक अनुभवी और दूरदर्शी जनप्रतिनिधि हैं, जिन्होंने पूर्व में भी झारखंड के विकास, उद्योग, खेल, शिक्षा और सामाजिक क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। राज्यसभा में उनका पुनः निर्वाचन राज्य के हित में होगा और उनके अनुभव का लाभ झारखंड को मिलेगा।रवि गुप्ता ने आरोप लगाया कि कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार की हार यह दर्शाती है कि पार्टी अपने सहयोगियों और विधायकों का विश्वास बनाए रखने में सफल नहीं रही। उन्होंने कहा कि चुनाव परिणाम सत्तारूढ़ गठबंधन के भीतर असंतोष और अविश्वास को भी सामने लाता है। कांग्रेस को अपनी राजनीतिक भूमिका पर गंभीरता से विचार करना चाहिए।उन्होंने कहा कि भाजपा लोकतांत्रिक मूल्यों, विकास और जनहित की राजनीति में विश्वास रखती है तथा राज्यसभा चुनाव का परिणाम विकासोन्मुखी नेतृत्व के प्रति जनप्रतिनिधियों के समर्थन का प्रमाण है।

**विरोध** पेसा नियमावली 2025 में संशोधन की मांग को लेकर एकदिवसीय धरना प्रदर्शन

# पंचायत सचिव की भूमिका पर ग्रामीणों ने जताई आपत्ति

● ग्राम सभा नेतृत्व में पारंपरिक पदाधिकारियों की भागीदारी पर बल

नवीन मेल संवाददाता



**वक्ताओं ने ग्राम सभा सचिव के पद को लेकर भी आपत्ति जताई। उनका कहना था कि ग्राम सभा सचिव का पद पंचायत सचिव को सौंपना पेसा कानून 1996 की भावना के विपरीत है। उन्होंने मांग की कि ग्राम सभा का सचिव उसी व्यक्ति को बनाया जाए, जिसका नाम ग्राम सभा की मतदाता सूची में दर्ज हो और जो स्थानीय समुदाय का सदस्य हो।धरना-प्रदर्शन के दौरान विभिन्न वक्ताओं ने पेसा नियमावली 2025 में आवश्यक संशोधन कर पारंपरिक स्वशासन व्यवस्था को पूर्ण अधिकार देने की मांग की।**

**सिमडेगा।** सिमडेगा नगर परिषद कार्यालय के समीप बुधवार को झारखंड पेसा नियमावली 2025 में संशोधन की मांग को लेकर लेलेबुरु परगना कम्पाट मुंडा 22 पड़हा एवं वीरू परगना कम्पाट मुंडा 22 पड़हा के संयुक्त तत्वावधान में एकदिवसीय धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अर्जुन होरो ने की। धरना में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए सैकड़ों ग्रामीणों एवं पारंपरिक स्वशासन व्यवस्था से जुड़े प्रतिनिधियों ने भाग लिया। अनूप लकड़ा रावेल लकड़ा भी शामिल हुए धरना को संबोधित करते हुए छोटानागपुर मुंडा सांस्कृतिक संगोम के सुप्रियन समद ने कहा कि पेसा कानून की धारा 4(सी), 4(डी) एवं 4(आई) के तहत ग्राम सभा की अध्यक्षता केवल पारंपरिक प्रधानों एवं स्वशासन व्यवस्था से जुड़े पदाधिकारियों द्वारा की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि माझी, हाता मुंडा, पड़हा राजा, महतो, मानकी, मुंडा एवं डोकलो सोहर जैसे पारंपरिक पदाधिकारियों को ही ग्राम सभा का नेतृत्व करने का अधिकार मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि पहान की भूमिका केवल पारंपरिक धार्मिक अनुष्ठानों तक सीमित है और उसका चयन गांव की परंपराओं एवं रीति-रिवाजों के अनुसार होता है, जिसमें सरकारी हस्तक्षेप नहीं होना चाहिए।वक्ताओं ने कहा कि पेसा कानून की मूल भावना पारंपरिक स्वशासन व्यवस्था को संवैधानिक मान्यता प्रदान करना है। इसलिए नियमावली में ऐसे किसी भी प्रावधान को शामिल नहीं किया जाना चाहिए, जिससे पारंपरिक संस्थाओं की स्वायत्तता प्रभावित हो।धरना के दौरान छोटानागपुर मुंडा सांस्कीर के धुनुस गोमके ने कहा कि पहान को ग्राम सभा का अध्यक्ष बनाने का प्रावधान उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि पहान का मुख्य कार्य गांव की सुख-समृद्धि, अच्छी वर्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं धार्मिक अनुष्ठानों का संचालन करना है। ग्राम सभा के प्रशासनिक एवं निर्णयात्मक कार्यों का नेतृत्व पारंपरिक स्वशासन व्यवस्था के मान्यता प्राप्त पदाधिकारियों द्वारा ही किया जाना चाहिए।

# दृष्टिपात

## सिमडेगा नगर इकाई की बैठक संपन्न, रानी लक्ष्मीबाई को दी श्रद्धांजलि

**सिमडेगा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सिमडेगा नगर इकाई की बैठक गुरुवार को संपन्न हुई। बैठक में संगठन के पूर्व एवं वर्तमान कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस दौरान संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा करते हुए आगामी कार्यक्रमों एवं योजनाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई की पुण्यतिथि पर कार्यकर्ताओं ने उनके प्रतिमा स्थल की साफ-सफाई कर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का नेतृत्व विभाग छात्रा प्रमुख रिया कुमारी ने किया।बैठक में एबीवीपी के नवनियुक्त जिला संयोजक शिवम केसरी और विभाग छात्रा प्रमुख रिया कुमारी का सम्मान भी किया गया। इस अवसर पर पूर्व कार्यकर्ता सोमनाथ मिश्रा एवं नरेश शर्मा उपस्थित रहे।कार्यक्रम में प्रदेश सह मंत्री संतोषी कुमारी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुखवंती कुमारी, नगर मंत्री जयंत पांडा, आदित्य साहू, अनीश कुमार, यश कुमार, हर्ष अग्रवाल, विनीत कुमार, भारती महतो, प्रियांशी कुमारी, तुलसी कुमारी तथा ललिका कुमारी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।बैठक में सभी कार्यकर्ताओं ने संगठन को मजबूत बनाने और आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने का संकल्प लिया।

## विधायक की पहल पर पहान टोली में लगा नया ट्रांसफार्मर, ग्रामीणों को मिली राहत

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा प्रखंड के ऐडेगा पंचायत अंतर्गत पहान टोली में लंबे समय से बिजली संकट से जूझ रहे ग्रामीणों को राहत मिली है। कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी की पहल पर गांव में नया 25 केवीए ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया। गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया गया।जानकारी के अनुसार पहान टोली का ट्रांसफार्मर पिछले 15 दिनों से खराब था, जिससे गांव की विद्युत आपूर्ति पूरी तरह बाधित हो गई थी। समस्या की जानकारी ऐडेगा कांग्रेस पंचायत अध्यक्ष विनय बिलुंग द्वारा विधायक को दी गई। इसके बाद विधायक के निर्देश पर विद्युत विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया।उद्घाटन समारोह में कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष राकेश कोनगाड़ी, सांसद प्रतिनिधि सुनील खड़िया, अल्पसंख्यक प्रदेश सचिव फुल्केरिया डांग, पूर्वी मंडल अध्यक्ष जोसेफ सोरेंग, पंचायत अध्यक्ष कुलदीप सोरेंग, विनय बिलुंग सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।ग्रामीणों ने नया ट्रांसफार्मर लगाए जाने पर विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे गांव में बिजली आपूर्ति सामान्य हो गई है और लोगों को काफी राहत मिली है।

## 35 वर्षों से बिस्तर पर जीवन गुजार रहे वृद्ध के घर पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम

**बानो।** प्रखंड के बांकी पंचायत अंतर्गत कमलाबेढ़ा गांव में पिछले लगभग 35 वर्षों से बिस्तर पर पड़े वृद्ध डोलो डांग के घर गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम पहुंची। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. मनोरंजन कुमार के नेतृत्व में पहुंची टीम के साथ प्रखंड प्रमुख सुधीर डांग, रौतिया समाज के प्रखंड अध्यक्ष महेश सिंह एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मी मौजूद थे।स्वास्थ्य टीम ने वृद्ध का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराईं। जांच के बाद डॉ. मनोरंजन कुमार ने बताया कि डोलो डांग कई वर्ष पूर्व लकवा के शिकार हो गए थे। समय पर समुचित उपचार नहीं मिलने के कारण उनकी शारीरिक स्थिति काफी कमजोर हो गई है। ग्रामीणों के अनुसार किशोरावस्था तक वे पूरी तरह स्वस्थ थे, लेकिन अचानक बीमारी की चपेट में आने के बाद से बिस्तर पर हैं।डॉ. कुमार ने बताया कि मरीज को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल सिमडेगा ले जाया जाएगा तथा आवश्यकता पड़ने पर रिम्स रांची रेफर किया जाएगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि मरीज को उपचार से संबंधित आवश्यक सहायता निशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी।इस मानवीय पहल की क्षेत्र में सराहना हो रही है। ग्रामीणों ने कहा कि पहली बार किसी चिकित्सक दल ने घर पहुंचकर मरीज की स्थिति का आकलन किया है। वहीं महेश सिंह ने बताया कि डोलो डांग का अब तक आधार कार्ड, राशन कार्ड और अन्य आवश्यक दस्तावेज नहीं बन पाए हैं, जिसके कारण वे सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं ले सके। प्रखंड प्रमुख सुधीर डांग और महेश सिंह ने जल्द ही आधार कार्ड, राशन कार्ड एवं आयुष्मान कार्ड बनवाकर सरकारी सुविधाएं उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया।

## बेड़ाईरगी पंचायत भवन में विशेष जनसेवा शिविर, ग्रामीणों ने उठाया लाभ

**बानो।** बानो प्रखंड के बेड़ाईरगी पंचायत भवन में विशेष जनसेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में राशन कार्ड निर्माण, राशन कार्ड में नाम जोड़ने, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन तथा जॉब कार्ड निर्माण से संबंधित आवेदनों का निष्पादन किया गया। बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने शिविर में पहुंचकर विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ उठाया।शिविर के दौरान लाभुकों से आवेदन प्राप्त कर आवश्यक दस्तावेजों की जांच की गई तथा पात्र आवेदकों की प्रक्रिया पूरी की गई। अधिकारियों एवं कर्मियों ने ग्रामीणों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए पात्र लोगों को लाभ लेने के लिए जागरूक भी किया।कार्यक्रम को सफल बनाने में बेड़ाईरगी पंचायत की मुखिया हेलन कुंडलना, उप मुखिया, वार्ड सदस्य, सिनी जीवन परियोजना के क्षेत्र समन्वयक तथा PHIA फाउंडेशन के प्रखंड समन्वयक ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि ऐसे शिविरों के माध्यम से ग्रामीणों को पंचायत स्तर पर ही सरकारी सेवाओं का लाभ आसानी से मिल रहा है।ग्रामीणों ने शिविर की सराहना करते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के जनहितकारी शिविर आयोजित करने की मांग की।

## वाहन जांच एवं जागरूकता अभियान में 100 से अधिक चालकों को किया जागरूक

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा थाना क्षेत्र के रण बहादुर सिंह चौक बानो मोड़ के समीप गुरुवार को विशेष वाहन जांच सह सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक श्रीकांत एस. खोटरे के निर्देश पर थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार के नेतृत्व में आयोजित इस अभियान के दौरान 100 से अधिक दुपहिया वाहन चालकों को यातायात नियमों एवं हेलमेट के महत्व के बारे में जागरूक किया गया।जांच के दौरान बिना हेलमेट वाहन चला रहे लोगों को रोककर सुरक्षा संबंधी जानकारी दी गई। कई चालकों ने मौके पर ही नया हेलमेट खरीदकर पहना। अभियान के दौरान करीब 20 लोगों ने हेलमेट खरीदे। थाना प्रभारी ने चेतावनी दी कि दोबारा बिना हेलमेट वाहन चलाते पाए जाने पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई और ऑनलाइन चालान किया जाएगा।पुलिस ने वाहन चालकों से हेलमेट और सीट बेल्ट का नियमित उपयोग करने तथा मोबाइल फोन का प्रयोग करते हुए वाहन नहीं चलाने की अपील की। स्थानीय लोगों ने अभियान की सराहना करते हुए इसे लगातार चलाने की मांग की। मौके पर थाना के पुलिस पदाधिकारी एवं जवान मौजूद थे।

## सड़क निर्माण में देरी पर ग्रामीणों ने किया जाम, आश्वासन के बाद खुला रास्ता

**बानो।** बानो-मनोहरपुर मुख्य पथ (320 जी) के निर्माण कार्य में हो रही देरी से नाराज ग्रामीणों ने गुरुवार को उकौली मिक्सर प्लांट के समीप सड़क जाम कर विरोध-प्रदर्शन किया। सड़क निर्माण अधूरा रहने के कारण लोगों को आवागमन में हो रही परेशानी को लेकर ग्रामीणों ने संवेदक के खिलाफ नाराजगी जताई और वाहनों की आवाजाही बाधित कर दी।ग्रामीणों ने बताया कि पिछले दो वर्षों से सड़क निर्माण कार्य पूरा नहीं हो सका है। जर्जर सड़क के कारण लोगों को रोजाना परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। महिलाओं ने कहा कि खराब सड़क से स्कूली बच्चों, मरीजों और बुजुर्गों को सबसे अधिक दिक्कत होती है।जाम की सूचना पर वीकेएस इंफ्रा के प्रोजेक्ट मैनेजर राजनीति कुमार मौके पर पहुंचे और लिखित आश्वासन दिया कि जहां तक सड़क खोदी गई है, वहां पांच दिनों के भीतर निर्माण कार्य पूरा कर दिया जाएगा। इसके बाद ग्रामीणों ने जाम समाप्त कर दिया।ग्राम सभा अध्यक्ष बिल्कन बगरैला ने चेतावनी दी कि तय समय में कार्य पूरा नहीं होने पर मिक्सर प्लांट बंद कराया जाएगा। मौके पर गणेश महतो, जेम्स कंडूलना, कमल कांगड़ी, अनुपम सुरीन, सुलेंद्र महतो, कुंवर महतो, ललिता जोजो सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### धनबाद में पेयजल संकट से जूझ रहे लोगों का फूटा गुस्सा

# बीसीसीएल जीएम कार्यालय के मेन गेट को प्रदर्शनकारियों ने किया जाम



- लोगों ने कहा : काफी प्रयास और बातचीत के बाद जा नए सिरे से पानी का कनेक्शन देने की प्रक्रिया शुरू की गई थी

**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** झरिया स्थित बागडीगी बस्ती में पेयजल संकट को लेकर लोगों का आक्रोश सड़क पर उतर आया। पिछले छह महीने से नियमित पानी की आपूर्ति बंद होने से परेशान हजारों लोगों ने बीसीसीएल एरिया-10 के महाप्रबंधक कार्यालय के मुख्य द्वार पर प्रदर्शन किया। गैलन और बाल्टियां लेकर पहुंचे लोगों ने बीसीसीएल प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की और जल्द समस्या के समाधान की मांग की। इस दौरान लोगों ने महाप्रबंधक कार्यालय का मुख्य गेट जाम कर दिया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि परियोजना विस्तारीकरण के बाद से बस्ती में पानी और बिजली की समस्या लगातार बनी हुई है। छह महीने पहले पेयजल कनेक्शन काट दिए जाने के कारण हजारों परिवारों को रोजमर्रा की जरूरतों के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि काफी प्रयास और बातचीत के बाद जामाडा की ओर से नए सिरे से पानी का कनेक्शन देने की प्रक्रिया शुरू की गई थी। संबंधित टीम पाइपलाइन बिछाने और कनेक्शन लगाने पहुंची भी थी, लेकिन बीसीसीएल प्रबंधन ने काम रुकवा दिया। इससे पहले से परेशान लोगों का गुस्सा और बढ़ गया। प्रदर्शनकारियों ने हाथों में खाली गैलन और बाल्टियां लेकर बीसीसीएल के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की और मुख्य गेट को जाम कर दिया। उनका कहना है कि जब तक बस्ती में नियमित पेयजल आपूर्ति बहाल नहीं होती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। स्थानीय लोगों का कहना है कि छह महीने से पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। अब नया कनेक्शन भी नहीं लगाने दिया जा रहा है। अगर हमारी समस्या का समाधान नहीं हुआ तो हम भी बीसीसीएल अधिकारियों के बंगलों तक पानी की आपूर्ति नहीं होने देंगे। भीषण गर्मी के बीच पेयजल संकट ने बस्ती के लोगों के सब्र का बांध तोड़ दिया है। अब सभी की नजर बीसीसीएल प्रबंधन और प्रशासन पर है कि आखिर हजारों लोगों की इस बुनियादी समस्या का समाधान कब तक हो पाता है।

# बोकारो स्टील प्लांट में ठेका कर्मी की मौत, बरपा हंगामा

- परिजनों ने हॉस्पिटल में प्रदर्शन कर मुआवजा और नौकरी की मांग की



**बोकारो।** झारखंड के बोकारो स्टील प्लांट के भीतर संचालित बीपीएससीएल के कोल हैंडलिंग प्लांट में काम के दौरान एक कर्मी की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों और साथी वर्करों ने बोकारो जनरल हॉस्पिटल में विरोध प्रदर्शन किया और अपने आश्रितों के लिए मुआवजा और नौकरी की मांग की। मिली जानकारी के अनुसार दुग्धा निवासी ठेका कर्मी शिव शंकर हेंब्रम बोकारो पावर सप्लाई कंपनी प्राइवेट लिमिटेड (बीपीएससीएल) के कोल हैंडलिंग प्लांट में कार्यरत थे। बुधवार रात को काम के दौरान अचानक हादसा हो गया, जिसमें उनकी मौत हो गई। साथी मजदूरों का आरोप है कि पाइपलाइन से जुड़े कार्य के दौरान शॉर्ट सर्किट होने से यह हादसा हुआ। घटना के तुरंत बाद घायल कर्मी को इलाज के लिए बोकारो जनरल अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही मृतक के परिजन और साथी कर्मी बीजीएच पहुंचे। परिजनों ने मृतक के आश्रित को नौकरी और उचित मुआवजा देने की मांग करते हुए विरोध जताया। इस दौरान अस्पताल परिसर में कुछ देर के लिए तनावपूर्ण माहौल बना रहा। घटना की सूचना मिलने पर फैक्ट्री इंस्पेक्टर शिवानंद लगुरी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि घटनास्थल का निरीक्षण किया गया है, लेकिन मौत के वास्तविक कारणों का अभी स्पष्ट रूप से पता नहीं चल पाया है। राजीव रंजन, सिटी डीएसपी ने कहा कि यह इंडस्ट्रियल मामला है, इसमें पुलिस का कोई मामला नहीं बनता है। फिर भी विधि व्यवस्था नहीं बिगड़े इसको लेकर हमलोग नजर बनाए हुए हैं। फैक्ट्री विभाग और संबंधित प्रबंधन द्वारा मामले की जांच की जा रही है। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही हादसे के कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल परिजन न्याय, मुआवजा और नौकरी की मांग पर अड़े हुए हैं।

# मुखिया पर दिनदहाड़े फायरिंग आक्रोशित ग्रामीणों ने थाना घेरा

- प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक दो राउंड गोली चलाई गई, हमलावर घटना स्थल से हो गए फरार



**नवीन मेल संवाददाता**

**गोड्डा।** झारखंड के गोड्डा जिले के पोड़ैयाहाट थाना क्षेत्र में गुरुवार को पंचायत मुखिया अनुपम भगत उर्फ लड्डू पर बाइक सवार हमलावरों ने फायरिंग कर दी। हमले में मुखिया बाल-बाल बच गए। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल है, जबकि बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पोड़ैयाहाट थाना पहुंचकर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। पुलिस के अनुसार, अनुपम भगत स्थानीय भारतीय स्टेट बैंक शाखा से लौट रहे थे। इसी दौरान मुख्य बाजार स्थित पंडित टोला कांबली बगीचा के पास उन पर फायरिंग की गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक दो राउंड गोली चलाई गई। हमलावर घटना को अंजाम देने के बाद मौके से फरार हो गए। पुलिस ने घटनास्थल से एक खोखा बरामद किया है। मुखिया अनुपम भगत ने पुलिस को दिए बयान में नयन यादव, अंकित यादव और विकास यादव को नामजद करते हुए उन पर हमले में शामिल होने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि हमलावर उन्हें जान से मारने की नीयत से आए थे। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना की पृष्ठभूमि को लेकर भी चर्चा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अनुपम भगत वर्ष 2024 के चर्चित शैलेंद्र भगत हत्याकांड के प्रमुख गवाहों में शामिल रहे हैं। हाल ही में उन्होंने इस मामले में अदालत में गवाही भी दी थी। हालांकि पुलिस ने अभी तक फायरिंग की घटना को किसी विशेष मामले से जोड़कर आधिकारिक टिप्पणी नहीं की है और सभी संभावित पहलुओं की जांच की बात कही है। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण थाना परिसर पहुंच गए और आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग करते हुए प्रदर्शन किया। कुछ प्रदर्शनकारियों ने अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।

पुलिस अधिकारियों ने कहा है कि मामले की जांच जारी है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### लंबित दाखिल-खारिज मामलों के निष्पादन के लिए चलाया गया अभियान, कहा

# अधिकारी प्राथमिकता के आधार पर मामलों का करें समाधान : डीसी

**नवीन मेल संवाददाता**



**रामगढ़।** उपायुक्त ऋतुराज के निर्देशानुसार जिले के सभी अंचल मुख्यालयों में 18 से 20 जून 2026 तक आयोजित विशेष राजस्व शिविर के प्रथम दिन गुरुवार को लंबित दाखिल-खारिज मामलों के त्वरित निष्पादन के लिए व्यापक अभियान चलाया गया। शिविर के दौरान 30 दिनों एवं 90 दिनों से अधिक अवधि से लंबित आपत्ति सहित एवं आपत्ति रहित दाखिल-खारिज मामलों की समीक्षा कर उनका निष्पादन किया गया। अंचल अधिकारियों द्वारा राजस्व अभिलेखों के आधार पर मामलों की जांच एवं सत्यापन करते हुए त्वरित सुनवाई की गई। आपत्तियुक्त मामलों में संबंधित पक्षों की सुनवाई सुनिश्चित करते हुए आवश्यक कार्रवाई की गई। जिले के विभिन्न अंचलों में बड़ी संख्या में रैयत एवं आम नागरिक अपने लंबित मामलों के समाधान के लिए शिविर में पहुंचे। शिविर में प्राप्त आवेदनों एवं लंबित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन किया गया। वहीं स्वीकृत दाखिल-खारिज मामलों में शुद्धि पत्र वितरण की प्रक्रिया भी संचालित की गई। शिविर के सफल संचालन के लिए सभी अंचल मुख्यालयों में आवश्यक व्यवस्थाएं की गई थीं। नागरिकों की सुविधा हेतु सहायता काउंटर, पेयजल एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। नामित पर्यवेक्षण पदाधिकारियों द्वारा शिविर की नियमित निगरानी करते हुए निष्पादन कार्यों की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने सभी अंचल अधिकारियों को निर्देश दिया है कि आगामी दो दिनों के शिविर में भी राजस्व मामलों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करें ताकि आम नागरिकों को त्वरित राहत मिल सके। ज्ञात हो कि विशेष राजस्व शिविर के दूसरे दिन 19 जून को पंजी-2 में सुधार एवं लगान रसीद से संबंधित मामलों का निष्पादन किया जाएगा, जबकि 20 जून को अन्य राजस्व मामलों का समाधान किया जाएगा।

जिला प्रशासन रामगढ़ ने जिले के सभी रैयतों एवं आम नागरिकों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथियों में अपने संबंधित अंचल मुख्यालय पहुंचकर विशेष राजस्व शिविर का लाभ उठाएं।

## करंट लगने से मजदूर की मौत, ठेकेदार पर लापरवाही का आरोप

**पूर्वी सिंहभूम।** आजादनगर थाना क्षेत्र के ओल्ड पुरुलिया रोड स्थित गरीब कॉलोनी में निर्माण कार्य के दौरान एक मजदूर की करंट लगने से मौत हो गई। मृतक की पहचान चौका थाना क्षेत्र के बालीडीह निवासी रवि मांझी (22) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार रवि मांझी कपाली गौस नगर निवासी ठेकेदार शरीफ अंसारी के अधीन मजदूरी का काम कर रहा था। इसी दौरान वह बिजली की चपेट में आ गया और गंभीर रूप से झुलस गया। साथ में काम कर रहे मजदूर उसे तत्काल इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों और साथियों का आरोप है कि घटना के बाद ठेकेदार ने पुलिस को सूचना दिए बिना रवि मांझी के शव को उसके पैतृक गांव भिजवा दिया। बताया जा रहा है कि ठेकेदार ने इलाज के नाम पर मृतक के परिवार को 13,500 रुपये दिए और आगे सहायता का भरोसा भी दिलाया था।

# नाथवानी की जीत पर भाजपा पिपरवार मंडल में खुशी, कार्यकर्ताओं ने दी बधाई

**नवीन मेल संवाददाता**



**पिपरवार।** एनडीए समर्थित प्रत्याशी परिमल नाथवानी के विजयी होने पर भारतीय जनता पार्टी पिपरवार मंडल के कार्यकर्ताओं ने खुशी व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। भाजपा नेताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व, सुशासन और विकासपरक नीतियों के प्रति जनता के विश्वास के कारण यह जीत संभव हो सकी है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने नाथवानी की जीत को एनडीए की नीतियों और जनसमर्थन की विजय बताते हुए कहा कि इससे संगठन और कार्यकर्ताओं का मनोबल और मजबूत हुआ है। नेताओं ने उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी। बधाई देने वालों में सांसद प्रतिनिधि दिलीप कुमार अम्बष्ट, पूर्व सांसद प्रतिनिधि अश्विनी कुमार दाराद, पूर्व विधायक प्रतिनिधि विजय लाल, कृष्ण मुरारी मोदी, मुकेश कुमार राणा, सुनील साव, पूर्व मंडल अध्यक्ष धीरेन्द्र शर्मा, राजेंद्र प्रसाद, संजय कुमार भोग्ता, आदर्श विश्वकर्मा, बबीता देवी, ललिता देवी, इना कुमारी, मणिलाल महतो, विनोद सिंह, जयप्रकाश शाहा, सिद्धनाथ सिंह, अरुण कुमार सिंह, पूर्व सांसद प्रतिनिधि अजय सिंह उर्फ टन्नू सिंह, महेश प्रसाद, सुदामा करमाली, सुखी इंदु, धनराज भोग्ता, नंदकिशोर प्रसाद समेत अनेक भाजपा कार्यकर्ता शामिल हैं।


Industrial Training Institute | Skill India कौशल भारत-कुशल भारत

**झारखण्ड सरकार**
**श्रम,नियोजन,प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड,राँची**
**औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (सामान्य),राँची**

सूचना संख्याः–51 राँची, दिनांकः–18/06/2026

**शैक्षणिक सत्र 2026–27–28 में नामांकन से संबंधित सूचना**

निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, राँची के पत्रांक– 623, दिनांक–30/05/2026 के अनुपालन में सूचित किया जाता है कि NCVT से मान्यता प्राप्त व्यवसायों में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (सामान्य), राँची के शैक्षणिक सत्र 2026–27–28 में नामांकन के लिए योग्य आवेदकों (महिला सहित) से जो झारखण्ड राज्य के स्थायी/स्थानीय निवासी की श्रेणी में आते हैं और नीचे दिये गये शैक्षणिक योग्यता धारित करते हैं, उनसे ऑनलाईन (https://iti.jharkhand.gov.in के Admission tab) आवेदन–पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

1. न्यूनतम शैक्षणिक योग्यताः–वायरमैन, मेशन (बिल्डिंग कन्स्ट्रक्टर), पेन्टर जेनरल, प्लम्बर एवं वेल्डर व्यवसायों में नामांकन के लिए आवेदक को आठवीं (8वीं) कक्षा में उत्तीर्णता आवश्यक है एवं शेष व्यवसायों के लिए 10th class Passed (Matric Passed) होना आवश्यक है।
2. आयु अहर्ताः–01 अगस्त 2026 को न्यूनतम आयु 14 वर्ष एवं अधिकतम 40 वर्ष के बीच होनी चाहिए।
3. महत्वपूर्ण तिथियाँः–

| क्र०सं० | विवरणी | तिथि |
|---|---|---|
| 1 | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन एवं आवेदन पत्र भरने की प्रारंभिक तिथि | 01/06/2026 |
| 2 | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन एवं आवेदन पत्र भरने की अन्तिम तिथि | 25/06/2026 |
| 3 | औपबंधिक मेधा सूचियों (आठवीं एवं दसवीं कक्षा) का प्रकाशन | 29/06/2026 पूर्वाह्न 12:00 बजे |

4. डी०जी०टी० के पत्रांक–DGT-MIS 011/1/2025-O/o DIR(TC) [71015], दिनांक–08/04/2025 के आलोक में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में नामांकन लेने वाले अभ्यर्थियों का वैध मोबाईल नम्बर, ई–मेल आई०डी० एवं आधार नम्बर आवश्यक है तथा National Trade Certificate (NTC) उत्तीर्णता प्रमाण पत्र प्राप्त होने तक उसमें परिवर्तन करने की अनुमति नहीं होगी।
5. अभ्यर्थियों द्वारा आई०टी०आई० में नामांकन लेने के लिए आवेदन भरते समय कम से कम दस विकल्प (आई०टी०आई० एवं व्यवसाय) एवं अधिकतम तीस विकल्प का चयन किया जा सकता है।
6. महानिदेशालय प्रशिक्षण, भारत सरकार के निर्देश के आलोक में आई०टी०आई० एवं व्यवसायों के स्वीकृत सीटों में परिवर्तन की स्थिति में आई०टी०आई० तथा व्यवसायों के चयन में सुधार हेतु अवसर दिया जायेगा।
7. नामांकन संबंधी विस्तृत महत्वपूर्ण सूचना झारखण्ड ITI webportal (https://iti.jharkhand.gov.in) के Download Section के Notification Tab में देखा/Download किया जा सकता है।
8. किसी प्रकार की महत्त्वपूर्ण जानकारी हेतु ITI webportal के Grievance Section में टिकट raise किया जा सकता है एवं आवश्यकतानुसार मो० नं०– 9031785326/7717775369/8252575749/18001233444/ 06513523222 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

ह०/–
प्रभारी प्राचार्य
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान,(सामान्य), राँची

PR 382639 Labour Employment and Traning(26-27).D

**कार्यालय जिला पशुपालन पदाधिकारी ,हजारीबाग**

**–: पशुपालकों के लिए आवश्यक सूचना :–**

सरकार के सचिव ,कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग) झारखण्ड रांची के राज्यादेश संख्या 07रा0 (विभाग) दिनांक 05.06.2026 के आलोक मे वित्तीय वर्ष 2026–27 के तहत् जोडा बैल वितरण की योजना जिले के छोटे एवं सीमान्त किसानों को कम लागत में खेती कार्य में सहयोग के उद्देश्य से ग्रामीण पशुपालकों/कृषकों को अनुदानित / लाभुक अंशदान (स्वंय या बैंक ऋण) पर जोडा बैल की योजना से लाभान्वित होने हेतु इच्छुक पशुपालक/कृषकों को विहित प्रपत्र में आवेदन आमंत्रित किया जाता है।

**योजना का विवरण निम्नवत् है :–**

| क0 सं0 | योजना का नाम | योजना का लागत राशि | लाभुक अनुदान राशि 90% | लाभुक अंशदान राशि 10% | भौतिक लक्ष्य | कुल योग |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | जोडा बैल वितरण की योजना | 40000/– | 36000/– | 4000/– | 69 | 69 |

**लाभुको का चयन हेतु अर्हता एवं प्राकिया :–**

- ग्रामीण क्षेत्र के इच्छुक लाभुकों को योजना का लाभ नियमानुसार चयनोपरांत दिया जाएगा।
- पशुपालक झारखण्ड राज्य के हजारीबाग जिला का स्थानीय निवासी होना अनिर्वाय है।
- लाभुकों के पास खेती योग्य भूमि हो एवं BPL कोटि की श्रेणी में हो ।
- लाभुक अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / आदिम जनजाति एवं दिव्यांग जनो को चयन में प्राथमिकता दी जायेगी।
- लाभुकों का चयन ग्राम स्तर पर ग्राम सभा के द्वारा किया जायेगा , जिसका अनुमोदन पूर्व से मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के लिए निर्गत संकल्प सं0–452 दिनांक 18.06.2021 द्वारा गठित प्रखण्ड स्तरीय समिति तथा जिला स्तरीय समिति से प्राप्त की जायेगी ।
- जोडा बैल का दर बाजार समिति अंतर्गत क्रय / विक्रय हेतु निर्धारित दर के आधार पर या अधिकतम रू0 20000.00 तक प्रति बैल निर्धारित की जायेगी।
- सभी योजनाओं के अनुदान की राशि मुहैया कराने हेतु विभाग स्तर से लाभुकों का Escrow Account/Dedicated Bank Account खोला जायेगा एवं अनुदान राशि संबंधित खाता में हस्तांतरित किया जायेगा। पंचायत स्तरीय समिति /ग्राम सभा के द्वारा लाभुक अंशदान राशि जिला स्तरीय चयन समिति के अंतिम रूप से चयनित लाभुकों को 01 माह के अन्दर संबंधित Escrow Account/ Dedicated Bank Account में जमा कराना अनिर्वाय होगा। लाभुक अंशदान राशि जमा होने के उपरांत ही अनुदान राशि संबंधित Escrow Account / Dedicated Bank Account खाता में हस्तांतरित किया जायेगा। तत्पश्चात लाभुकों को पशुओं के क्रय / प्राप्त करने की अर्हता प्राप्त होगी । पशुधन /पक्षी इत्यादि के आपूर्ति के उपरांत लाभुक अंशदान एवं अनुदान की राशि एक मुश्त आपूर्तिकर्ता के बैंक खाता में हस्तांतरित की जायेगी।
- उपरोक्त योजनाओं के आवेदन करने हेतु आवेदन प्रपत्र संबंधित प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी/ भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी से प्राप्त करेंगे।

निवेदक :–
जिला पशुपालन पदाधिकारी ,
हजारीबाग

PR 382719 Animal Husbandry(26-27).D


## सड़क चौड़ीकरण में सुरक्षा की अनदेखी पर बीडीओ को सौंपा ज्ञापन



**पूर्वी सिंहभूम।** पूर्वी सिंहभूम जिले के पटमदा प्रखंड में चल रहे सड़क चौड़ीकरण कार्य को लेकर ग्रामीणों ने सुरक्षा व्यवस्था की गंभीर खामियों पर चिंता जताई है। काटिन, गोपालपुर, गैंगड़ा, काश्मार, बनकुंचिया, बनडीह, कांकू और दांदू होते हुए पश्चिम बंगाल सीमा तक बनाई जा रही सड़क के निर्माण कार्य के दौरान कई स्थानों पर पुलिया और कलवर्ट निर्माण के लिए गहरी खुदाई की गई है, लेकिन सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं किए गए हैं। गुरुवार को समाजसेवी विश्वनाथ महतो के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने प्रखंड कार्यालय पहुंचकर प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ. राजेंद्र कुमार दास के निर्देश पर प्रधान लिपिक को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि निर्माण स्थलों पर बैरिकेडिंग, चेतावनी बोर्ड, रिफ्लेक्टर, फ्लैश लाइट और रात्रिकालीन प्रकाश व्यवस्था का अभाव है, जिससे विशेषकर बारिश और रात के समय दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ गई है। विश्वनाथ महतो ने कहा कि सड़क निर्माण विकास के लिए आवश्यक है, लेकिन लोगों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। ग्राम प्रधान मृत्युंजय महतो सहित कई ग्राम प्रधानों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने दुर्घटना संभावित स्थानों पर तत्काल सुरक्षा उपाय लागू करने की मांग की। ग्रामीणों ने प्रशासन से निर्माण एजेंसी को निर्देश देकर जनहित में आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित कराने की अपील की है।

# गुरुद्वारा साहिब में मनाया गया गुरु अर्जुन देव जी का शहीदी गुरुपर्व

**नवीन मेल संवाददाता**



**रामगढ़।** शहीदों के सरताज, पंचम पातशाह श्री गुरु अर्जुन देव जी महाराज का पावन शहीदी गुरुपर्व रामगढ़ स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में श्रद्धा और सादगी से मनाया गया। रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब में कार्यक्रम की शुरुआत अमृतवेले प्रातः 8:00 बजे श्री अखंड पाठ साहिब की संपूर्णता के साथ हुआ *11:00 बजे से लेकर 2:00 बजे तक विशेष दीवान सजाया गया। जिसमें प्रसिद्ध रागी जत्था भाई अरदासिया जी गुरबाणी शब्द-कीर्तन से संगत को निहाल किया। दोपहर 2:15 बजे अरदास, हुकमनामा साहिब और कढ़ाह प्रसाद वितरण के बाद गुरु का अटूट लंगर चलाया गया। प्रबंधक कमेटी ने समस्त क्षेत्रवासियों व साध-संगत से गुरु-घर पहुंचकर गुरु महाराज का आशीर्वाद लेने की अपील की थी। रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब के प्रधान परमदीप सिंह कालरा ने बताया कि यह दिन धर्म, सत्य और मानवीय स्वतंत्रता की रक्षा के लिए गुरु अर्जन देव जी द्वारा दिए गए सर्वोच्च बलिदान की याद दिलाता है। गुरु अर्जन देव जी को सन 1606 में उस समय के मुगल शासकजहांगीर ने बड़ी ही अमानवीय यातनाएं दी लेकिन इतनी यातनाएं सहने के बाद भी गुरु महराज जी अपने सत्य के मार्ग चलते रहे गुरु अर्जन देव जी सिख धर्म के पहले शाहिद थे उन्हें लाहौर की भीषण गर्मी में गर्म तवे के ऊपर बैठा के उनके ऊपर गर्म रेत डाली गई तब भी गुरु अर्जन देव जी वाहेगुरु जी का सिमरन कर गुरु भक्ति में लीन थे। कुछ दिनों तक ये यातनाएं सहने के बाद गुरु महराज जी ने रावी नदी के ठंडे जल में समाधि ले ली इतनी गर्मी में गर्म रेत उनके ऊपर डाली जाती थी जो असहनीय थी इसी लिए इस दिन ठंडे जल (छबील) का लंगर सिख समाज लगता है 18 जून को शहीदी दिवस गुरुद्वारे में बड़ी श्राद्ध और सम्मान के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से गुरुद्वारा साहिब के प्रधान परमदीप सिंह कालरा, मीत प्रधान अमरजीत सिंह सैनी, हरप्रीत सिंह खालसा,नरेंद्र सिंह चमन,गगन कौर,रोमी छाबड़ा ,सुमी जोली, चरणजीत कौर जौली ,मनप्रीत कौर सैनी, बलविंदर कौर छाबड़ा सहित बड़ी संख्या में सिख श्रद्धालु शामिल हुए।

**चौपाल कार्यक्रम** | सांसद ने जनता से किया सीधा संवाद, बताई पीएम की उपलब्धियां

# गांवों में चौपाल लगाकर केंद्र के विकास का रखा ब्योरा

- सांसद ने कहा :57 करोड़ लोगों को मुद्रा योजना, 81 करोड़ लोगों को खाद्यान्न सुरक्षा, 31 करोड़ श्रमिकों को ई-श्रम पोर्टल से जोड़ा गया है



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** सांसद मनीष जायसवाल ने अपने जनसंपर्क सह प्रवास कार्यक्रम के तहत बरही विधानसभा क्षेत्र के खोड़जाहर समेत दर्जनों गांवों का दौरा किया। प्रवास की शुरुआत खोड़ाहर (जतराटांड) स्थित भगवान बिरसा के मूर्ति पर माल्यार्पण से हुई, जहां आदिवासी समाज के लोगों ने उनका पारंपरिक स्वागत किया। इसके बाद सांसद ने विस के दर्जनों गांवों में चौपाल लगाकर ग्रामीणों से संवाद किया । जनता को केंद्र सरकार की योजनाओं एवं उपलब्धियों की जानकारी दी । इस दौरान जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा नेता अनिल मिश्रा, रमेश ठाकुर, सांसद प्रतिनिधि मुकुंद साव, सत्येंद्र नारायण सिंह, अजय साहू, मुकुंद साव, रंजीत चंद्रवंशी, मोतीलाल चौधरी, गुरुदेव गुप्ता, भगवान केसरी, आकाश जायसवाल, रंजन चौधरी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद रहे। इस दौरान सांसद ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की उपलब्धियों को जनता के बीच बताया । केंद्र की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए बताया कि देश में 4 करोड़ से अधिक गरीबों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्के घर मिले हैं। 12 करोड़ से अधिक शौचालयों का निर्माण हुआ है, लगभग 16 करोड़ ग्रामीण परिवारों को नल से जल की सुविधा मिली है तथा 58 करोड़ से अधिक जनधन खाते खोले गए हैं। उन्होंने बताया कि 57 करोड़ लोगों को मुद्रा योजना, 81 करोड़ लोगों को खाद्यान्न सुरक्षा, 11 करोड़ परिवारों को उज्ज्वला योजना तथा 31 करोड़ श्रमिकों को ई-श्रम पोर्टल से जोड़ा गया है। हालांकि, इन राष्ट्रीय उपलब्धियों के आंकड़ों के बीच ग्रामीणों के बीच एक सवाल लगातार चर्चा में रहा कि सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास निधि (सांसद मद) से हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में कौन-कौन से प्रमुख जनहितकारी कार्य कराए गए हैं। लोगों का कहना है कि केंद्र सरकार की योजनाओं की उपलब्धियों के साथ-साथ सांसद मद से सड़क, पुलिया, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य और सामुदायिक सुविधाओं के लिए किए गए कार्यों की जानकारी भी सार्वजनिक होनी चाहिए। ग्रामीणों की अपेक्षा है कि राष्ट्रीय विकास के साथ स्थानीय जरूरतों को पूरा करने में सांसद निधि की भूमिका भी स्पष्ट रूप से सामने आए।

**विचार प्रवाह** जो आध्यात्मिक प्रशिक्षण आपने मुझे दिया है वह परिपूर्ण था, और है। गुरु का मूल्यांकन नहीं किया जा सकता, और यदि ऐसा करना ही हो, तो यह उन नियमों के आधार पर नहीं किया जा सकता जो दो बराबरी वालों में मित्रता के लिये लागू होते हैं। मैंने सदा यह जाना है। **श्री ज्ञानमाता, 'परमहंस योगानंद'**

राष्ट्रीय नवीन मेल

# एआई से भागने का नहीं अपनाने का समय आ गया

**इंडिया**



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

अचानक आपके मोबाइल पर एक कॉल आता है जिसमें एक महिला नपे-तुले अंदाज में बात करती है और अचानक आपको पता चलता है कि आप किसी मधुर आवाज वाली महिला से नहीं एआइ से बात कर रहे थे तो कई बार आप डर भी जाते हैं पर अब यह हमारे जीवन में हर की लगभग हर गतिविधि में कहीं-न-कहीं शामिल है चाहे हम टीवी पर यूट्यूब देख रहे हों या मोबाइल पर किसी से बात कर रहे हों,हमारी हर पसंद-नापसंद की निगरानी यह मशीनी महामानव बिना बताए कर रहा होता है जिसके आधार पर हमारी ऑनलाइन जिंदगी सुगम लगने लगती है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि 'भारत कई देशों की तुलना में तकनीक को अधिक तेजी और प्रभावी ढंग से अपनाता है तथा एआई को खतरे के बजाय विकास का माध्यम मानता है। एआई कभी भी मानव बुद्धिमत्ता, मानवीय मूल्यों, संस्कृति और परंपराओं का स्थान नहीं ले सकता।' डीप फेक और एआई से एक आम भारतीय इस आधार पर डर रहा है कि पता नहीं कब उसकी आवाज या फोटो का नमूना लेकर रील में दिख रहे ट्रंप के नारियल पानी बेचने की तरह फर्जी वीडियो बन जाए या मेहनत के पैसे खाते से गायब हो जाएं पर एआई के रचनात्मक उपयोग और कमाई में बढ़ोत्तरी के भविष्य के उपयोग से लोग अनजान हैं । भारत में तकनीकी क्षेत्र में अत्याधुनिक तकनीक आई हो या नहीं पर यूपीआई से भुगतान में हम नंबर एक हैं जबकि साइबर ठगी में झारखंड भी कुख्यात है और जामताड़ा के बाद अनेक स्थानों में इसके गिरोह पकडे जा रहे हैं ऐसे में एआई यानी कृत्रिम बुद्धिमत्ता के दुरुपयोग की आशंका व्यक्त की जाती रही है क्योंकि आज भी भारत की बड़ी आबादी सूचना क्रांति के सहज सुलभ कार्यों से अपरिचित होने के कारण ऑनलाइन धोखेबाजी की शिकार होती रही है । लोगों को डर है कि धोखे से उनकी आवाज या चहरे की कॉपी कर जालसाजी की जाएगी पर एआई से होने वाले फायदे की चर्चा नहीं हो रही जिससे आमदनी भी तेजी से बधाई जा सकती है । जबकि तकनीकी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी माइक्रोसॉफ्ट के भारत के आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) इकोसिस्टम में एशिया के अब तक के सबसे बड़े 1.5 लाख करोड़ रुपए के निवेश की घोषणा और इंटेल व कॉग्निजेंट के सीईओ का प्रधानमंत्री के साथ बैठक में बड़े निवेश का संकेत देना, देश की एआई महत्वाकांक्षाओं के लिए तो अच्छी खबर है ही, हमारी तकनीकी संप्रभुता के मजबूत होने का भी संकेत है। अमेजन एवं गूगल ने भी भारत में अरबों डॉलर के एआई निवेश की घोषणा की है।ये दिग्गज कंपनियां दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाले डिजिटल बाजार में निवेश करने की होड़ में लगी हैं, तो यह केंद्र सरकार की अग्रसोची निवेशोन्मुखी नीतियों की सफलता का परिचायक कहा जा सकता है। 2026 से 2029 के बीच चार वर्षों के दौरान 17.5 अरब डॉलर के निवेश के निर्णय के साथ माइक्रोसॉफ्ट का लक्ष्य 2030 तक दो करोड़ भारतीयों को एआई तकनीक में कुशल बनाकर भारत को 'एआई-फर्स्ट' बनाना है, जिसमें दूसरी और तीसरी श्रेणी के शहरों और महिला प्रतिभागियों का एक बड़ा हिस्सा शामिल होगा।इस निवेश से जहां देश भर में आधुनिक क्लाउड एवं एआई डाटा सेंटरों का विस्तार हो सकता है, वहीं लाखों भारतीय व्यवसायों और स्टार्टअप को उच्च रफ्तार वाली कंप्यूटिंग क्षमता हासिल हो सकती है। यही नहीं, इसके जरिये लाखों भारतीय युवाओं को एआई तकनीक में प्रशिक्षण देकर भविष्य की नौकरियों के लिए तैयार किया जा सकता है। इससे भारत की एआई क्षेत्र में संप्रभु क्षमता मजबूत होगी और महत्वपूर्ण डाटा देश के भीतर सुरक्षित रहेगा।इस वर्ष की शुरुआत में भारत दौरे पर आए माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ ने दो वर्षों में तीन अरब डॉलर के निवेश की घोषणा की थी। इस वर्ष के अंत तक देश में डाटा प्रोसेसिंग करने के साथ माइक्रोसॉफ्ट 365 कोपायलट लॉन्च करने की योजना है, जो सरकार, बैंकिंग, वित्तीय सेवा, बीमा और स्वास्थ्य सेवा जैसे क्षेत्रों के लिए भारत में एआई डाटा गवर्नेंस और अनुपालन सुनिश्चित करेगा। दरअसल माइक्रोसॉफ्ट एआई, डिजिटल व्यापार और कार्यबल के प्रशिक्षण में भारत-अमेरिकी भागीदारी को मजबूत करने में अपनी भागीदारी को और गहरा करना चाहती है।इसके अलावा, प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात में कॉग्निजेंट के सीईओ रवि कुमार एस ने एआई को तेजी से अपनाने और एआई क्षमताओं और उत्पादकता को बढ़ाने के लिए शिक्षा व कौशल विकास को आगे बढ़ाने पर चर्चा की, तो इंटेल कॉरपोरेशन के सीईओ लिप बू टैन ने भारत के सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम में अपने निवेश को और बढ़ाने की इच्छा जताई, जिससे भारत के एआई नवाचार के वैश्विक केंद्र के रूप में खुद को स्थापित करने के प्रयासों में तेजी आने की उम्मीद है। समय की मांग है कि हम भविष्य के भारत और झारखंड के लिए एआइ से डरने के बजाय अपनाएं ताकि आनेवाली पीढ़ी का प्रतिभा पलायन न हो ।

# नारी शक्ति का दशक, विकसित भारत का उत्कर्ष

**आज की बात**



अन्नपूर्णा देवी
केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री

> **मोदी सरकार के पिछले 12 वर्षों में महिला सशक्तिकरण केवल एक नारा नहीं, बल्कि करोड़ों महिलाओं के जीवन में आया वास्तविक परिवर्तन बनकर उभरा है। स्वच्छ ईंधन, घर-घर जल, शौचालय, पक्का आवास, वित्तीय समावेशन, मातृ स्वास्थ्य, शिक्षा, उद्यमिता और राजनीतिक भागीदारी जैसे क्षेत्रों में हुए व्यापक बदलावों ने भारतीय महिलाओं को लाभार्थी से राष्ट्र निर्माण की सक्रिय भागीदार के रूप में स्थापित किया है।**



एआई जेनरेटेड

देश के किसी भी गाँव, बस्ती या सुदूर इलाके में जाइए- हर घर की रसोई में एक जैसी बदली हुई हवा महसूस होगी। चूल्हे के जिस काले धुएँ ने कभी नई दुल्हन की आँखों में आँसू भरे थे, उज्ज्वला की नीली लौ ने उसे विदा कह दिया है। जो माँ कभी कोसों दूर से पानी ढोती थी, आज उसकी बेटी के पास 'हर घर जल' का अपना नल है। खेत के पीछे की वह शर्मनाक मजबूरी अब इतिहास है- आँगन में स्वच्छ भारत का शौचालय गरिमा के साथ खड़ा है। सिर पर पक्की छत है, और उसके मालिकाना हक पर पहली बार- घर की महिला का नाम लिखा है। पर्स में जन-धन की पासबुक है और फोन में यूपीआई का ऐप है।

यह किसी पोस्टर पर छपी कोई काल्पनिक तस्वीर नहीं, बल्कि मोदी सरकार के बारह वर्षों में महिला सशक्तिकरण का एक ऐसा सच है, जिसे देश की करोड़ों महिलाएँ हर रोज़ जी रही हैं। यह उस दौर की दास्तान है जिसमें Women Led Development के विजन के साथ भारतीय नारी विकसित भारत की शिल्पकार बन रही है।

इस बदलाव की विशालता को समझने के लिए एक दशक पीछे लौटिए। एक समय मातृ मृत्यु दर 212 थी। निर्भया जैसी घटना पर देश का आक्रोश सड़कों पर था, लेकिन व्यवस्था में नीतिगत इच्छाशक्ति और संवेदनशीलता की कमी दिखाई देती थी। महिला आरक्षण विधेयक 1996 से चार बार अधर में लटका रहा और ट्रिपल तलाक पर दशकों तक कोई निर्णायक कार्रवाई नहीं हुई। चूल्हा साँसों में कालिख घोलता था। दूरस्थ हैंडपंप रोज़मर्रा की बेबसी का प्रतीक था। भारतीय नारी एक नई सुबह की प्रतीक्षा में अपने हिस्से की उम्मीद बचाए हुए थी।

शुरुआत करते हैं सबसे पवित्र आँकड़े—जीवन का अधिकार से। देश में मातृ मृत्यु दर तेजी से घटकर 212 से 88 पर आ गई है। UN-MMEIG के अनुसार जहाँ वैश्विक स्तर पर मातृ मृत्यु दर में महज़ 48% की कमी आई, वहीं भारत ने 86% की ऐतिहासिक गिरावट दर्ज की है। संस्थागत प्रसव 38.7% से बढ़कर 90.6% हो चुका है। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना ने चार करोड़ से अधिक माताओं के बैंक खातों में 20,000 करोड़ रुपये से अधिक सीधे हस्तांतरित कर सुरक्षित मातृत्व और स्वस्थ बचपन की नींव मजबूत की है।

देश में बने 12 करोड़ से अधिक घरेलू शौचालयों ने महिलाओं को गरिमा दी ।10.5 करोड़ से अधिक उज्ज्वला कनेक्शनों ने धुएँ से मुक्ति दी। आज 16 करोड़ से अधिक घरों तक नल का पानी पहुँच चुका है—जबकि 2014 में महज 17% परिवारों के पास यह सुविधा थी। प्रधानमंत्री आवास योजना के लगभग 4 करोड़ घरों में से 73% घर महिलाओं के नाम पर हैं। स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार सरकारी रिकॉर्ड्स पर माँ-बहनों का नाम गर्व से दर्ज है।

गरिमा से स्वामित्व आया, और स्वामित्व ने निर्णय लेने का आत्मविश्वास दिया। आर्थिक भागीदारी का यह विस्तार बैंक खाते से शुरू होकर उद्यमिता तक पहुँचा है। लगभग 56 करोड़ जन-धन खातों में 56% खाते महिलाओं के नाम पर हैं।

विश्व बैंक मानता है- भारत ने एक दशक में खाता-स्वामित्व के जेंडर गैप को शून्य पर ला दिया है, जो वैश्विक वित्तीय समावेशन के इतिहास में अभूतपूर्व है। मुद्रा योजना के तहत 52 करोड़ से अधिक जमानत-मुक्त ऋणों में से 68% ऋण महिलाओं को मिले हैं। स्टैंड-अप इंडिया ने महिला उद्यमियों को 43,000 करोड़ रुपये से अधिक दिए हैं और "दीनदयाल अंत्योदय योजना – राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (DAY-NRLM) के तहत 91 लाख से अधिक स्वयं सहायता समूहों (SHGs) ने 12 लाख करोड़ रुपये से अधिक की पूंजी जुटाई है।" निर्धारित समय से पहले 3 करोड़ बहनें 'लखपति दीदियाँ' बन चुकी हैं।

यह बदलाव शिक्षा और रोजगार में भी स्पष्ट है । देश में महिला श्रम शक्ति भागीदारी (LFPR) वर्ष 2017-18 के 23.3% से बढ़कर वर्ष 2023-24 में 41.7% हो गई है, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में यह भागीदारी 47.6% तक पहुँच चुकी है । सुकन्या समृद्धि योजना के तहत अब तक 4.53 करोड़ खातों में 3.33 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि जमा है । उच्च शिक्षा में हमारा जेंडर समानता सूचकांक (GPI) 1 के पार है और STEM शिक्षा में बेटियों की भागीदारी 43% है, जो वैश्विक स्तर पर सबसे अधिक में से एक है।

यह परिवर्तन केवल अनुभवों में नहीं, SRS, NFHS, PLFS, विश्व बैंक और संयुक्त राष्ट्र—हर रिपोर्ट एक ही दिशा की ओर इशारा करती है: भारतीय महिला के लिए पहुँच बढ़ी है और आत्मनिर्भरता का नया आसमान खुला है।

इसी आर्थिक-सामाजिक चेतना का विस्तार राजनैतिक और लोकतांत्रिक भागीदारी में दिख रहा है। वर्ष 2019 के आम चुनावों में पहली बार महिलाओं का मतदान प्रतिशत पुरुषों से अधिक रहा। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनावों में 31.2 करोड़ महिलाओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया—यह वैश्विक स्तर पर महिलाओं की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक भागीदारी थी। इसी के फलस्वरूप दशकों से लंबित 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' संसद में ऐतिहासिक सर्वसम्मति से पास हुआ। आज जमीनी स्तर पर 14.5 लाख से अधिक महिला प्रतिनिधि पंचायतों का नेतृत्व कर रही हैं। देश की रक्षा की अग्रिम पंक्ति में भी महिलाएँ राफेल उड़ा रही हैं और नौसेना की कमान संभाल रही हैं।

मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण) अधिनियम, 2019 ने ट्रिपल तलाक पर प्रभावी रोक लगाई, जिससे ऐसे मामलों में 82% की कमी आई है।देशभर में स्थापित 973 वन स्टॉप सेंटर्स पर संकटग्रस्त महिलाओं को एक ही छत के नीचे चिकित्सा, कानूनी सहायता और काउंसलिंग मिल रही है। Women Helpline-181 ने अब तक 1 करोड़ से अधिक महिलाओं की मदद की है । मिशन शक्ति, मिशन वात्सल्य, सक्षम आँगनवाड़ी—ये नारी-नेतृत्व वाले भारत की रीढ़ हैं।

बेशक, महिला सशक्तिकरण की राह में अभी भी चुनौतियाँ हैं, जिन पर सरकार पूरी प्रतिबद्धता से काम कर रही है। इसके साथ ही, नारी शक्ति वंदन अधिनियम आगामी परिसीमन की प्रक्रिया की प्रतीक्षा में है।

हमारे गणतंत्र के इतिहास में पहली बार भारतीय महिला अब नीति निर्धारण के पटल पर केवल लाभार्थी नहीं, बल्कि उसकी सक्रिय 'सह-निर्माता' है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में वह अब राष्ट्र-निर्माण की प्रक्रिया की सहयात्री है, सहभागी है और सूत्रधार भी।

**(लेखिका भारत सरकार में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री हैं।)**

# चेहरे का संकट या संगठन की रणनीति

**अलग बात**



केदारनाथ दास

भारतीय राजनीति में कोई भी दल केवल विचारधारा या चुनावी मशीनरी के सहारे लंबे समय तक सफलता हासिल नहीं कर सकता। यह एक ऐसा वैचारिक और संगठनात्मक प्रश्न है जब हर दल को कुछ ऐसे स्थानीय नेताओं की आवश्यकता होती है जो अपने-अपने राज्यों की सामाजिक संरचना, सांस्कृतिक संवेदनाओं और राजनीतिक आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करता रहे। तामिलनाडु राज्य में भाजपा अध्यक्ष रहे कुपुसामी अन्नामलाई के द्वारा भाजपा की राजनीति से तौबा कर लेने के बाद इस बहस के दायरे में पूरा देश आ गया है। सरसरी तौर पर लगभग 18 करोड़ सदस्यों के साथ दुनिया के सबसे बड़े राजनीतिक संगठन होने का दावा करने वाले इस संगठन के लिए एक अदद अन्नामलाई का यह प्रसंग बहुत छोटा हो सकता है लेकिन इस प्रसंग के साथ एक बड़ा सवाल यह छिपा हुआ है कि तमाम बड़े दावों के बावजूद भाजपा "मोदी" के प्रभामंडल से बाहर क्यों नहीं निकल पा रहा है? ऐसा भी तब जबकि केवल करिश्माई राष्ट्रीय नेतृत्व के बूते किसी भी दल का स्थायी विस्तार कतई संभव नहीं है । कांग्रेस का पतन इस बात का उदाहरण है कि जैसे जैसे राज्यों में स्थानीय नेतृत्व कमजोर पड़ता गया वैसे वैसे राष्ट्रीय लोकप्रियता का आकर्षण भी श्रीविहीन होता चला गया। दूसरी ओर, मजबूत चेहरों के साथ क्षेत्रीय दल हैं जो आज भी निर्णायक भूमिका निभाते नजर रहे हैं। निस्संदेह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारतीय राजनीति के सबसे प्रभावशाली नेताओं में से एक हैं। उन्होंने कार्यकाल की दृष्टि से न केवल नेहरू को पीछे छोड़ दिया है बल्कि में उनके नेतृत्व में भाजपा ने अभूतपूर्व विस्तार भी किया है। इन तथ्यों के बावजूद सच तो यही है कि राजनीति में कोई भी चेहरा स्थायी नहीं होता। ऐसे में, किसी भी संगठन की वास्तविक शक्ति इस बात से मापी जाती है कि वह अगली पीढ़ी का नेतृत्व तैयार करने में कितना सक्षम है? अब भाजपा के सामने सतही तौर पर जो कुछ सामने है उसके अनुसार मोदी जी की अभूतपूर्व सफलता के बावजूद भाजपा आज यह एक ऐसा संगठन बन चुका है जो देश के किसी भी राज्य में अपने अंदर से कोई मजबूत और लोकप्रिय नेतृत्व खड़ा नहीं कर पाया है। इतना ही नहीं, जो अवधारणा सामने है उसकी मानें तो यह एक ऐसा संगठन बनकर सामने है जो अपने करिश्माई नेताओं को कुंठित बनाए रखने में कोई कोताही नहीं बरतता। तेलंगाना में टी. राजा सिंह, कर्नाटक में तेजस्वी सूर्या और तमिलनाडु में अन्नामलाई जैसे कई नाम गिनाए जा सकते हैं जब इसने अपने करिश्माई नेताओं की भूमिका को सीमित करके रख दिया है। केरल-आंध्र प्रदेश जैसे प्रदेशों की स्थिति तो और भी गई बीती है जहां इसके पास एक प्रभावी नेतृत्व उभर ही नहीं पाया है। लब्बोलुआब यह कि भाजपा का थिंकटैंक जानबूझकर अपनी विचारधारा से निकले ऐसे नेताओं को नियंत्रित रखना चाहती है जो भविष्य में कभी शक्ति के केंद्र बन सकते हैं। बचाव में यह तर्क जरुर दिया जाता है कि यह विचारधारा व्यक्तिवाद के स्थान पर सामूहिक नेतृत्व व अनुशासित ढांचे पर विश्वास रखता है और आरएसएस की विचारधारा से प्रेरित भाजपा किसी भी क्षेत्रीय नेता के उदय को अंततः संगठनात्मक संतुलन के लिए चुनौती मानता है। वस्तुतः यही वह पेंच है जब "पार्टी विथ डिफरेंस" का दावा करने वाली भाजपा आज सवालों के घेरे में है। यह सवाल इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि राजनीति केवल संगठनात्मक अनुशासन का विषय भर नहीं होता बल्कि समग्र रूप से यह जनस्वीकृति और भावनात्मक जुड़ाव का विषय भी होता है। यदि ऐसा कुछ नहीं होता तो चुनाव के वक्त एक आम मतदाता उम्मीदवार के व्यक्तित्व के बजाय सिर्फ चुनाव चिन्ह व विचारधारा देखकर मतदान करता। इसी तरह यदि ऐसा नहीं होता तो उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ, असम में हिमंत बिस्वा सरमा और पश्चिम बंगाल में शुभेंदु अधिकारी जैसे नेताओं की मौजूदगी भाजपा को अतिरिक्त राजनीतिक ऊर्जा प्रदान नहीं करती।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

**आपकी बात**

## दस्तक



राखी ठाकुर

सांस रोके - धप धप
नए साल का थप थप
कहां हो मीठी - खुश- फुस
दरवाजा तो खुला होगा
स्टडी मे बैठी पढ़ती होगी
अपने मीठे मीठे जूड़े में,
जो मानता तो नहीं होगा
अरे इधर देखो, हम आ गए
तो कुछ नया लिखो न
फिर से।

राष्ट्रीय नवीन मेल
**धर्म-अध्यात्म**

## आत्मबोध का प्रकाश



श्री श्री परमहंस योगानंद

अपने अन्तर में एकाग्रचित होकर, आप अपनी आत्मा के दिव्य आनन्द को सीधे भीतर में अनुभव कर सकते हैं और बाहर भी। यदि आप स्वयं को इस चेतना में स्थिर कर सकें, तो आपका बाह्य व्यक्तित्व विकसित हो जाएगा और सब प्राणियों के लिए आकर्षक बन जाएगा। आत्मा ईश्वर के प्रतिबिम्ब में बनी है, और जब हम आत्मबोध में स्थित हो जाते हैं, तो हमारा व्यक्तित्व ईश्वर की श्रेष्ठता और सुन्दरता को प्रदर्शित करने लग जाता है। वही आपका वास्तविक व्यक्तित्व है। अन्य कोई विशिष्टता जिसे आप व्यक्त करते हैं, न्यूनाधिक एक आरोपण मात्र है- वे वास्तविक "आप" नहीं हैं। आत्म-विश्लेषण करें: आपके भीतर कुछ है जो हमेशा आपको उस "कुछ और" को ढूँढने के लिये उकसाता रहता है जिसका अभाव आपको अपने जीवन में महसूस होता है। सभी मनुष्यों के अन्तर् में उपलब्धि हासिल करने की एक गहरी आकांक्षा पैठी होती है। क्यों? क्योंकि हम परमपिता से टूट कर अलग हो चुके हैं। हम ईश्वर में निहित अपने शाश्वत धाम से भटक चुके हैं, और हम उस खोई हुई पूर्णता को पुनः प्राप्त करने के लिये लालायित रहते हैं।आत्मा पूर्णतया परिपूर्ण है, परन्तु जब यह अहम् के रूप में शरीर के साथ एकरूप हो जाती है, तो मानवीय अपूर्णताओं के कारण इसकी अभिव्यक्ति विकृत हो जाती है।... योग हमें स्वयं में तथा दूसरों में दिव्य प्रकृति को जानना सिखाता है। योग ध्यान द्वारा हम जान सकते हैं कि हम देवता हैं।। हिलते हुए पानी में चन्द्रमा का प्रतिबिम्ब स्पष्ट रूप से नहीं देखा जा सकता, परन्तु जब पानी की सतह शान्त होती है, तो चन्द्रमा का स्पष्ट प्रतिबिम्ब दिखाई देता है। ऐसा ही मन के साथ है: जब यह शान्त होता है तो आत्मा के चन्द्रमा रूपी चेहरे का प्रतिबिम्ब आप स्पष्ट रूप से देखते हैं। आत्मा के रूप में हम ईश्वर के प्रतिबिम्ब हैं।

**-पुस्तक जहां है प्रकाश से साभार**

## आज का दोहा

राम देखते रह गए श्रद्धा बची, न मान।
वक्त बदलते ही सुना, बदल गया इंसान।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/व्हाट्सएप - 82925 53444 -संपादक

**फेसबुक वॉल से**




**एक्स से**




# स्वस्थ जीवन का आनंद लेने की कला है योग

**योग की बात**



कुमार कृष्णन

तक़रीबन एक दशक पहले भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 27 सितम्बर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा में योग को भारत की प्राचीन परंपरा का अमूल्य उपहार बताते हुए इसे वैश्विक स्तर पर मनाने का प्रस्ताव रखा था। इसका उद्देश्य भारत की प्राचीन परंपरा को समस्त मानवता के स्वास्थ्य और सामूहिक कल्याण से जोड़ना था। संयुक्त राष्ट्र में 190 देशों ने भारत के इस प्रस्ताव का समर्थन किया था। 90 दिनों के रिकॉर्ड समय के भीतर, 11 दिसंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र ने 21 जून को 'अंतरराष्ट्रीय योग दिवस' के रूप में घोषित कर दिया।

बीसवीं सदी के महानतम संत स्वामी शिवानंद के शिष्य और विश्व योग आंदोलन के प्रवर्तक स्वामी सत्यानन्द सरस्वती जी ने योग की संभावनाओं को पहचानते हुए साठ के दशक में ही घोषित कर दिया था कि योगविद्या विश्वव्यापी संस्कृति के रूप में उभरेगी और विश्व की घटनाओं को निर्देशित करेगी। आज जब सारा विश्व अप्रत्याशित चुनौतियों का सामना करते जा रहा है तो उनकी भविष्यवाणी खरी उतरती दिख रही है। इस वर्ष के अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम "स्वस्थ आयु के लिए योग" है। "जो लोग लंबे समय तक स्वस्थ और सक्रिय बने रहने के उपाय खोज रहे हैं, उनके लिए योग एक अत्यंत उपयुक्त विकल्प है। योग हर मनुष्य को स्वस्थ, सकारात्मक, सृजनात्मक और संतोषपूर्ण जीवन जीने के साधन उपलब्ध कराता है। योग के माध्यम से हम यह सीखते हैं कि अपनी जीवनशैली को उन्नत बनाकर किस प्रकार समाज के उत्थान में सकारात्मक योगदान दे सकते हैं। बीसवीं सदी के महानतम संत स्वामी शिवानन्द सरस्वती ने कहा है कि अपने जीवन रूपी खेत में विचार बोने से एक कर्म पैदा होता है, कर्म बोने से आदत, आदत बोने से चरित्र और चरित्र बोने से नियति पैदा होती है। उनके इस सिद्धान्त को चरितार्थ करने का यह सर्वोत्तम समय है।

अंतराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त बिहार योग विद्यालय (मुंगेर) के परमाचार्य परमहंस स्वामी निरंजनानंद सरस्वती के अनुसार, स्वस्थ वृद्धावस्था का रहस्य केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि एक यौगिक सकारात्मक दिनचर्या है। इसका उद्देश्य शरीर में रोग-प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाना, भावनात्मक संतुलन, और सकारात्मकता बनाए रखना है। बीसवीं शताब्दी के दौरान मृत्यु दर में भारी गिरावट आई है और जन्म दर में भी कुछ हद तक कमी आई है। हालांकि, जीवन प्रत्याशा में वृद्धि हुई है और 65 वर्ष और उससे अधिक आयु वर्ग की जनसंख्या की वृद्धि दर अब विश्व की समग्र जनसंख्या वृद्धि दर से अधिक हो गई है। परिणामस्वरूप, हमें किसी भी जनसंख्या में पहले की तुलना में अधिक वृद्ध लोग मिलते हैं और यह संख्या बढ़ने की उम्मीद है।इसके अलावा, अधिक से अधिक बुजुर्ग लोग शारीरिक और मानसिक रूप से लंबे समय तक स्वस्थ रह रहे हैं, और यह मानवीय ऊर्जा एक ऐसा संसाधन है जिसका उचित उपयोग किया जाना चाहिए। वास्तव में, संयुक्त राष्ट्र ने 1999 को 'अंतर्राष्ट्रीय बुजुर्ग वर्ष' घोषित किया था। वृद्धावस्था की समस्याएं विशिष्ट होती हैं और मानवीय संसाधनों पर गुणात्मक, मात्रात्मक और अवधि के लिहाज से बहुत अधिक दबाव डालती है। डॉ स्वामी निर्मलानंद सरस्वती वृद्धावस्था के अध्ययन को जराविज्ञान और वृद्धावस्था के चिकित्सा प्रबंधन को जराचिकित्सा कहा जाता है। आज के मानदंडों के अनुसार, पैंसठ वर्ष और उससे अधिक आयु के किसी भी व्यक्ति को 'वरिष्ठ नागरिक' कहा जाता है, लेकिन परमहंस स्वामी सत्यानंद सरस्वती कहते थे कि सामान्य जीवन प्रत्याशा डेढ़ सौ वर्ष है और यदि हम एक सच्चे योगिक जीवन शैली को अपनाना सीख लें तो शायद हम इसे भी प्राप्त कर सकते हैं। शारीरिक स्तर पर उम्र बढ़ने के साथ शरीर की सीमाएं और विभिन्न बीमारियां शामिल हैं। शारीरिक सीमाएं सीमित गतिशीलता, जोड़ों में अकड़न और मांसपेशियों की कमजोरी के कारण होती हैं। विभिन्न इंद्रियों की कार्यक्षमता में कमी, जैसे कि कमजोर दृष्टि, बहरापन और संतुलन की क्षमता में गिरावट, इन सीमाओं को और बढ़ा देती हैं। वृद्ध लोग हड्डियों के टूटने, सीने और मूत्र संक्रमण के प्रति भी अधिक संवेदनशील होते हैं। रक्त संचार धीमा हो जाता है और पाचन क्रिया खराब हो जाती है। युवावस्था में तनावपूर्ण जीवनशैली के दुष्परिणाम उच्च रक्तचाप, हृदय रोग, मधुमेह आदि के रूप में सामने आ सकते हैं। उम्र बढ़ने के साथ-साथ मस्तिष्क और अन्य अंगों के अपक्षयी रोग, जैसे कि प्रोस्टेट ग्रंथि का बढ़ना, भी अधिक देखने को मिलते हैं। संक्षेप में, शरीर की शारीरिक संरचना में परिवर्तन के कारण उम्र बढ़ने के साथ-साथ शारीरिक समस्याएं भी बढ़ती जाती हैं। दूसरी तरह की समस्याओं में मानसिक क्षमताओं का कमजोर होना शामिल है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/00155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', सह कार्यकारी संपादक : प्रवीण कुमार दूबे*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : समाचार - news.rnmail@gmail.com, लेख - article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# पीओजेके में पाकिस्तान के खिलाफ बगावत!





# 11 दिन से लॉकडाउन, रावलकोट में कर्फ्यू जैसे हालात

**एजेंसी। श्रीनगर**

जम्मू-कश्मीर जॉइंट अवामी एक्शन कमिटी ने दावा किया है कि पाकिस्तान के कब्ज़े वाले जम्मू-कश्मीर (पीओजेके) का रावलकोट शहर पिछले 11 दिनों से "कफ़्र्यू जैसे हालात" में है, जबकि पूरे पीओजेके में लगातार 10 दिनों से शटडाउन और चक्का-जाम हड़ताल चल रही है। एक्स पर शेयर की गई एक पोस्ट में जेकेजेएएसी ने बताया कि रावलकोट के चारों ओर प्रदर्शनकारियों के शांतिपूर्ण धरने जारी हैं और रोज़मर्रा की ज़िंदगी में बढ़ती पाबंदियों और रुकावटों के बावजूद स्थानीय लोग इस आंदोलन की मांगों का समर्थन कर रहे हैं। ग्रुप ने आरोप लगाया कि सुरक्षा बलों ने नीलम घाटी से काफिले में आ रहे शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कार्रवाई की। हालांकि, उन्होंने कहा कि किसी के हताहत होने की खबर नहीं है और इस कार्रवाई के बावजूद धरना-प्रदर्शन जारी रहा।

समिति के अनुसार, अधिकारियों ने सोनू इलाके के पास भी पाबंदियां लगा दीं, जहां पंजाब पुलिस ने कथित तौर पर रात में नाकेबंदी की थी। प्रदर्शन के आयोजकों का दावा है कि यात्रियों को इस इलाके में दवाएं, खाने-पीने का सामान और अन्य जरूरी चीजें ले जाने से रोका गया। समूह द्वारा उद्धृत रिपोर्टों से पता चलता है कि कई वाहनों को रोका गया और उन्हें राहत सामग्री ले जाने की अनुमति नहीं दी गई। चल रही हड़ताल के कारण बाजार बंद हैं, सड़कें अवरुद्ध हैं और क्षेत्र के कई हिस्सों में जन आवागमन बुरी तरह प्रतिबंधित है। इन परिस्थितियों के बावजूद, जेकेजेएएसी ने जोर देकर कहा कि जनता का मनोबल मजबूत बना हुआ है और विरोध आंदोलन के लिए समर्थन कम नहीं हुआ है। जेकेजेएएसी ने पाकिस्तानी अधिकारियों पर गिरफ्तारी, दबाव बनाने की रणनीति और सुरक्षा उपायों के माध्यम से जनता की मांगों को दबाने का आरोप लगाया। उसने कहा कि आंदोलन तब तक शांतिपूर्ण ढंग से जारी रहेगा जब तक कि लोगों के बुनियादी अधिकार सुरक्षित नहीं हो जाते।

## बलूचिस्तान में सरकारी कर्मचारियों का हल्ला बोल, मांगों को लेकर डटे

**क्वेटा।** पाकिस्तान स्थित बलूचिस्तान प्रांत के कर्मचारी संगठनों ने अपनी सरकार के खिलाफ हल्ला बोल दिया है। सड़क पर उतर आए हैं और सरकारी विभागों और स्कूलों को अनिश्चितकाल तक बंद रखने का ऐलान कर दिया है। हुक्मरानों को चेतावनी भी दी गई है कि अगर उनकी बातों पर गौर नहीं किया गया तो 19 जून से आमरण अनशन पर बैठेंगे। स्थानीय मीडिया ने गुरुवार को इसकी जानकारी दी। बलूचिस्तान एम्प्लाइज ग्रैंड अलायंस नाम के संगठन के अनुसार यदि उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। प्रमुख पाकिस्तानी दैनिक डॉन के मुताबिक, यह फैसला उस समय लिया गया जब कर्मचारियों और पुलिस के बीच झड़पें हुईं और कई नेताओं को गिरफ्तार कर लिया गया। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, आंदोलनकारियों ने आरोप लगाया है कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन के दौरान उनके खिलाफ "कठोर कार्रवाई" की गई। रिपोर्ट के मुताबिक, कर्मचारियों ने बलूचिस्तान बजट सत्र के दौरान विधानसभा तक मार्च निकालने की योजना बनाई थी, लेकिन स्थानीय प्रशासन ने भारी पुलिस बल और फ्रंटियर कॉर्प्स तैनात कर दिया। प्रदर्शनकारियों को चमन फाटक के पास रोक दिया गया, जहां अलग-अलग इलाकों से आए प्रदर्शनकारी इकट्ठा हुए थे।

भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने आंसू गैस का इस्तेमाल किया और 10 से अधिक नेताओं और कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया।

# चंदा चोरी विवाद के बीच आज अयोध्या पहुंच रहे सीएम योगी


## मंच से नदारद रहेंगे चंपत राय!

- मंदिर कर्मचारियों से पूछताछ कर दस्तावेजों की जांच कर रही है
- दान विवाद की गहन जांच के आदेश पहले ही दिए जा चुके हैं और एसआईटी सक्रिय है

**एजेंसी। अयोध्या**

राम मंदिर के लिए मिले दान में कथित तौर पर पैसे की हेराफेरी को लेकर चल रहे विवाद के बीच, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का 19 जून को अयोध्या का प्रस्तावित दौरा सभी का ध्यान खींच रहा है। राम मंदिर दान विवाद की पहले ही गहन जांच के आदेश दिए जा चुके हैं। जांच टीम मंदिर के कर्मचारियों से पूछताछ कर रही है और कथित तौर पर पैसे की हेराफेरी के मामले में पिछले कुछ दिनों में उनके कामकाज की जांच-पड़ताल कर रही है। हालांकि, अगर योगी आदित्यनाथ इस मुद्दे पर कोई बयान देते हैं, तो सबकी नज़रें उन पर टिकी होंगी।

जानकारी यह भी है कि चंदा चोरी के मामले की जांच के बीच इस दौरे को लेकर जिला प्रशासन ने एक प्रोटोकॉल तैयार किया है। इसमें राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से चंपत राय की बजाय उनके प्रतिनिधि को शामिल करने की बात कही गई है। यह मामला पहले ही राजनीतिक तूल पकड़ चुका है। समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने मंदिर प्रशासन पर बड़े पैमाने पर अनियमितताओं, वित्तीय कुप्रबंधन और दान की रकम कथित तौर पर हड़पने का आरोप लगाया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अयोध्या यात्रा 27 जून को प्रस्तावित श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास की जयंती समारोह के साथ तय हुई है।



### चंदा चोरी मामले में कितने लोगों पर एसआईटी की रडार?

**अयोध्या।** अयोध्या में राम मंदिर के दान की कथित चोरी और वित्तीय अनियमितताओं की जांच कर रही उत्तर प्रदेश सरकार की विशेष जांच टीम (एसआईटी) ने बुधवार को श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय और प्रशासक गोपाल राव से पूछताछ की। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, टीम ने दान राशि की गिनती, रेकॉर्ड रखने और मंदिर की व्यवस्थाओं से जुड़े लोगों से भी सवाल किए। एसआईटी प्रमुख और लखनऊ मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत, आईजी किरण एस तथा वित्त विभाग के वेशेष सचिव नील रतन ने अलग-अलग पूछताछ की। टीम ने सीसीटीवी फुटेज, दान पेटियों और संबंधित दस्तावेजों की जांच की तथा रिकॉर्ड अपने क जे में लिए। दान में मिली आभूषणों और कीमती धातुओं के भंडारकक्ष का भी निरीक्षण गया। मामले में अब तक तीन शिकायतें दर्ज कराई जा चुकी है, लेकिन पुलिस ने कोई एफआईआर दर्ज नहीं की है।

**कुल 327.07 करोड़ रुपये की आय :** राम मंदिर में हर साल करोड़ों रुपये की आय चढ़ावा और देश-विदेश से मिले दान के रूप में हुई। मंदिर सूत्रों के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2024- 25 में विभिन्न स्रोतों से कुल 327.07 करोड़ रुपये की आय हुई। इसमें ऑनलाइन, RTGS, नकद, चेक आदि माध्यमों से प्राप्त राशि शामिल है। कुल आय में 153 करोड़ रुपये दान के रूप में प्राप्त हुए।

महंत नृत्य गोपाल दास 27 जून को 88 साल के हो जाएंगे। इस मौके पर आध्यात्मिक गुरुओं का एक सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है और जश्न की शुरुआत 19 जून से 10 दिन तक चलने वाली श्री राम कथा से होगी। इस बड़े कार्यक्रम में शामिल होने के लिए कई मुख्यमंत्रियों को निमंत्रण पत्र भेजे गए हैं और कुछ खबरों के मुताबिक, उनमें से कई ने अपनी सहमति भी दे दी है।

## शीर्ष कंपनियों के सीईओ से पीएम मोदी ने संभावनाओं पर की चर्चा

**एजेंसी। पेरिस**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कई शीर्ष कंपनियों के सीईओ और वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात की और उन्हें देश में तेजी से बढ़ते मैन्युफैक्चरिंग और इनोवेशन इकोसिस्टम के बारे में जानकारी दी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, "प्रधानमंत्री मोदी ने मिस्ट्रल एआई के को-फाउंडर और सीईओ आर्थर मेन्श से मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने भारत के बढ़ते एआई इकोसिस्टम में मौजूद मौकों के बारे में बताया। वहीं, मेन्श ने इनोवेशन को बढ़ावा देने और एआई क्षमताओं का विस्तार करने के लिए भारत के साथ सहयोग करने और भारतीय कंपनियों के साथ पार्टनरशिप करने में मिस्ट्रल एआई की गहरी दिलचस्पी जाहिर की।" आगे प्रधानमंत्री मोदी ने एल्स्टॉम के सीईओ मार्टिन सियन से भी मुलाकात की और बातचीत मोबिलिटी और रेलवे के आधुनिकीकरण के मौकों पर केंद्रित रही। जयसवाल के अनुसार, "प्रधानमंत्री मोदी ने भारत में एल्स्टॉम के बड़े निवेश और मैन्युफैक्चरिंग मौजूदगी का जिक्र किया, जो नौकरियां पैदा करने और भारत के रेल सेक्टर के विकास में योगदान दे रहे हैं।

## भाजपा-तृणमूल समर्थकों के बीच झड़प, एक कार्यकर्ता की मौत, तीन घायल

**एजेंसी। कोलकाता**



पश्चिम बंगाल के हावड़ा जिले की आंटिला ग्राम पंचायत के पाइकपाड़ा इलाके में भाजपा और तृणमूल समर्थकों के बीच हुई हिंसक झड़प के बाद क्षेत्र में तनाव व्याप्त है। घटना में एक भाजपा कार्यकर्ता की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हो गए हैं। घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। मिली जानकारी के अनुसार, विधानसभा चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद आंटिला ग्राम पंचायत के उपप्रधान शेख मफिजुल इस्लाम क्षेत्र छोड़कर चले गए थे। गुरुवार रात उनके इलाके में लौटने की खबर फैलने के बाद लगभग 8 से 10 भाजपा कार्यकर्ता बाइक से उनके घर के सामने पहुंचे और घेराव किया। आरोप है कि इसके बाद उपप्रधान के समर्थक और भाजपा कार्यकर्ता आमने-सामने आ गए। देखते ही देखते दोनों पक्षों के बीच लाठी, डंडे और लोहे की रॉड से मारपीट शुरू हो गई। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ता प्रशांत दे (50) गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल उलूबेड़िया महकमा अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना में तीन अन्य भाजपा कार्यकर्ता भी घायल हुए हैं।

## वायु सेना अधिकारी की पत्नी से जबरन धर्मांतरण मामले में मौलवी गिरफ्तार

**नागपुर।** नागपुर पुलिस ने भारतीय वायु सेना के एक अधिकारी की 24 वर्षीय पत्नी के कथित जबरन धर्म परिवर्तन मामले में एक मौलवी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान हजरत मौलाना के रूप में हुई है। पुलिस ने उसे मध्य प्रदेश से हिरासत में लिया और आगे की पूछताछ के लिए नागपुर लाया है। महिला ने अपनी शिकायत में पूर्व सहपाठी और उसके कई साथियों पर दुष्कर्म, ब्लैकमेल, जबरन धर्म परिवर्तन और काला जादू से जुड़े कथित अनुष्ठान कराने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। इस सप्ताह सामने आए इस मामले ने तब और तूल पकड़ लिया, जब सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ। वीडियो में कथित तौर पर एक व्यक्ति महिला का हाथ पकड़कर धार्मिक आयतें पढ़ता दिखाई दे रहा है। इस वीडियो के सामने आने के बाद मामले को लेकर लोगों में आक्रोश बढ़ गया और पुलिस जांच तेज कर दी गई।

## एआई के क्षेत्र में भारत दुनिया के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण : गोयल

**एजेंसी। पेरिस/नई दिल्ली**



केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को कहा कि भारत दुनिया के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण है। उन्होंने कहा कि देश की युवा आबादी, सस्ता डेटा, बढ़ती तकनीकी क्षमताएं और समावेशी विकास का दृष्टिकोण भारत को वैश्विक तकनीकी क्रांति में अग्रणी स्थान पर पहुंचा रहा है। विवा टेक 2026 में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के दौर में भारत की भूमिका पर बोलते हुए गोयल ने कहा कि भारत के पास कई ऐसी प्राकृतिक ताकतें हैं, जो उसे वैश्विक तकनीकी अंतर को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने योग्य बनाती हैं। उन्होंने कहा कि भारत कई देशों की तुलना में तकनीक को अधिक तेजी और प्रभावी ढंग से अपनाता है तथा एआई को खतरे के बजाय विकास का माध्यम मानता है। गोयल ने कहा, "भारत दुनिया के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण है। हमारी युवा और प्रतिभाशाली आबादी, सस्ता डेटा, बढ़ती क्षमताएं और साझा विकास का दृष्टिकोण हमें तकनीकी विकास की अग्रिम पंक्ति में खड़ा करता है।" केंद्रीय मंत्री ने जोर देकर कहा कि एआई कभी भी मानव बुद्धिमत्ता, मानवीय मूल्यों, संस्कृति और परंपराओं का स्थान नहीं ले सकता। उन्होंने कहा कि भारत की जनसांख्यिकीय शक्ति उसकी सबसे बड़ी ताकतों में से एक है।

**योग दिवस** गुजरात के गिफ्ट सिटी में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का भव्य आयोजन

# 1500 से अधिक लोगों ने कार्यक्रम में भाग लिया

- योग और स्वस्थ जीवनशैली के महत्व पर जोर दिया गया

**एजेंसी। गांधीनगर**



गांधीनगर की गिफ्ट सिटी (गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक-सिटी) में गुजरात राज्य योग बोर्ड के सहयोग से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर गुरुवार को एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें कॉर्पोरेट जगत के प्रतिनिधियों, कर्मचारियों और स्थानीय निवासियों सहित 1,500 से अधिक लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर "जिंदगी वन्स मोर" टीम और अभिनेता मयूर वकानी सहित कई गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही। इन सभी ने योग और स्वस्थ जीवनशैली के महत्व को रेखांकित करते हुए लोगों को नियमित योग अभ्यास के लिए प्रेरित किया। गुजरात योग बोर्ड के चेयरमैन शिशुपाल ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन और जनकल्याण के 12 वर्ष पूर्ण हुए हैं और इसी दिशा में गुजरात राज्य योग बोर्ड लगातार योग कार्यक्रमों का आयोजन कर रहा है। 'कॉर्पोरेट के लिए योग' पहल के अंतर्गत व्यापारियों, उद्योगपतियों, कर्मचारियों और अधिकारियों को योग से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जब कॉर्पोरेट क्षेत्र के लोग योग को अपनाते हैं, तो इसका प्रभाव न केवल उनके स्वास्थ्य पर पड़ता है, बल्कि देश की आर्थिक प्रगति पर भी सकारात्मक असर दिखाई देता है। उनके अनुसार, इससे कार्यक्षमता बढ़ती है, उत्पादन क्षमता में सुधार होता है और देश के टर्नओवर तथा जीडीपी में वृद्धि होती है। उन्होंने योग को केवल एक शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि एक संपूर्ण चिकित्सा विज्ञान बताया, जो शरीर की शक्ति बढ़ाने के साथ-साथ प्रतिरक्षा प्रणाली को भी मजबूत करता है। उन्होंने सभी नागरिकों से आह्वान किया कि वे अपने दैनिक जीवन में योग को अपनाएं ताकि उनका शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक विकास हो सके और भारत 'विश्वगुरु' बनने की दिशा में आगे बढ़ सके।



गिफ्ट सिटी के प्रबंध निदेशक (एमडी) संजय कुमार ने कहा कि गुजरात योग बोर्ड और गुजरात सरकार के सहयोग से यह योग कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य यहां कार्यरत लोगों को योग से जोड़ना है। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में हजारों कर्मचारियों ने रुचि दिखाई और सक्रिय रूप से भाग लिया, जो इस पहल की सफलता को दर्शाता है।

# दृष्टिपात

## कलकत्ता हाईकोर्ट ने रितब्रत को विपक्ष का नेता मानने के स्पीकर के फैसले को रखा बरकरार



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की राजनीति में जारी सियासी घमासान के बीच कलकत्ता हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। गुरुवार को हाईकोर्ट की एकल पीठ ने पश्चिम बंगाल विधानसभा अध्यक्ष रथिंद्र बोस के उस फैसले पर अंतरिम रोक लगाने से इनकार कर दिया, जिसमें निष्कासित तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) विधायक रितब्रत बनर्जी को विधानसभा में बहुमत वाले गुट का नेता और विपक्ष का नेता (एलओपी) माना गया था।इस मामले में दायर याचिका पर सुनवाई बुधवार को पूरी हो गई थी। इसके बाद न्यायमूर्ति कृष्ण राव ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। गुरुवार सुबह उन्होंने अपना निर्णय सुनाते हुए स्पीकर के फैसले पर कोई अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया। हाईकोर्ट के इस फैसले का अर्थ है कि फिलहाल रितब्रत बनर्जी विधानसभा में विपक्ष के नेता बने रहेंगे। इसके साथ ही टीएमसी के अल्पमत गुट द्वारा वरिष्ठ विधायक शोभनदेव चट्टोपाध्याय को विपक्ष का नेता बनाए जाने का दावा फिलहाल कमजोर पड़ गया है। वर्तमान में 294 सदस्यीय पश्चिम बंगाल विधानसभा में टीएमसी के कुल 80 विधायक हैं। इनमें से 60 विधायकों के रितब्रत बनर्जी के नेतृत्व वाले विद्रोही गुट के साथ होने का दावा किया जा रहा है। वहीं, रितब्रत बनर्जी ने इसी सप्ताह दावा किया था कि उनके समर्थन में 64 विधायक हैं।

## वॉट्सऐप डीपी लगाकर पूर्व प्रधानमंत्री के बेटे से 7.8 करोड़ रुपए की ठगी

**नई दिल्ली।** साइबर ठगी का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जिसमें भारत के पूर्व प्रधानमंत्री इंद्र कुमार गुजराल के बेटे और पूर्व राज्यसभा सदस्य नरेश गुजराल से ठगों ने करोड़ों रुपए की ठगी कर ली। हैरानी की बात यह है कि ठगों ने किसी हैकिंग या तकनीकी चाल का नहीं, बल्कि सिर्फ एक वॉट्सऐप प्रोफाइल फोटो का इस्तेमाल कर इतनी बड़ी ठगी को अंजाम दिया। दिल्ली पुलिस को दी गई शिकायत में नरेश गुजराल ने बताया कि उनके एक कर्मचारी को वॉट्सऐप पर एक संदेश मिला। उस नंबर पर नरेश गुजराल की प्रोफाइल फोटो लगी हुई थी, जिससे कर्मचारी को लगा कि संदेश वास्तव में उनके बॉस की ओर से आया है। ठग ने खुद को नरेश गुजराल बताकर कर्मचारी से बातचीत की और फिर एक बैंक अकाउंट नंबर भेजा। इसके बाद कर्मचारी को निर्देश दिया गया कि वह उस खाते में 7.8 करोड़ रुपए आरटीजीएस के माध्यम से ट्रांसफर कर दे। आरटीजीएस का पूरा नाम 'रियल-टाइम ग्रॉस सेटलमेंट' है। यह बैंक ट्रांसफर करने की एक अत्यधिक सुरक्षित और इंस्टेंट (तुरंत) इलेक्ट्रॉनिक प्रणाली है, जिसे आरबीआई द्वारा संचालित किया जाता है। बॉस के नाम और प्रोफाइल फोटो पर भरोसा करते हुए कर्मचारी ने बताए गए बैंक खाते में पूरी रकम ट्रांसफर कर दी। बाद में पता चला कि जिस व्हाट्सऐप नंबर से संदेश आया था, वह नरेश गुजराल का नंबर नहीं था। किसी साइबर ठग ने केवल उनकी प्रोफाइल तस्वीर का इस्तेमाल कर कर्मचारी को धोखा दिया था।

## इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र एवं लेखक गाँव के बीच हुआ सद्भावना समझौता

**देहरादून।** भारत की सांस्कृतिक विरासत, साहित्यिक चेतना और ज्ञान परंपरा को वैश्विक मंच पर प्रतिष्ठित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के अंतर्गत कार्यरत इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (IGNCA) तथा उत्तराखंड स्थित स्पर्श हिमालयन लेखक गाँव (लेखक गाँव) के बीच सद्भावना समझौता ज्ञापन मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते को लेखक गाँव की विकास यात्रा में एक नए स्वर्णिम अध्याय के रूप में देखा जा रहा है। विश्व के प्रथम भव्य लेखक गाँव की स्थापना पूर्व केंद्रीय शिक्षा मंत्री एवं प्रख्यात साहित्यकार डॉ. रमेश पोखरियाल 'निशंक' की दूरदर्शी सोच का परिणाम है। यह पहल पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की उस सांस्कृतिक परिकल्पना को भी साकार करती है, जिसमें भारत को विश्व में सहिष्णुता, संस्कृति और ज्ञान का अग्रदूत बनाने का सपना देखा गया था। इस समझौते का प्रमुख उद्देश्य कला, साहित्य, संस्कृति और भाषाओं के संरक्षण, संवर्धन एवं प्रचार-प्रसार को नई गति प्रदान करना है।

## दिल्ली हाई कोर्ट में नीट-यूजी री-एग्जाम से पहले 'टेलीग्राम' प्रतिबंध पर होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार की ओर से टेलीग्राम पर लगाए गए अस्थाई प्रतिबंध के मामले पर गुरुवार को दिल्ली हाई कोर्ट में सुनवाई है। याचिका में केंद्र सरकार के फैसले को चुनौती दी गई है। दिल्ली हाई कोर्ट की कॉज लिस्ट के अनुसार, 'टेलीग्राम एफजेड एलएलसी व अन्य बनाम भारत संघ और अन्य' का मामला जस्टिस तेजस करिया की वेकेशन बेंच के सामने दोपहर 2:30 बजे के लिए लिस्ट किया गया है। बुधवार को, दिल्ली हाई कोर्ट ने टेलीग्राम की याचिका पर केंद्र सरकार से जवाब मांगा था और संबंधित अधिकारियों को अपना जवाब और जरूरी दस्तावेज रिकॉर्ड पर रखने की इजाजत दी थी। टेलीग्राम की ओर से दिल्ली हाई कोर्ट से तत्काल सुनवाई की मांग की गई थी। कंपनी का तर्क था कि उसकी सेवाओं को कुछ समय के लिए रोकना और उससे जुड़ी पाबंदियां जरूरत से ज्यादा थीं और इससे देश भर में लाखों यूजर्स पर बुरा असर पड़ सकता है। केंद्र सरकार की ओर से मंगलवार को देश में टेलीग्राम के कामकाज पर 22 जून तक कुछ समय के लिए रोक लगाने की घोषणा की गई। सरकार की ओर से की गई घोषणा में परीक्षा का दिन और उसके ठीक बाद का समय शामिल है। बता दें कि केंद्र सरकार की ओर से यह कदम नीट (यूजी) 2026 की दोबारा परीक्षा से पहले कथित पेपर लीक, गलत जानकारी फैलाने वाले कैंपेन और नकल कराने वाले नेटवर्क को रोकने की कोशिशों के तहत उठाया गया था।

## गरीबों के लिए नहीं, माफिया के मरने पर निकलते हैं सपा-कांग्रेस के आंसू : योगी

**उन्नाव।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गत 12 वर्षों में देश में और 9 वर्षों में उत्तर प्रदेश में डबल इंजन सरकार ने जो कार्य किया, वह कांग्रेस व सपा सरकारें नहीं कर सकीं, क्योंकि भ्रष्ट व क्षमता विहीन ये लोग गरीब के बारे में नहीं, केवल अपने परिवार के बारे में सोचते थे। कांग्रेस ने नेहरू-गांधी परिवार से बाहर कभी नहीं सोचा और सपा के लिए केवल सैफई ही परिवार था। जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को घर और 140 करोड़ लोगों को ही परिवार माना है। मेरे लिए उत्तर प्रदेश घर और 25 करोड़ लोग परिवार के सदस्य हैं। उनकी समृद्धि के लिए कार्य करना ही हमारा मिशन है। मुख्यमंत्री ने गुरुवार को 570 करोड़ रुपए से अधिक लागत की 101 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास करने के उपरांत जनसमूह को संबोधित किया। उन्होंने ग्राम पंचायत डीह, भवानी खेड़ा चौराहा, हिंदु खेड़ा उन्नाव में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रदर्शनी का अवलोकन किया और बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार भी कराया। सीएम ने स्थानीय लोगों को जानकारी दी कि वीर शहीद गुलाब सिंह लोधी की स्मृति में निर्मित पुलिस ट्रेनिंग स्कूल की क्षमता भी दोगुनी कर दी गई है।

## फाल्टा थाने पर धावा बोलने वाले 7 और गिरफ्तार, जहांगीर की पत्नी की तलाश तेज

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के फाल्टा थाना पर धावा बोलकर टीएमसी नेता जहांगीर खान को छुड़ाने की कोशिश के मामले में पुलिस ने सात और लोगों को गिरफ्तार किया है। इस घटना का नेतृत्व कथित तौर पर जहांगीर खान की पत्नी रेजिना बीबी कर रही थीं, जो फिलहाल फरार हैं। डायमंड हार्बर जिला पुलिस द्वारा की गई इन सात नई गिरफ्तारियों के बाद इस मामले में गिरफ्तार आरोपियों की कुल संख्या बढ़कर 15 हो गई है। इससे पहले पिछले दो दिनों में आठ अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।पुलिस सूत्रों के अनुसार, फरार रेजिना बीबी के खिलाफ अब आर्म्स एक्ट, 1959 और एक्सप्लोसिव्स एक्ट, 1884 की अतिरिक्त धाराएं भी जोड़ी गई हैं। पुलिस का आरोप है कि फाल्टा थाने पर हमले और जहांगीर खान को छुड़ाने की पूरी साजिश के पीछे वही मुख्य भूमिका में थीं। बताया गया कि 16 जून को रेजिना बीबी के नेतृत्व में तृणमूल समर्थकों की भीड़ ने फाल्टा थाने में घुसकर जहांगीर खान को छुड़ाने की कोशिश की थी।



# भारतीय मेंस हॉकी टीम का दमदार प्रदर्शन, जर्मनी को 3-1 से हराया

**रॉटरडैम।** एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2025-26 में भारतीय पुरुष टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए वर्ल्ड चैंपियन जर्मनी को एकतरफा मुकाबले में 3-1 से हराया। मनदीप सिंह (7वें मिनट), शिलानंद लाकड़ा (13वें मिनट) और नीलकांत शर्मा (35वें मिनट) के गोलों की बदौलत भारत ने शानदार जीत हासिल की। इस मुकाबले में भारतीय टीम का डिफेंस भी काफी मजबूत नजर आया। मिडफील्डर हार्दिक सिंह को मिडफील्ड से खेल को संभालने के उनके शानदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। वहीं, मनप्रीत सिंह भारत की ओर से सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले खिलाड़ी बने। उन्होंने दिलीप टिर्की के 412 मैचों के रिकॉर्ड को तोड़ा। 413 इंटरनेशनल मैच खेलने वाले मनप्रीत अब पुरुषों की ऑल-टाइम इंटरनेशनल कैप (सबसे ज्यादा इंटरनेशनल मैच खेलने वाले खिलाड़ी) की लिस्ट में बेल्जियम के जॉन-जॉन डोहमेन (481), नीदरलैंड्स के ट्यून डी नूइजर (453), ऑस्ट्रेलिया के एडी ओकेनडेन (451), और ग्रेट ब्रिटेन के बैरी मिडलटन (432) के बाद पांचवें नंबर पर हैं। भारत ने पजेशन कंट्रोल करके मैच की अच्छी शुरुआत की और जर्मनी पर दबाव बनाए रखा। इसका फायदा 7वें मिनट में मिला जब मंदीप ने गोल के सामने एक तेज टर्न से गोल करके भारत को 1-0 की बढ़त दिला दी। पहले क्वार्टर के खत्म होने से ठीक पहले, लाकड़ा ने 13वें मिनट में जर्मन गोलकीपर अलेक्जेंडर स्टैडलर को छकाते हुए एक शानदार स्ट्राइक से भारत का स्कोर 2-0 कर दिया। दूसरे क्वार्टर में, जर्मनी ने वापसी करने के इरादे से अपना खेल बदला और भारतीय हाफ में गहराई तक जाने की कोशिश की, लेकिन भारतीय डिफेंस मजबूत रहा।

**भारत ने** पजेशन कंट्रोल करके मैच की अच्छी शुरुआत की

# भारतीय टीम ने बनाई सेमीफाइनल में जगह उरुग्वे को 3-2 से हराया

**ऑकलैंड।** एफआईएच हॉकी विमेंस नेशंस कप 2025-26 में भारतीय टीम का शानदार प्रदर्शन जारी है। आखिरी पूल मैच में भारत ने उरुग्वे को रोमांचक मुकाबले में 3-2 से हराया। इस जीत के साथ ही भारतीय टीम ने सेमीफाइनल का टिकट हासिल कर लिया है। मैच में 0-1 से पिछड़ने के बाद भारत ने जबरदस्त वापसी की। भारत की ओर से दीपिका ने दो गोल किए, जबकि सोरेंग ने एक गोल दागा। इस जीत से भारत ने अमेरिका, जापान और उरुग्वे पर लगातार तीन जीत के साथ पूल ए में पहले स्थान हासिल कर लिया है। दूसरे स्थान पर रहने के साथ ही अमेरिका भी भारत के साथ-साथ सेमीफाइनल की रेस में शामिल हो गया है। उरुग्वे के लिए कियारा एपेनिनो (13वें मिनट) और मैनुएला विलार (55वें मिनट) ने गोल किए, जबकि भारत के लिए दीपिका (24वें, 56वें मिनट) और दीपिका सोरेंग (43वें मिनट) ने गोल किए। यह मैच मिडफील्डर नेहा के लिए यादगार रहा। भारतीय महिला हॉकी टीम की जर्सी में यह उनके इंटरनेशनल करियर का 200वां मुकाबला रहा।उरुग्वे ने 13वें मिनट में ही मैच में 1-0 की बढ़त हासिल की। कियारा एपेनिनो ने पेनल्टी कॉर्नर के रूप में हाथ आए मौके को भुनाया और मैच का पहला गोल दागा। हालांकि, भारतीय टीम ने मैच में शानदार वापसी की। हाफ टाइम से पहले अपनी इन-फॉर्म ड्रैग-फ्लिकर दीपिका के गोल की बदौलत भारतीय टीम ने स्कोर 1-1 से बराबर किया। दीपिका ने पेनल्टी कॉर्नर को शानदार गोल में तब्दील किया।दूसरे हाफ में मोमेंटम पूरी तरह से भारत के पक्ष में नजर आया। भारतीय टीम ने लगातार आक्रामक खेल दिखाया और उरुग्वे के डिफेंस पर दबाव डाला।

**0-1** से पिछड़ने के बाद भारत ने जबरदस्त वापसी की



## योगासन में उत्कृष्ट प्रदर्शन को सम्मान

# रोशन थापा समेत कई खिलाड़ी होंगे सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची रोटरी क्लब रांची और झारखंड योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के तत्वावधान में योगासन स्पोर्ट्स के राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। समारोह का आयोजन 19 जून को रांची क्लब परिसर स्थित रोटरी हॉल में शाम 6 बजे से होगा।

समारोह में अंतरराष्ट्रीय योगासन खिलाड़ी रोशन थापा समेत कई खिलाड़ी सम्मानित होंगे। रोशन थापा ने भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर देश और झारखंड का नाम रोशन किया है। थापा के अलावा भारतीय टीम के अन्य सदस्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर पदक विजेता दो अन्य प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया जाएगा।

सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि वरिष्ठ आईएएस शशि प्रकाश झा होंगे। जबकि विशिष्ट अतिथि सीआरपीएफ डीआईजी डीएन लाल होंगे। रोटरी क्लब के अध्यक्ष अमित अग्रवाल ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर क्लब ने योगासन खिलाड़ी रोशन थापा समेत कई खिलाड़ियों को सम्मानित करने का निर्णय लिया है। आयोजन समिति के चेयरमेन मनोज तिवारी ने बताया कि यह आयोजन केवल खिलाड़ियों के सम्मान तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि युवाओं को योग, खेल भावना एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करने का भी माध्यम बनेगा।

ज्ञात हो कि जैप वन रांची में कार्यरत रोशन थापा ने हाल ही में आयोजित अंतरराष्ट्रीय योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में भारत के लिए पहला गोल्ड जीता है। वे पिछले 6 वर्षों से योगासन को एक संगठित खेल के रूप में स्थापित करने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। उनका लक्ष्य योगासन को भविष्य में ओलंपिक और कॉमनवेल्थ गेम्स में शामिल कराना है। मूल रूप से नेपाल के रहने वाले थापा वर्ष 2020 से अब तक विभिन्न योगासन प्रतिस्पर्धा में कई पदक अपने नाम कर चुके हैं।






# जुगराज सिंह ने लगाया अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों का 'शतक' हॉकी इंडिया ने बधाई दी

*__रॉटरडैम।__ हॉकी इंडिया ने भारतीय पुरुष हॉकी टीम के डिफेंडर और ड्रैग-फ्लिकर जुगराज सिंह को 100 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने पर बधाई दी है। जुगराज ने गुरुवार को नीदरलैंड के रॉटरडैम में जर्मनी के खिलाफ एफआईएच प्रो लीग मैच के दौरान यह अनूठा शतक पूरा किया। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने जुगराज की लगन और निरंतरता के लिए उनकी तारीफ करते हुए कहा, "हॉकी इंडिया जुगराज को 100 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने की उपलब्धि पर बधाई देता है। अपने डेब्यू के बाद से उन्होंने शानदार तरक्की की है। पेनाल्टी-कॉर्नर को गोल में बदलने की जबरदस्त क्षमता और मजबूत डिफेंस उन्हें नेशनल टीम के लिए एक अहम खिलाड़ी बनाती है। इस मुकाम तक पहुंचना खेल के प्रति उनकी कड़ी मेहनत और लगन को दिखाता है। हम उन्हें बहुत-बहुत शुभकामनाएं देते हैं और उम्मीद करते हैं कि वे और भी ऊंचाइयां हासिल करेंगे।*

# टीम के प्रदर्शन में कोई कमी नहीं थी : रोनाल्डो

**ह्यूस्टन।** फीफा वर्ल्ड कप 2026 में पुर्तगाल फुटबॉल टीम की शुरुआत निराशाजनक हुई है। टूर्नामेंट के अपने पहले मुकाबले में पुर्तगाल को डीआर कांगो के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ खेलने के लिए मजबूर होना पड़ा। हालांकि, पुर्तगाल के स्टार खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने टीम का बचाव किया है।



रोनाल्डो ने कहा कि डीआर कांगो के खिलाफ खेले गए मुकाबले में पुर्तगाल टीम के प्रदर्शन में कोई कमी नहीं थी। रोनाल्डो खुद इस मुकाबले में कोई गोल नहीं कर सके। रोनाल्डो के तीनों शॉट गोल पोस्ट से बाहर चले गए। रोनाल्डो ने मैच के बाद पुर्तगाल के 'स्पोर्ट टीवी' से एक छोटी बातचीत में कहा, "कुछ भी कमी नहीं थी, फुटबॉल ऐसा ही है। हम जीत भी सकते थे।"

अपने करियर के छठे वर्ल्ड कप के पहले मैच में रोनाल्डो का एक भी शॉट गोल पोस्ट में नहीं पहुंचा। यह दूसरी बार भी है जब उन्होंने वर्ल्ड कप मैच में 90 मिनट तक टारगेट पर कोई शॉट नहीं मारा। रोनाल्डो के करियर का यह 23वां वर्ल्ड कप मैच था। वह फीफा विश्व कप में सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले खिलाड़ियों की सूची में चौथे नंबर पर आ गए हैं। रोनाल्डो पुर्तगाल की तरफ से 10 बड़े इंटरनेशनल टूर्नामेंट (वर्ल्ड कप और यूरो कप) खेल चुके हैं।

# कोलंबिया ने किया जीत के साथ आगाज, उज्बेकिस्तान को 3-1 से दी मात

**मेक्सिको सिटी।** कोलंबिया ने फीफा वर्ल्ड कप में अपनी वापसी का जश्न मेक्सिको सिटी स्टेडियम में डेब्यू कर रहे उज्बेकिस्तान पर 3-1 की रोमांचक जीत के साथ मनाया। ग्रुप (के) के मुकाबले में कोलंबिया की ओर से लुइस डियाज ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। उन्होंने एक गोल करने के साथ-साथ एक असिस्ट ( गोल करने में मदद) भी किया। 2022 वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई नहीं कर पाने के बाद टूर्नामेंट में लौटी कोलंबिया का रिकॉर्ड इस मुकाबले से पहले विश्व कप के पहले मैचों में खराब रहा था। कोलंबिया ने अब तक छह वर्ल्ड कप खेले हैं, लेकिन उनमें से चार बार उसे अपने पहले ही मैच में हार का सामना करना पड़ा था। मैच के शुरुआती पलों में दोनों टीमों की तरफ से अटैकिंग अप्रोच देखने को मिली। कोलंबिया को 17वें मिनट में पहला बड़ा मौका मिला, जब जॉन एरियास का लंबी दूरी का शॉट साइड नेटिंग से टकराया। इसके बाद 32वें मिनट में लुइस डियाज ने शानदार मूव बनाया और डेनियल मुनोज के लिए गोल करने का बेहतरीन मौका तैयार किया। मुनोज ने बेहतरीन फिनिश करते हुए कोलंबिया को 1-0 की बढ़त दिला दी।



# टाटा मोटर्स ने कमर्शियल वाहनों के दाम 2.5 प्रतिशत तक बढ़ाए 1 जुलाई से लागू होंगी नई कीमतें

**नई दिल्ली।** टाटा मोटर्स कमर्शियल व्हीकल्स (टीएमसीवी) ने अपने कमर्शियल वाहनों की कीमतों में 2.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर दी है और नई कीमतें 1 जुलाई से लागू होंगी। यह जानकारी गुरुवार को कंपनी की ओर से दी गई। एक्सचेंज फाइलिंग में कंपनी ने कहा कि इस बढ़ोतरी की वजह कमोडिटी की कीमतों में बढ़ोतरी होना और लागत का बढ़ना है। यह बढ़ोतरी अलग-अलग मॉडल पर विभिन्न होगी और 2.5 प्रतिशत तक सीमित होगी। इस बढ़ोतरी से टाटा मोटर्स कमर्शियल व्हीकल्स भी उन कंपनियों में शामिल हो गई है, जिन्होंने मध्य पूर्व संकट के चलते कच्चे माल और लागत में बढ़ोतरी के कारण कीमतों में इजाफा किया है। इससे पहले, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल (टीएमपीवी) ने 12 जून को अपनी ईंधन (पेट्रोल, डीजल और सीएनजी) और इलेक्ट्रिक वाहनों की कीमतों में 1.5 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी करने का ऐलान किया। नई कीमतें एक जुलाई से लागू होंगी।कंपनी की ओर से जारी की गई एक्सचेंज फाइलिंग में कहा गया कि कीमतों में बढ़ोतरी की वजह इनपुट लागत में बढ़ोतरी होना था। टीएमपीवी ने कहा कि वह लागत में हुई बढ़ोतरी का एक बड़ा हिस्सा खुद वहन कर रही है, जबकि हालिया कीमत संशोधन के जरिए बढ़ोतरी का कुछ हिस्सा ग्राहकों पर डाल रही है।

## इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात में ऐतिहासिक उपलब्धि

# इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग भारत की तीसरी सबसे बड़ी निर्यात श्रेणी बनी : अश्विनी वैष्णव

- एआई डेटा सेंटर दुनिया भर में विकास का एक बड़ा इंजन बन चुके हैं।

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्यूफैक्चरिंग (विनिर्माण) अब भारत से निर्यात होने वाली वस्तुओं की श्रेणी (कटेगरी) में तीसरे सबसे बड़े स्थान पर पहुंच गया है। केंद्रीय मंत्री ने इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण को देश की अर्थव्यवस्था का प्रमुख स्तंभ बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच की सराहना की।

भारत का इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण उद्योग अब 13 लाख करोड़ रुपए के रिकॉर्ड स्तर तक पहुंच चुका है। शुरुआत में इस क्षेत्र का लक्ष्य शीर्ष 10 निर्यात श्रेणियों में स्थान बनाना था, लेकिन इसके बाद यह लगातार 9वें, 7वें, 5वें, 4वें और अब तीसरे स्थान तक पहुंच गया है।

अश्विनी वैष्णव ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के साथ पुणे के रंजनगांव में जैबिल की अत्याधुनिक और उच्च तकनीक वाली विनिर्माण इकाई का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि एआई वैश्विक विकास की एक बड़ी ताकत बन चुकी है और इसके लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे का देश के भीतर विकसित होना बेहद जरूरी है।

वैष्णव ने कहा कि आज एआई डेटा सेंटर दुनिया भर में विकास का एक बड़ा इंजन बन चुके हैं। इसलिए प्रधानमंत्री की 'मेक इन इंडिया' योजना के तहत यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि इन डेटा सेंटरों को चलाने वाले प्रमुख इलेक्ट्रॉनिक पुर्जों का निर्माण भारत में ही हो। उन्होंने कहा कि कुछ वर्ष पहले तक भारत से इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण और निर्यात की कल्पना भी मुश्किल मानी जाती थी, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी की स्पष्ट सोच और नीतियों ने भारत को एक विश्वसनीय वैश्विक विनिर्माण साझेदार बना दिया है। जैबिल अपनी आधुनिक और अत्याधुनिक इकाई के माध्यम से पुणे में डेटा सेंटरों के लिए जरूरी महत्वपूर्ण इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का निर्माण करेगी। आधिकारिक बयान के अनुसार, इस संयंत्र की उत्पादन क्षमता बहुत अधिक है और यह भारत की घरेलू तकनीकी जरूरतों को पूरा करने के साथ-साथ दुनिया के विभिन्न देशों को निर्यात भी करेगा।



### नया तंत्र देश को महत्वपूर्ण सामाजिक और आर्थिक लाभ पहुंचाने वाला

इलेक्ट्रॉनिक पुर्जों, तैयार इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों और स्थानीय आपूर्ति शृंखला को जोड़ने वाला यह नया तंत्र देश को महत्वपूर्ण सामाजिक और आर्थिक लाभ पहुंचाने वाला है। जो आधुनिक तकनीकी अवसंरचना के निर्माण में विशेषज्ञता रखती है।इस संयंत्र में एआई सिस्टम, एआई आधारित डेटा सेंटर उपकरण, 5जी तकनीक, उच्च स्तरीय नेटवर्किंग उपकरण, औद्योगिक ऊर्जा प्रणाली इलेक्ट्रॉनिक्स और उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे जटिल उत्पादों का निर्माण किया जाएगा। सरकार के सक्रिय सहयोग से यह परियोजना स्थानीय स्तर पर लगभग 11,000 लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा करेगी।

# सेंसेक्स 254 अंक उछलकर बंद

**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार गुरुवार के सत्र में लगातार पांचवे दिन तेजी के साथ बंद हुआ। दिन के अंत में सेंसेक्स 254.36 अंक या 0.33 प्रतिशत की तेजी के साथ 77,409.98 और निफ्टी 82.30 अंक या 0.34 प्रतिशत की मजबूती के साथ 24,168.00 पर था। लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में भी तेजी देखी गई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 255.90 अंक या 0.41 प्रतिशत की तेजी के साथ 62,379.25 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 82.40 अंक या 0.44 प्रतिशत की बढ़त के साथ 18,705.60 पर बंद हुआ। बाजार में तेजी का नेतृत्व हेल्थकेयर और रियल्टी ने किया। सूचकांकों में निफ्टी हेल्थकेयर और निफ्टी रियल्टी टॉप गेनर थे। निफ्टी पीएसई, निफ्टी पीएसयू बैंक, निफ्टी फार्मा, निफ्टी मीडिया, निफ्टी एनर्जी, निफ्टी प्राइवेट बैंक और निफ्टी सर्विसेज गेनर्स थे। वहीं, निफ्टी आईटी, निफ्टी मेटल और निफ्टी ऑयलएंडगैस लाल निशान में बंद हुए।

# पैसा लेने निकला युवक मृत मिला, हत्या से पांकी में सनसनी

## माड़न गांव के पास संदिग्ध परिस्थिति में मिला शव

**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** थाना क्षेत्र में युवक की हत्या की घटना से सनसनी फैल गई है। करार पंचायत के पुरुषोत्तमपुर गांव निवासी 35 वर्षीय मनोज उरांव, पिता स्वर्गीय सूरज उरांव, का शव बुधवार की शाम माड़न गांव के समीप संदिग्ध परिस्थितियों में बरामद किया गया। घटना के बाद इलाके में भय और शोक का माहौल है। जानकारी के अनुसार मनोज उरांव किसी व्यक्ति से अपना बकाया पैसा लेने के लिए घर से निकले थे, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटे। इसी दौरान गांव के लोग पशु चराने के लिए निकले तो माड़न गांव के पास एक व्यक्ति का शव पड़ा देखा। सूचना मिलने पर परिजन घटनास्थल पहुंचे और शव की पहचान मनोज उरांव के रूप में की गई।




### पांच बच्चों के सिर से उठा पिता का साया, गांव पसरा मातम

पुलिस ने शव को **कब्जे** में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर भेज दिया। बताया जाता है कि मृतक की पत्नी का पहले ही निधन हो चुका है। मनोज उरांव अपने पीछे एक पुत्र और चार पुत्रियों को छोड़ गए हैं। इस हृदयविदारक घटना के बाद पांचों बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, जबकि पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है।

## जलसहिया की पहल से रसुलपुर में ठीक हुआ चापानल



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** लटपौरी पंचायत के रसुलपुर गांव में जलसहिया जुबैदा खातून की पहल से खराब पड़े चापानल की मरम्मत कर पेयजल संकट दूर किया गया। उन्होंने खराब चापानल की सूचना विभाग को दी, जिसके बाद विभागीय मिस्त्रियों की टीम मौके पर पहुंची और मरम्मत कार्य पूरा किया। ब्लॉक वाश कोऑर्डिनेटर प्रेमतोष पांडेय ने जलसहिया के प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि सभी जलसहियाओं को अपने-अपने क्षेत्रों में खराब पड़े चापानलों की जानकारी समय पर उपलब्ध कराने और विभागीय स्तर पर उनकी मरम्मत सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

## मोहर्रम को लेकर नौडीहा बाजार थाना में आज होगी शांति समिति की बैठक

**नौडीहा बाजार।** आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर नौडीहा बाजार थाना परिसर में शुक्रवार, 19 जून को शाम चार बजे शांति समिति की बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी नीरज कुमार करेंगे। थाना प्रशासन ने हिंदू और मुस्लिम समुदाय के समाजसेवियों, बुद्धिजीवियों, जनप्रतिनिधियों तथा मीडिया प्रतिनिधियों से बैठक में उपस्थित होकर अपने सुझाव देने और आयोजन को सफल बनाने की अपील की है। बैठक में मोहर्रम जुलूस, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात नियंत्रण तथा आपसी सौहार्द बनाए रखने जैसे विषयों पर चर्चा की जाएगी।

## ऊंटारी रोड की जनसमस्याओं को लेकर उप विकास आयुक्त को सौंपा गया ज्ञापन

**नवीन मेल संवाददाता**



**ऊंटारी रोड।** प्रखंड क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं और विकास संबंधी मांगों को लेकर पलामू के उप विकास आयुक्त को एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने, अस्पतालों में चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने, खराब पड़े पेयजल एवं जलमीनार योजनाओं को चालू कराने तथा सड़क एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं के विकास की मांग उठाई गई। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि आम लोगों को छोटे-छोटे कार्यों के लिए बार-बार प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ता है, जिससे उन्हें अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ता है। प्रशासन को जवाबदेही और पारदर्शिता के साथ काम करते हुए लोगों को समय पर योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराना चाहिए। उप विकास आयुक्त ने ज्ञापन प्राप्त कर संबंधित मामलों की जांच कराने और आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। ज्ञापन सौंपने वालों ने कहा कि क्षेत्र के विकास और जनहित के मुद्दों पर उनकी आवाज आगे भी बुलंद होती रहेगी।

## बारिश की कमी से भीमबराज में जलभंडारण प्रभावित

- 15 जून से बंद हैं सभी 40 गेट, 25 जून से नहर में पानी छोड़ने की तैयारी

**नवीन मेल संवाददाता**



**मोहम्मदगंज।** खरीफ सीजन में सिंचाई के लिए भीमबराज में जलभंडारण की प्रक्रिया जारी है। मुख्य नहर में पानी छोड़ने की तैयारी के तहत 15 जून से सभी 40 गेट बंद कर दिए गए हैं। लेकिन जून माह में पर्याप्त बारिश नहीं होने के कारण जलाशय में अपेक्षित जलसंचय नहीं हो पाया है, जिससे बायीं और दायीं मुख्य नहर से सिंचित क्षेत्रों के किसान बिचड़ा तैयार करने को लेकर चिंतित हैं। कुछ किसानों ने वैकल्पिक साधनों से रोहिणी नक्षत्र में ही धान का बिचड़ा डाल दिया है, लेकिन समय पर सिंचाई नहीं मिलने की स्थिति में फसल प्रभावित होने की आशंका है। विभागीय सूत्रों के अनुसार पर्याप्त बारिश होने पर 25 जून से पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत मुख्य नहर में पानी छोड़ा जाएगा। गुरुवार शाम ऊपरी जलग्रहण क्षेत्र में हुई हल्की बारिश के बाद जलस्तर में 1.1 सेंटीमीटर की वृद्धि दर्ज की गई है, जिससे किसानों में उम्मीद जगी है।

## हुसैनाबाद के विकास को लेकर नगर पंचायत अध्यक्ष ने निदेशक नैन्सी सहाय से की मुलाकात

### जनसुविधाओं के विस्तार और नई योजनाओं पर हुई सकारात्मक चर्चा

**नवीन मेल संवाददाता**



**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत अध्यक्ष अजय कुमार भारती ने गुरुवार को रांची स्थित नगर विकास एवं आवास विभाग के नगरीय प्रशासन निदेशालय में निदेशक नैन्सी सहाय (आईएएस) से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान हुसैनाबाद नगर क्षेत्र के समग्र विकास, जनसुविधाओं के सुदृढ़ीकरण और आगामी योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। नगर पंचायत अध्यक्ष ने नगर की वर्तमान आवश्यकताओं और भविष्य की विकास योजनाओं की रूपरेखा से निदेशक को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित शहर के रूप में विकसित करना उनकी प्राथमिकता है और जनहित से जुड़े कार्यों को गति देने के लिए वे लगातार प्रयासरत हैं। निदेशक नैन्सी सहाय ने भी नगर पंचायत की विकास योजनाओं के प्रति सकारात्मक रुख दिखाते हुए हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

## अपराध को लेकर एक्शन प्लान तैयार, एसपी ने पुलिस अधिकारियों को किया अलर्ट

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** अपराध नियंत्रण, लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन और कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से गुरुवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में महत्वपूर्ण अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक कपिल चौधरी ने की। इसमें जिले के सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ), पुलिस निरीक्षक, अंचल निरीक्षक और सभी थाना प्रभारी मौजूद रहे। बैठक में पुलिस अधीक्षक ने गंभीर अपराधों, लंबित कांडों, वारंट एवं कुर्की निष्पादन, फरार आरोपितों की गिरफ्तारी, साइबर अपराध, मादक पदार्थों की तस्करी तथा विधि-व्यवस्था से जुड़े मामलों की गहन समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट कहा कि वर्षों से लंबित पड़े मामलों का निष्पादन अब पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल होगा और जांच में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एसपी कपिल चौधरी ने कहा कि पलामू जैसे भौगोलिक और सामाजिक दृष्टि से संवेदनशील जिले में कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखना पुलिस की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित गश्ती, वाहन जांच और अपराधियों की गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखें। संवेदनशील स्थलों, बाजारों, बैंक, शैक्षणिक संस्थानों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने को कहा गया। बैठक में नक्सल प्रभावित इलाकों की स्थिति की भी समीक्षा की गई। एसपी ने कहा कि सुरक्षा और विकास एक-दूसरे के पूरक हैं। पुलिस की कोशिश है कि जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में भी शांति और विश्वास का माहौल कायम रहे। उन्होंने खुफिया तंत्र को और मजबूत करने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। हाल के दिनों में देशभर में बढ़ते साइबर अपराधों और डिजिटल ठगी के मामलों का उल्लेख करते हुए एसपी ने थाना स्तर पर जन-जागरूकता अभियान चलाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि केवल अपराधियों की गिरफ्तारी ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि लोगों को साइबर ठगी से बचाने के लिए जागरूक करना भी पुलिस की जिम्मेदारी है। बैठक के दौरान उन थाना प्रभारियों और पुलिस पदाधिकारियों की सराहना की गई, जिन्होंने पुराने मामलों के निष्पादन, अपराध नियंत्रण, वारंट निष्पादन और विधि-व्यवस्था बनाए रखने में बेहतर काम करने वाले अधिकारियों को सम्मानित करने की बात कही। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस और जनता के बीच विश्वास को मजबूत करना उनकी प्राथमिकता है।

## जेएसएलपीएस योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन पर उपायुक्त ने दिया जोर

- मॉनिटरिंग और साप्ताहिक समीक्षा के माध्यम से योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर बल दिया। बैठक में जेएसएलपीएस के विभिन्न प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक (बीपीएम) उपस्थित थे

**नवीन मेल संवाददाता**




**मेदिनीनगर।** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने गुरुवार को समाहरणालय सभागार में झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों की समीक्षा की। बैठक में स्वयं सहायता समूहों के गठन, वित्तीय समावेशन, कृषि एवं पशुपालन आधारित आजीविका, गैर-कृषि उद्यम, सामाजिक समावेशन तथा बीमा एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। उपायुक्त ने स्वयं सहायता समूहों के गठन और महिलाओं की भागीदारी से संबंधित निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार और आय वृद्धि के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए आजीविका आधारित योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन आवश्यक है। वित्तीय समावेशन की समीक्षा करते हुए उन्होंने सभी पात्र स्वयं सहायता समूहों का बैंक लिंकेज सुनिश्चित करने तथा मुद्रा ऋण, बीमा योजनाओं और अन्य वित्तीय सुविधाओं से अधिक से अधिक लाभुकों को जोड़ने का निर्देश दिया। बीमा दावों के त्वरित निष्पादन पर विशेष जोर देते हुए लंबित मामलों का शीघ्र निपटारा करने का निर्देश भी दिया गया। बैठक में किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ), एकीकृत कृषि क्लस्टर, महिला उद्यमिता, स्वरोजगार और सामाजिक समावेशन से संबंधित योजनाओं की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने कहा कि जेएसएलपीएस की योजनाएं ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक और सामाजिक सशक्तीकरण का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। उन्होंने नियमित मॉनिटरिंग और साप्ताहिक समीक्षा के माध्यम से योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर बल दिया। बैठक में जेएसएलपीएस के विभिन्न प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक (बीपीएम) उपस्थित थे।

## बैजनाथ राम के राज्यसभा सांसद निर्वाचित होने पर अनीता देवी ने दी बधाई

**लातेहार।** पूर्व मंत्री बैजनाथ राम के राज्यसभा सांसद निर्वाचित होने पर जिला परिषद लातेहार की उपाध्यक्ष अनीता देवी ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दी हैं। अपने बधाई संदेश में अनीता देवी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि बैजनाथ राम का राज्यसभा के लिए निर्वाचित होना झारखंड के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि उनके लंबे राजनीतिक अनुभव, जनसेवा के प्रति समर्पण और नेतृत्व क्षमता का लाभ अब देश और राज्य को उच्च सदन में मिलेगा। अनीता देवी ने विश्वास जताया कि बैद्यनाथ राम राज्यसभा में झारखंड के विकास, जनकल्याण और क्षेत्रीय हितों से जुड़े मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाएंगे। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से लातेहार सहित राज्य के पिछड़े और विकासशील क्षेत्रों की समस्याओं तथा जरूरतों को संसद में मजबूती से रखने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। उन्होंने बैजनाथ राम के सफल और जनहितकारी कार्यकाल की कामना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में झारखंड को विकास की नई दिशा और गति मिलेगी।

## रजवाडीह मध्य विद्यालय में नाट्य कला के रंगों से सराबोर हुए बच्चे

**मेदिनीनगर।** प्रखंड अंतर्गत रजवाडीह मध्य विद्यालय में गुरुवार को मासूम आर्ट ग्रुप के कलाकारों ने बच्चों के बीच नाट्य कला का इंद्रधनुषी रंग बिखेरा। संस्था के सचिव एवं वरिष्ठ रंगकर्मी सैकत चट्टोपाध्याय के नेतृत्व में कलाकार मुनमुन चक्रवर्ती, कनकलता तिर्की, राज प्रतीक पाल, अमर कुमार भांजा, राहुल कुमार और प्रकाश संगम विद्यालय पहुंचे। कलाकारों ने विद्यार्थियों और शिक्षकों के साथ आत्मीय संवाद स्थापित करते हुए नाट्य कला की बारीकियों से उन्हें अवगत कराया। इस दौरान सैकत चट्टोपाध्याय ने रोचक अंदाज में विद्यार्थियों और शिक्षकों को नाट्य मंचन की विभिन्न विधाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि केवल संवाद याद कर मंच पर बोल देना ही नाटक नहीं होता, बल्कि एक सफल कलाकार को अपने चरित्र को आत्मसात कर उसे जीना पड़ता है। उन्होंने मंच, कलाकार और दर्शकों के बीच के संबंधों तथा प्रभावी प्रस्तुति के विभिन्न मानकों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि एक अच्छा नाटक दर्शकों को झकझोरने के साथ-साथ समाज को सकारात्मक संदेश भी देता है। इस अवसर पर मासूम आर्ट ग्रुप के कलाकारों ने बाल विवाह निषेध विषय पर आधारित नाटक की प्रभावशाली प्रस्तुति की।

## पेज एक के शेष

### माले नहीं, कांग्रेस...

उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस अपनी कमजोरियों को छिपाने के लिए अनावश्यक बयानबाजी कर रही है। साथ ही कहा कि दूसरों पर आरोप लगाने से पहले कांग्रेस को अपने भीतर की स्थिति का आकलन करना चाहिए। भाकपा (माले) नेता ने कहा कि उनकी पार्टी इंडिया गठबंधन की जिम्मेदार सहयोगी है और गठबंधन धर्म का पालन करते हुए कांग्रेस उम्मीदवार का समर्थन किया गया। उन्होंने कांग्रेस नेतृत्व से अपील की कि वह निराधार आरोप लगाने के बजाय कथित क्रॉस वोटिंग और आंतरिक असंतोष के कारणों की समीक्षा करे।

### झारखंड के विकास में...

अपनी 'कर्मभूमि' वापस लौटे हैं। नथवानी ने कहा कि यहाँ एक दशक से अधिक का समय बिताने के कारण, झारखंड मेरे लिए नया नहीं है। यह मेरी कर्मभूमि है। यहां के लोगों की एक बार फिर सेवा करने का अवसर मिलने के लिए दिल की गहराई से आभारी हूं। उन्होंने कहा कि मेरा प्राथमिक ध्यान मुख्य रूप से ग्रामीण क्षेत्रों पर केंद्रित होगा। जहाँ हमारा लक्ष्य जमीनी स्तर पर ही स्थायी आजीविका के अवसर पैदा करने के लिए मजबूत कौशल विकास कार्यक्रम चलाने और कुटीर उद्योग को पुनर्जीवित करना है। ग्रामीण बुनियादी ढांचे (इन्फ्रास्ट्रक्चर) का विकास करना, स्वास्थ्य सुविधाएं और ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा मेरे फोकस क्षेत्र (प्रमुख ध्यान देने योग्य क्षेत्र) होंगे।

### फ्रांस पहुंचीं साइकिलिस्ट...

और भविष्य में बड़े अंतरराष्ट्रीय आयोजनों के लिए उनकी तैयारी मजबूत होगी। भारतीय टीम में सरिता के चयन पर झारखंड साइकलिंग एसोसिएशन के पदाधिकारियों, सदस्यों और साथी खिलाड़ियों ने खुशी जताई है। सभी ने विश्वास व्यक्त किया कि सरिता आने वाले समय में अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रमुख प्रतियोगिताओं में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए देश और झारखंड का नाम रोशन करेंगी।

### पति ने की पत्नी...

रिश्तेदार के घर गए थे बच्चे : मिली जानकारी के अनुसार, बुधवार को पवन मुंडा के घर पर बिजली कट गई थी, अत्यधिक गर्मी की वजह से बच्चे अपने एक रिश्तेदार के यहां सोने चले गए थे। गुरुवार की सुबह जब बच्चे स्कूल जाने से पहले अपने घर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि बेला मुंडा खून से लथपथ घर में पड़ी हुई है जबकि पवन घर से गायब था। आरोपी गिरफ्तार : मामले की जानकारी मिलते ही बरियातू पुलिस एक्टिव हुई और आरोपी पवन मुंडा की तलाश में जुट गई। इसी बीच पुलिस को जानकारी मिली कि पवन मुंडा मोरहाबादी के ही एदलहातू तालाब के पास छुपा हुआ है। सटीक सूचना के आधार पर पवन मुंडा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। बरियातू थाना प्रभारी प्रकाश रजक ने बताया कि पति और पत्नी के बीच हुए आपसी विवाद की वजह से यह घटना घटी है। पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

### मुख्य आरोपी हवालात...

सीसीटीवी फुटेज में दो युवक कार्यालय परिसर की ओर बम फेंकते दिखाई दिए थे। घटना में कोई हताहत नहीं हुआ और कार्यालय को भी बड़ा नुकसान नहीं पहुंचा था। इस मामले में आरएसएस के झारखंड प्रांत प्रमुख नरसिंह कुमार की शिकायत पर चुटिया थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। एफआईआर में कहा गया है कि पेट्रोल बम फेंककर कार्यालय को निशाना बनाया गया और इससे वहां मौजूद लोगों की जान को खतरा उत्पन्न हुआ। शिकायत में इसे एक गंभीर साजिश बताते हुए गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत कार्रवाई की मांग की गई थी। पुलिस ने मामले में यूएपीए की धाराएं भी जोड़ी हैं। आरएसएस की ओर से कार्यालय की सुरक्षा बढ़ाने और परिसर के आसपास स्थायी पुलिस पिकेट स्थापित करने की मांग की गई है। संगठन का कहना है कि कार्यालय परिसर में नियमित रूप से कई कार्यकर्ता और पदाधिकारी रहते हैं तथा ऐसी घटना भविष्य में बड़े खतरे का कारण बन सकती है। पुलिस इस मामले में अब तक तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। जांच एजेंसियां हमले के पीछे की साजिश, आरोपियों के आपसी संपर्क और संभावित नेटवर्क की भी पड़ताल कर रही हैं। अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच जारी है और सभी पहलुओं की गहन छानबीन की जा रही है।

### आरएसएस कार्यालय में...

जिसे रांची में अमलीजामा पहनाया गया। इस मामले के तार सीधे तौर पर पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आइएसआइ और आतंकी संगठन टीटीएच से जुड़ते नजर आ रहे हैं। वहीं मुठभेड़ में गोली लगने के बाद एक आरोपी घायल हो गया है जिसके बाद चान्हो स्थित घटनास्थल पर एसएसपी राकेश रंजन समेत कई अधिकारी पहुंचे। जांच एजेंसियों के अनुसार, गिरफ्तार किए गए तीनों आरोपियों में से एक आरोपी पूर्व में दुबई में काम करता था। दुबई में रहने के दौरान ही वह देश विरोधी तत्वों के संपर्क में आया। दुबई में ही उस आरोपी की मुलाकात राना हुसैन उर्फ राना जी और शाहबाज आलम उर्फ भट्टी से हुई थी। जांच में यह बात सामने आई है कि राना हुसैन और शाहबाज आलम प्रतिबंधित या संदिग्ध संगठन टीटीएच (तहरीक-ए-तालिबान हिंद या संबंधित विंग) से जुड़े हुए हैं। सूत्रों का दावा है कि दुबई में ही इन हैंडलर्स ने आरोपी का ब्रेनवॉश किया और उसे रांची स्थित आरएसएस के प्रदेश कार्यालय को निशाना बनाने का एक विशेष टास्क सौंपकर भारत भेजा था।

### भारत बना साउथ...

और स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। चैंपियनशिप के पुरुष वर्ग में भारत विजेता, श्रीलंका उपविजेता तथा बांग्लादेश तृतीय स्थान पर रहा। वहीं महिला वर्ग में भारत ने स्वर्ण पदक, बांग्लादेश ने रजत पदक तथा नेपाल ने कांस्य पदक प्राप्त किया। समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि विधायक टाइगर जयराम महतो तथा विशिष्ट अतिथि झारखंड राज्य थ्रोबॉल संघ के अध्यक्ष अजय नाथ शाहदेव उपस्थित रहे। अतिथियों ने विजेता, उपविजेता एवं तृतीय स्थान प्राप्त टीमों को ट्रॉफी, पदक एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि टाइगर जयराम महतो ने कहा कि खेल केवल प्रतिस्पर्धा का माध्यम नहीं, बल्कि विभिन्न देशों के बीच भाईचारा, सद्भावना और मैत्रीपूर्ण संबंधों को सुदृढ़ करने का सशक्त मंच है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।विशिष्ट अतिथि अजय नाथ शाहदेव ने कहा कि रांची में सफलतापूर्वक आयोजित इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता ने झारखंड को वैश्विक खेल मानचित्र पर नई पहचान दिलाई है। उन्होंने आयोजन समिति, तकनीकी अधिकारियों, खिलाड़ियों एवं स्वयंसेवकों की सराहना करते हुए इस सफल आयोजन के लिए बधाई दी। दो दिवसीय इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भारत, बांग्लादेश, श्रीलंका, नेपाल और भूटान की टीमों ने भाग लिया। पूरे आयोजन के दौरान खिलाड़ियों ने उच्चस्तरीय खेल कौशल का प्रदर्शन किया, वहीं दर्शकों ने भी उत्साहपूर्वक खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया।

### आरपीएफ जवान का...

रेलवे पुलिस घटनास्थल के आसपास के साक्ष्यों के साथ-साथ जवान की ड्यूटी और गतिविधियों की भी पड़ताल कर रही है। रेल मंडल सुरक्षा आयुक्त ने बताया कि उन्हें जवान के रनओवर होने की सूचना मिली है। मृतक के परिजनों को घटना की जानकारी दे दी गई है। उनके परिवार के सदस्य बिहार के बेगूसराय और समस्तीपुर में रहते हैं। परिजन रांची पहुंच रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि जवान की मौत दुर्घटना के कारण हुई या इसके पीछे कोई अन्य वजह है।




## ईरान के सामने ट्रंप का 'सरेंडर'

# न सत्ता बदली, न परमाणु कार्यक्रम पूरी तरह खत्म, 122 लाख करोड़ रुपए बर्बाद

**अमेरिका-ईरान जंग खत्म**

### तय तारीख से एक दिन पहले समझौता : दोनों प्रेसिडेंट ने दस्तखत किए, डोनाल्ड ट्रंप चिल्लाकर बोले- डील साइन

**तेल अवीव/तेहरान**

अमेरिका और ईरान के बीच जंग खत्म करने के लिए अंतरिम समझौते पर दस्तखत हो गए हैं। डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार रात को फ्रांस के वर्साय पैलेस में इससे जुड़े एमओयू पर साइन किए। इस दौरान फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों मौजूद थे। डील पर दस्तखत करने के बाद ट्रंप वर्साय पैलेस से बाहर आए। इस दौरान किसी रिपोर्टर ने उनसे पीस डील को लेकर पूछा, तो उन्होंने चिल्लाते हुए कहा, 'डील साइन हो गई है।

ट्रंप के बाद ईरानी राष्ट्रपति मसूद पजशकियान ने भी ईरान से इलेक्ट्रॉनिक दस्तखत किए। समझौते का ऐलान भारतीय समय के मुताबिक गुरुवार सुबह 5:30 बजे किया गया। यह तत्काल प्रभाव से लागू हो गया। इस समझौते के तहत ईरान और लेबनान में मिलिट्री एक्शन खत्म किया जाएगा। होर्मुज स्ट्रेट को दोबारा खोला जाएगा और अमेरिका की नौसैनिक नाकेबंदी खत्म की जाएगी। इस समझौते पर 19 जून को स्विटजरलैंड में जेनेवा के पास लूसर्न शहर में साइन होने थे, लेकिन निर्धारित कार्यक्रम से एक दिन पहले ही इस पर दस्तखत कर दिए गए।



### 'ईरान तय शर्तों से डिगा तो दोबारा हमला तय'

**ब्रसेल्स ।** अमेरिका-ईरान शांति समझौते पर हस्ताक्षर की चर्चा पूरी दुनिया में है। इस बीच अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने ईरान को अपनी तय शर्तों से न डिगने की चेतावनी दी है। गुरुवार को नाटो रक्षा मंत्रियों की बैठक में उन्होंने अमेरिका का रुख स्पष्ट किया। अमेरिकी डिपार्टमेंट ऑफ वॉर की ओर से साझा की गई क्लिप में हेगसेथ ने कहा, "अगर ईरान अपने समझौते के तहत तय शर्तों का पालन नहीं करता है, तो अमेरिका फिर से सैन्य कार्रवाई शुरू कर सकता है और नाकेबंदी भी दोबारा लागू कर सकता है। रक्षा मंत्रियों की बैठक के बाद उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ने स्पष्ट किया है कि तय समयसीमा के भीतर अगर ईरान अपने वादों को पूरा नहीं करता, तो अमेरिका कार्रवाई के लिए तैयार रहेगा।

### ईरान समझौते पर ट्रंप का आक्रामक बयान

## इस दुनिया में मुझसे ज्यादा ताकतवर कोई नहीं

**एवियन ।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को ईरान के साथ हुए समझौते को ऐतिहासिक कूटनीतिक उपलब्धि बताया। उन्होंने दावा किया कि इस समझौते ने मध्य पूर्व में व्यापक युद्ध को टाल दिया, होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने का रास्ता बनाया और ईरान को स्थायी रूप से परमाणु हथियार हासिल करने से रोक दिया। ट्रंप ने फ्रांस में जी7 समिट के बाद एक लंबी प्रेस कॉन्फ्रेंस में बार-बार इस समझौते को सैन्य ताकत और कूटनीतिक तालमेल से मुमकिन हुई एक बड़ी कामयाबी बताते हुए कहा, "रविवार को हम ईरान के साथ एक समझौते पर पहुंचे, जिससे वह सब कुछ हासिल हुआ जो हम हासिल करना चाहते थे। ट्रंप ने कहा कि अगर हमने यह डील नहीं की होती, तो हम अगले तीन हफ्ते, चार हफ्ते, दो साल तक और बम गिरा सकते थे। होर्मुज स्ट्रेट कभी नहीं खुलता। लगातार सैन्य कार्रवाई से खाड़ी में अस्थिरता बनी रहती और वैश्विक ऊर्जा बाजार में रुकावट आती। अमेरिकी राष्ट्रपति ने बार-बार इस समझौते को तेल की कीमतों में गिरावट और शेयर बाजार में तेजी से जोड़ते हुए कहा कि जब भी किसी समझौते की संभावना मजबूत हुई, निवेशकों ने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, "हर बार जब हमने शांति की संभावना पर बात की, शेयर बाजार रॉकेट की तरह ऊपर चला गया।" उन्होंने उन रूढ़िवादी आलोचकों की टिप्पणी को भी खारिज कर दिया, जो मानते थे कि ईरान पर सैन्य दबाव बनाए रखा जाना चाहिए था।

**बाबा पर महिला से 15 साल तक रेप का आरोप**

## पीड़ित बोली- करंट लगाया यूरिन पिलाता था, पुणे के आश्रम में सुरंग बनवा रहा था

**पुणे ।** महाराष्ट्र के पुणे में एक बाबा को 15 साल तक महिला के साथ रेप करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया।



आरोपी खुद को भगवान का अवतार बताता था। पुलिस के मुताबिक, आरोपी हरियाणा का रहने वाला राधामोहन मिश्रा (59) है और पुणे में स्थित बंगले में आश्रम चलाता था। पुलिस के मुताबिक, वह लोगों को परिवार, स्वास्थ्य और आर्थिक समस्याएं दूर करने का झांसा देता था। 41 साल की पीड़ित महिला हरियाणा की रहने वाली है। उसका आरोप है कि बाबा खुद को दिव्य शक्तियों वाला बताकर सालों तक उसका रेप करता रहा। महिला ने बताया कि उसे कई बार बिजली के झटके दिए गए, यूरिन पीने के लिए मजबूर किया गया और लगातार मानसिक व शारीरिक प्रताड़ना सहनी पड़ी। पुलिस ने मिश्रा समेत 8 लोगों को गिरफ्तार कर सभी को 20 जून तक हिरासत में लिया है। पुलिस को आश्रम से 12 लैपटॉप और 19 हार्ड डिस्क मिलीं। आरोपी भूमिगत सुरंग भी बनवा रहा था।

**उदयपुर में 70 फीट ऊंचाई पर फंसे टूरिस्ट**

## जिप लाइन के बीच ढाई मिनट तक हवा में लटकते रहे, गुजरात से आए थे 4 दोस्त

**एजेंसी । उदयपुर**

उदयपुर में जिप लाइन राइड के दौरान दो टूरिस्ट 70 फीट ऊंचाई पर फंस गए। नीचे सड़क पर वाहन गुजर रहे थे। यह देख दोनों की सांसें अटक गईं। जान बचाने के लिए चिल्लाने लगे। पहले से वहां मौजूद रेस्क्यू टीम तुरंत मौके पर पहुंची और ढाई मिनट में दोनों का सुरक्षित वापस ले आई। मामला पिछोला झील के किनारे का बुधवार शाम 6 बजे का है। इसका वीडियो सामने आया है। जिसमें जिप लाइन के बीच में टूरिस्ट लटके नजर आ रहे हैं। पर्यटक गुजरात के रहने वाले थे। संचालक कहना है कि अचानक मौसम बदलने और तेज हवा के कारण ऐसा हुआ। भास्कर टीम गुरुवार को जिप लाइन गई और पूरा मामला जाना। संचालक ने मॉकड्रिल भी करवाकर दिखाई कि किस तरह राइडर को



जिप लाइन में भेजा जाता है और कैसे राइडर के फंसने पर रेस्क्यू किया जाता है। पिछोला झील के पास रोप-वे के सामने दूधतलाई स्थित जिप लाइन है। इसके संचालक शरद अग्रवाल ने बताया- दीनदयाल पार्क से माणिक्यलाल वर्मा पार्क के बीच जिप लाइन राइड करवाते हैं।

## भारत-चीन संबंधों पर अहम वार्ता, डोभाल से मिलेंगे वांग यी

**एजेंसी । नई दिल्ली**

चीनी विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि चीन के विदेश मंत्री वांग यी, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के निमंत्रण पर भारत का दौरा करेंगे। वे ब्रिक्स देशों के एनएसए और उच्च प्रतिनिधियों की 16वीं बैठक में हिस्सा लेंगे। वांग यी का यह दौरा 22-23 जून को होगा। एमएएफए ने एक्स पर कहा कि भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के निमंत्रण पर, सीपीसी केंद्रीय समिति के पॉलिटिकल ब्यूरो के सदस्य और विदेश मामलों के लिए केंद्रीय आयोग के कार्यालय के निदेशक वांग यी, 22 से 23 जून तक भारत में होने वाली ब्रिक्स राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े उच्च प्रतिनिधियों की 16वीं बैठक में शामिल होंगे।




वांग यी ने पिछले साल नई दिल्ली का दौरा किया था और अगस्त में स्पेशल रिप्रेजेंटेटिव्स (विशेष प्रतिनिधियों) की 24वीं बैठक में एनएसए के साथ बातचीत की थी। एमईए के अनुसार, दोनों पक्षों ने तब यह माना था कि 23वीं SR बातचीत के बाद से भारत-चीन सीमावर्ती इलाकों में शांति और स्थिरता बनी हुई है। उन्होंने भारत-चीन द्विपक्षीय संबंधों के समग्र विकास को बढ़ावा देने के लिए सीमावर्ती इलाकों में शांति और स्थिरता बनाए रखने के महत्व को दोहराया। यह दौरा नई दिल्ली और बीजिंग के बीच संबंधों में सुधार की प्रक्रिया का हिस्सा है। यह सुधार पिछले साल तियानजिन में एससीओ समिट जैसे अहम अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच हुई मुलाकातों के बाद आया है। इन मुलाकातों में दोनों नेताओं ने अक्टूबर 2024 में कज़ान में हुई पिछली मुलाकात के बाद से द्विपक्षीय संबंधों में आई सकारात्मक गति और लगातार हो रही प्रगति का स्वागत किया था।

## मॉस्को तेल रिफाइनरी पर यूक्रेन का ड्रोन हमला, जेलेंस्की का करार जवाबी हमला

**एजेंसी । नई दिल्ली**

मॉस्को में एक ऑयल रिफ़ाइनरी को यूक्रेन द्वारा इस हफ़्ते दूसरी बार निशाना बनाए जाने के बाद वहाँ से काला धुआँ और आग की लपटें उठने लगीं। सोशल मीडिया पर हमले के वीडियो वायरल होने के बाद, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर ज़ेलेंस्की ने कहा कि यह हमला कीव पर हाल ही में रूस द्वारा किए गए हमलों का उचित जवाब था। ज़ेलेंस्की ने एक्स पर कहा कि यह हमारे शहरों और समुदायों पर रूस के हमलों का पूरी तरह से उचित जवाब है और



रूस की युद्ध मशीन को चलाने वाली सुविधाओं के खिलाफ हमारे योद्धाओं की कार्रवाई का एक और अहम नतीजा है। मॉस्को ऑयल रिफाइनरी पर हुआ हमला रूस की युद्ध क्षमता और अर्थव्यवस्था के लिए एक बड़ा झटका है। क्रेमलिन से सिर्फ़ 15 किलोमीटर दूर स्थित यह रिफाइनरी रूसी राजधानी के ईंधन इंफ्रास्ट्रक्चर का एक अहम हिस्सा है। यह मॉस्को मेट्रोपॉलिटन इलाके की पेट्रोल की ज़रूरतों का लगभग 40% और डीज़ल का 50% हिस्सा सप्लाई करती है, साथ ही सैन्य इस्तेमाल के लिए एविएशन फ्यूल भी देती है। 16 जून 2026 को यूक्रेनी ड्रोनों ने कपोटन्या में मॉस्को ऑयल रिफाइनरी पर हमला किया।

## 5 लाख रुपए दहेज के लिए विवाहिता की पीट-पीटकर हत्या

**नवादा ।** नवादा में 24 वर्षीय विवाहिता का शव उसके ससुराल



से बरामद किया गया है। घटना अकबरपुर प्रखंड के नेमदारगंज थाना क्षेत्र स्थित तेयार गांव की है। मृतक की पहचान राखी कुमारी के रूप में हुई है। परिजन ने ससुराल वालों पर दहेज के लिए पीट-पीटकर हत्या करने और फिर शव को फांसी पर लटकाने का आरोप लगाया है। राखी के एक बेटी और एक बेटा भी है। शादी के बाद से ही ससुराल वाले उसे दहेज के लिए लगातार प्रताड़ित कर रहे थे।

## ब्रह्मोस सौदे पर बातचीत : ब्रह्मोस खरीदने में रूस की दिलचस्पी, उत्पादन बढ़ाने पर चर्चा जारी

**एजेंसी । नई दिल्ली**

ब्रह्मोस एयरोस्पेस के प्रमुख जयतीर्थ जोशी ने गुरुवार को कहा कि रूस ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज़ मिसाइल को शामिल करने का इच्छुक है और भविष्य की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए इसके उत्पादन को बढ़ाने पर बातचीत चल रही है। सोलर इंडस्ट्रीज़ इंडिया लिमिटेड द्वारा बनाए गए 100वें स्वदेशी बूस्टर को हरी झंडी दिखाए जाने के बाद नागपुर में जोशी ने कहा कि मॉस्को ने इस मिसाइल में दिलचस्पी दिखाई है, जबकि ब्रह्मोस प्रोग्राम से जुड़े उसके पहले से ही औद्योगिक साझेदार मौजूद हैं। इस सवाल पर कि क्या रूस अपनी सेना में ब्रह्मोस को शामिल कर सकता है, जोशी ने कहा कि बातचीत चल रही है। उन्होंने यही कहा है... मेरे जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर ने बताया है कि रूस की सरकार इसे लेने में दिलचस्पी रखती है, लेकिन उनके




अपने पहले से तय इंडस्ट्री पार्टनर हैं। हालांकि, वे मौजूदा हालात के हिसाब से ज़रूरत बढ़ाना चाहते हैं। हालात ऐसे हैं कि वे इसे ले सकते हैं। हम उनसे बातचीत कर रहे हैं। जब उनसे पूछा गया कि क्या रूस के लिए भविष्य में भारत से मिसाइलें सप्लाई की जाएंगी, तो जोशी ने संकेत दिया कि भारतीय इंडस्ट्री रूस की मौजूदा प्रोडक्शन क्षमता को बढ़ाने में भूमिका निभा सकती है।

उनके पास सुविधा है, लेकिन हो सकता है कि वह सुविधा काफी न हो--उसे बढ़ाने के लिए... हम मिलकर काम करेंगे, हम काम करेंगे और इसे भारत से सप्लाई करेंगे। ये बातें ऐसे समय में कही गई हैं जब ब्रह्मोस को एक्सपोर्ट में सफलता और ऑपरेशनल तैनाती के बाद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ज़्यादा ध्यान मिल रहा है। इस मिसाइल को भारत के डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑर्गनाइज़ेशन और रूस के एनपीओ मशीनोस्ट्रोयेनिया ने मिलकर बनाया है। जोशी ने कहा कि 'सबसे तेज़ सुपरसोनिक मिसाइल' की पहचान 25 सालों के डेवलपमेंट, टेस्टिंग और ऑपरेशनल तैनाती के दौरान बनी है, जिससे संभावित खरीदारों का भरोसा बढ़ा है।

मिसाइल के पहले कॉम्बैट वैलिडेशन (युद्ध में सफल परीक्षण) का ज़िक्र करते हुए, जोशी ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान इसके ऑपरेशनल इस्तेमाल का हवाला दिया। उन्होंने कहा, हमने यह कर दिखाया है... आम तौर पर, हम ज़मीन पर टेस्ट करते हैं और जहाज़ वगैरह से सिम्युलेटेड टेस्ट किया जाता है। लेकिन 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान लाइव टेस्ट किया गया, और यह एक ऐसी कामयाबी थी जिसके बारे में पूरा देश और दुनिया जानती है। और यह लोगों के लिए एक बहुत बड़ी उपलब्धि है।

